Nagari-pracharini Granthmala Series No. 4-7.

THE PRITHVÍRÁJ RÂSO

OF

CHAND BARDÂI

EDITED

BY

Mohanlal Visnulal Pandia, Radha Krisna Das

AND

Syam Sundar Das, B. A.

Hindustani Academy
Regt. No. .....
Date. .....
FILE No. .....

CANTOS XXIV and XXV.



महाकवि चंद बरदाई

कृत

पृथ्वीराजरासो

जिसको

मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, राधाकृष्णदास

और

श्यामसुन्दरदास बी. ए.

ने

सम्पादित किया।

36

पर्व्व २४ और २५

PRINTED AT THE TARA PRINTING WORKS, AND PUBLISHED BY THE NAGARI-PRACHARINI SABHA, BENARES.

1906.

मूल्य १)] Issued 31st. October 1906. [*Price Re. 1.*

सूचीपत्र ।

—:o:—

(२४)	धनकथा	पृष्ठ ७०५ से ७५८ तक
(२५)	शशिवृता वर्णन (अपूर्ण)	„ ७५९ „ ८३२ „

—:o:—

विशेष सूचना ।

इस ग्रंथ का सारांश गद्य में लिखा जा रहा है, वह आगामी संख्या से इस ग्रन्थ के साथ में छापकर प्रकाशित किया जायगा ।

कवित्त ॥ चढ़त भांन मध्यांन । बीर गष्षर उग्गरि घर ॥
सुमरि सेन सामंत । ओट तत्तार षान भर ॥
बज्ज घात आरिष्ट । बीरता रिष्ट गरिष्टिय ॥
लुथ्थि लुथ्थि आहुट्टि । लुथ्थि लुथ्थन पर जुट्टिय ॥
धारंग कुट्टि अन कुट्टिहै । डंक बज्जि वज्जी विपल ॥
हरुवंत देखि उभ्भै हसब । उघरि सिंभ दिष्षै सुपल ॥ छंद ॥ १५० ॥

बड़े बड़े बीरों का मारा जाना ।

पल उघघरि दिषि सिंभु । ब्रह्म दिष्षौ ब्रह्मासन ॥
प्रकृति पुरुष दिष्षीन । प्रकृति दिष्षौ गुरु षासन ॥
थान थान जम पुक्किक । रंभ पुच्छै पक्क गृच्छ फिरि ॥
भौ अचंभ कविचंद । लोक मंगै सु लोग सुरि ॥
लभ्भी जु मुगति षग मग्ग करि । जोग मग्ग जिन मुक्कयौ ॥
सामंत सूर मिलि सूर ग्रच्छ । फिरि न तिनन तन चुक्कयौ ॥ छं० ॥ १५१ ॥

गष्षर ख़ां और तातार ख़ां दोनों का मारा जाना ।

दूहा ॥ उभय सहस गष्षर परिग । थल बिंध्यो सुरतान ॥
समरसिंघ रावर सिमुख । परिग बीर[1] बिय षांन ॥ छं० ॥ १५२ ॥

याकूब ख़ां का घोर युद्ध वर्णन ।

छंद भुजंगी ॥ पस्यौ षांन आयूब मुष्षं समाहं । बजे टोप टंकार के तार साहं ॥
कटै कंध कामंध नंचे विभंगं । मनों अग्गि लग्गी समीपं न दंगं ॥ छं० ॥ १५३ ॥
करै बीर भंगं सुभट्टं करं कं । मनो उच्छुरै मीन जल मभ्भ पंकं ॥
करे दोह दोही समं चिच कोटं । परे बीर बीरं सुरत्तान जोटं ॥ छं० ॥ १५४ ॥
मथी सेन दूनं भई थोर थोरी । मनों वारिजं पंति दंती झकोरी ॥
बजै घाइ अघ्घाइ निघ्घाइ घट्टं । पढ़ै वेद विप्रा वकै ज्वान भट्टं ॥ छं० ॥ १५५ ॥
परै ढाल मालं विराजै कला की । मनों भीति गौषं भिदै नीर जाकी ॥
जिनैं नीर मुष्षं षगं नीर झल्लै । मनों माधवं मास वे वंक फुल्लै ॥ छं० ॥ १५६ ॥
किरव्वान कुंतं झरै वैसु कक्की । मनों बीज लट्टी कुलट्टा मनक्की ॥ छं० ॥ १५७ ॥

(१) मो०—वीय ।

जब आधी घड़ी दिन रह गया तो निसरत ख़ां और तातार ख़ां ने सेना का भार अपने ऊपर लिया।

दूहा ॥ रहिग जांम तन अद्ध घटि। टरिन बीर जुध वार ॥
षां निसुरत्ति तत्तार षां। लयौ सैन सिर भार ॥ छं० ॥ १५८ ॥

घोर युद्ध होना, पृथ्वीराज का स्वयं तलवार लेकर टूट पड़ना।

छंद भमरावली ॥ जयं जय सद्द सु सद्दिय सूर। जु अच्छरि पुक्क उछारत दूर ॥
हद्दा हुहु गंध सुगंध्रव गांन[1]। षच्यौ घरि एक उभै रथ भांन ॥ छं० ॥ १५९ ॥
भवं[2] रुंड मुंडय सुगुंथय माल। भमीय उपावहि ढुंढहि लाल ॥
जु षिझै चहुवांन कृपान कसी। सुमनो दुति दोझर सी निकसी ॥ छं० ॥ १६० ॥
तुटि पट्टन गौ उपमाहि लह्यौ। सुपस्यौ जनु मेर सुरंग कह्यौ ॥
नव जंपि नवै रस बीर नच्यौ। भमरावलि छंद सु चंद रच्यौ ॥ छं० ॥ १६१ ॥
नव नंचिय रुंडति मुंड हस्यौ। तिन ठौर विभच्छ भयानक सौ ॥
परि लुथ्थिअ लुथ्थि तहां सरसं। सुभयौ रस शंकर रुद्र रसं[3] ॥ छं० ॥ १६२ ॥
रुधि सों गज राजति दांन झरै। कवि चंद तहां उपमां उचरै ॥
छबि भो घन स्यांम रुरत्त परी। मनों बिंब बलै नदिद्दै उतरी ॥ छं० ॥ १६३ ॥
उपमा दुसरी रंग देषि कहै। जमुना जल में सरसत्ति बहै ॥
घन अच्छरि अच्छ कटाच्छ करै। रस भेद शृंगार पनाह हरै ॥ छं० ॥ १६४ ॥
तिन जारन गाड़न को न बचै। रनसं[4] रस तीय सु सत्य नचै ॥
धरकै धर काइर चित्त वियं। करुना रस केलि कुलान कियं ॥ छं० ॥ १६५ ॥
बर बीरन जुद्ध इतौ सँपज्यौ। तिहि ठौर भयानक सौ उपज्यौ ॥ छं० ॥ १६६ ॥

रावल की वीरता का वर्णन।

दूहा ॥ अति प्राक्रम रावर सुभर। कूरंभ नरसिंघ जग्गि ॥
रघुवंसी अति क्रम्म गुर। कथ्थ करन कलि लग्गि ॥ छं० ॥ १६७ ॥

शाह का प्रबल पराक्रम करना। हिन्दू सेना का घबड़ाना।

गाहा ॥ जब मचि रीठ अपारं। किय अति क्रम्म जवनयं साहं ॥

(१) मो०—जांन। (२) मो०—भवो।
(३) मो०—हसं। (४) को०—कृ०—संसर।

भर हर हिंदुअ भग्गं । कर धरि षग्ग धाय कूरंभं ॥ छं० ॥ १६८ ॥

रावल का क्रोध कर स्वयं सिंह के समान टूट पड़ना ।

कवित्त ॥ जबहि सेन चतुरंग । साहि अरि जंग आइ जुरि ॥
तबहि राज रघुवंस । झुकित बर षग्ग अप्प गहि ॥
हनिय मत्त गजराज । सिंघ कर मथ्थ सिघ्र[1] बहि ॥
मनो बसत रंगरेज । मह फुट्यौ सुरंग ढहि ॥
दौरे मसंद किलकार करि । धुअ समांन साहस धरै ॥
बज्जे बहून असिवर सबर । सुकवि चंद कीरति करै ॥ छं० ॥ १६९ ॥

दोनों सेनाओं का लथ्थ पथ्थ होकर घोर युद्ध करना ।

छं० विराज। जुरे हिंदु मीरं बहे षग्ग तीरं। मुषें मार मारं बहै सूर सारं ॥ छं० ॥ १७० ॥
भिरै दूअ भारं तुटै* षग्ग तारं। अकथ्थं करारं कहे देव पारं ॥ छं० ॥ १७१ ॥
जुटै पंच षानं करक्कै कमानं। रघूवंस रायं धरै षग्ग धायं ॥ छं० ॥ १७२ ॥
नरं सिंघ रूपं जुरै नेक जूपं। महंमद षानं रघूवंस रानं ॥ छं० ॥ १७३ ॥
हयौ सेल मीरं पस्यौ मध्य वीरं। कही फौज साहं बहै कक्कवा हं ॥छं०॥१७४ ॥
दुअं तीन षानं हयं तीहि यानं। बहै षग्ग झट्टं सुदा हिंम घट्टं ॥ छं०॥१७५॥
बहै धार धारं करै मार मारं। हलो हल्ल मीरं नयौ नाग पीरं ॥ छं० ॥ १७६ ॥
सिरै तुट्टि तारं मिले षांन सारं। अनुज्जं अपारं ..... ॥ छं० ॥ १७७ ॥
ढहावंत घायं मनो वृष्ष वायं। गए सूर भेदं बरी अच्छ मेदं ॥ छं० ॥ १७८ ॥
दुअं फौज राजं जु साहाब गाजं। रहै दोस सामं करै सामि कामं ॥छं०॥ १७९॥
करै देव साषी सबै कित्ति भाषी। .....॥ छं० ॥ १८० ॥

रावल के क्रोध कर लड़ने का वर्णन ।

कवित्त ॥ ह्वै तत्तो रघुवंस। भीर भंजन चहुआँनिय ॥
भयौ दुलह तिन बेर। बरन बरनीं सुरतानिय ॥
बीर मंच उचार। लोह अक्कित उक्कारै ॥
मिलि अक्करि करि गांन। लोन गिद्धनि उत्तारै ॥
पुज्जंत[2] कलस धपि धवल सिर। कलह केलि भावरि फिरहि ॥
मंडप्प षेत मांनिनि मुगल। सस्त्र कटाक्ष सु झुकि करहि ॥ छं० ॥ १८१ ॥

१ मो०—सिंघ । * यह पंक्ति मो०—प्रति में नहीं है । (२) मो०—पूजंत ।

युद्ध की शोभा का वर्णन।

छंद चोटक॥ दोउ दीन सु दुंदुभि लोह भिले[1]। अँग अंग करक्कत[2] जंग षिले॥
सहनाइ नफेरिय नेंक बजं। सु मनों घट भद्दव मास गजं॥ छं०॥ १८२॥
घन टोप सु रंगिय तेज षुले। जनु पंतिय बग्ग हनेक्क मिले॥
घन पाइक पंति झनंकत यों। मनों मोर कला करि नाचत यों॥छं०॥ १८३॥
धुँ धुरी दिस दिस्स* सबंग दिसा। दिशि पीत सु पत्तिय अद्ध निसा॥
गज बंधि सनैन चमंकति यौं। सुमनो लगि ऊक परव्वत ज्यौं॥छं०॥१८४॥
क्रिरवान कढंत कला दुसरी। सुमनों झर चौरिय सी पसरी॥
कटिकंध[3] कमंधन कुद्दि जुरी। मनों बीज कला कुय कूटि परी॥ छं०॥ १८५॥
असवार सु पष्पर कढ्ढि तबै। सुमनों घर बंटत[4] बंधव द्वै॥
करि फुद्दि बगत्तर रत्त रयो। मनु जावक मैं जल बंटत ज्यौ॥ छं०॥ १८६॥
भभकंत भसुंडन रुंड परी। बढि पावक ज्वाल मनों निकरी॥
दुहु बीच भसुंडन देव लसै। मनों बाल गनेस चि पूजि हंसै॥ छं०॥ १८७॥
सिर फूटत भेजिय उड्डि चली। सु मनों दधि मट्ट उपद्दि हली॥
तरफै घन घंटन घद्द सुधं। सु फिरै जल सुक्कय मीन उधं॥ छं०॥ १८८॥
गज उप्पर ढाल गिरै बर तैं। सु गिरें गिरि केलि मनों जरतें॥
गिरि केलि कमंधन चंत षरे। मनों भेष पिसाचन सांच करे॥ छं०॥ १८९॥
† बढ़ि बढ्ढि घनं घट सीस जरै। जनु बद्दल बद्दल बीज अरै॥
जु सनाद्दन घाइ सुभै तन में। झर द्दोरिका सी प्रगटी घन में॥ छं०॥ १९०॥
चवसट्ठियों तारिय द्दै किलकी। सु नचै जनु गोपिय पेम छकी॥
घन घाव सु बिद्दल[5] यों घुरकैं। मनों बोलि कबूतर द्दै सुरकैं॥ छं०॥ १९१॥
दुतियं उपमा कविता सुर कै। मनो पूर नदी हय ज्यों फुरकै॥
तरवारनि तेज परै तरसी। घन घुम्मद्दि मध्य मनों झरसी॥ छं०॥ १९२॥
तिन उप्पर पंषिय बंधिय पंति। मनो षद्द इंद्र धनंकिय पंति॥
पिलवान द्दलै करि पील गिरै। कलसा मनो देवल के विद्दरै॥ छं०॥१९३॥

---

१ मो०—षिले। २ छ०—अरक्कत।
* को०—ए०—प्रति में "दिशि जीतिय नीति" पाठ है।
३ छ०—को०—ए०—बंध। ४ मो०—"बंधव बंटत"।
† ये दोनों पंक्तियां मो०—प्रति में नहीं है०। ५ ए०—बद्दिल।

घन छिंछ उपंम करै सुरषै । मनो मेघ प्रवालनि कै बरषै ॥
घन नाइ रची घन घुघ्घरियं । सु नचै मनों बालक बिल्लरियं ॥ छं० ॥ १९४ ॥
इक सूरह की उपमा बरनों । दर मध्य गरज्जत सिंघ मनों ॥
मुर तीन हजार सु लोह मिलें । तिन में दस तीन कमंध षिलें ॥ छं० ॥ १९५ ॥
दस रावर हैं बर षेत चढ्यौ । टुक की टुकरा नव टूक बढ्यौ ॥
दोइ दीन रहै इतनै उनमान । मनों तारक प्रात [1] विचंद समान ॥ छं० ॥ १९६ ॥

रावल का शत्रु सेना को इतना काटकर गिराना कि सुलतान और उसके सेनानियों का घबड़ा जाना ।

कवित्त ॥ दसहै बर कटि समर । छोरि गज गाह हथ्थ लिय ॥
छिंछ ओन सब अंग । पुहप जनु वृष्टि देव किय ॥
किल किंचित रस भर्यौ । लुथ्थि पर लुथ्थि अहुहिय ॥
सीस चक्कि धर जुहि । कुहि अरियन फिर जुहिय ॥
विडुस्यौ देषि सुरतांन मन । सेन सब्ब मन विडुस्यौ ॥
अटि हार कोइ पुज्जै नहीं । बल अभूत आतम कस्यौ ॥ छं० ॥ १९७ ॥

पृथ्वीराज का अपनी कमान संभाल कर शत्रुओं का नाश करना ।

कवित्त ॥ तब पृथिराज नरिंद । साह सम्हौ गज साहिय ॥
पंच वान कम्मान । साहि गोरी झुकि बाहिय ॥
सरकि सेन सब धरकि । पछ्छ जंगल भए ठट्ठै ॥
पथ्थ जेम भारथ्थ । कृष्ण सारथ सम[2] गट्ठै ॥
बर करकि करकि कंमान कर । पंष तेज कुथ्यौ सबल ॥
नट डोरि जानि पहह चढ्यौ । रुधिर कोरि मंडी तिलक[3] ॥ छं० ॥ १९८ ॥

सुलतान का अपनी सेना को ललकारना कि प्राण के लोभ से जिसको भागना हो सो भाग जाओ मैं तो यहीं प्राण दूंगा ।

कुंडलिया ॥ तब जंपै सुरतान अप । जीवत जाइ सु जाउ ॥

१ ए०—को०—प्रान ।
(२) ए०—मन । (३) मो०—तलक ।

हूं जीवत रन रुक्किहों । मो मति इहै सुभाउ ॥
मो मति इहै सुभाउ । ताहि निरषत बल एही ॥
कर तारी घन छांह । तूल अग्गै जिम देही ॥
बीज छटा जिम प्रांन । नई काया मिल ढंपै ॥
ग्रह लोभी ग्रह जाउ । साहि आलम इम जंपै ॥ छं० ॥ १९९ ॥

सब लोगों का सुलतान की बात सुन बड़ाई करना ।

कवित्त ॥ सुबर बीर गजनेस । अंग चौरंग बात सुनि ॥
राज रंक षिल्लै विचार । नर नाग देव मुनि ॥
तुम गज्जन वै साह । दाव दिज्जै नहिं दुज्जन ॥
जस अपजस भै मरन । जद्दु बंधै सज्जन इन ॥
दिसि अदिसि और दुष सुष्ष गति । ए सरीर लग्गा रहै ॥
उच नीच चंपत चक्र गति । पति विपत्ति जिय सब सहै ॥ छं० ॥ २०० ॥

दूहा ॥ का काया मायातिका । का ग्रहनी ग्रह कोन ॥
अप्पन अंषिय मिहचतें । जो देषियै सुलोन ॥ छं० ॥ २०१ ॥

सुलतान का तातार ख़ां से कहना कि संसार में सब स्वार्थी हैं मरने पर कोई किसी के काम नहीं आते ।

कवित्त ॥ सुनहि षांन तत्तार । अप्प स्वारथ सब लग्गे ॥
पसु पंषी बर जिते । तत्त सोइ तत मग्गे ॥
चियं बंध सेवक सुमंत । तन पें तन चाहै ॥
सुर नर गनधर और । जग्य जापह अवगाहै ॥
आचेत अवर परवसि परे । भूयन बिन मरदंग कह ॥
जम हथ्थ जीव पंजर परै । पंच सलाकह तुक्क सह ॥ छं० ॥ २०२ ॥

दूहा ॥ जमर काल सो व्याल भ्रम । पंजर तुट्टत तेम ॥
षां ततार अरदास सुनि । मो आलम मति एम ॥ छं० ॥ २०३ ॥

शाह का कहना कि सच्चा सेवक, मित्र, स्त्री वही है जो स्वामी के गाढ़े समय मुंह न मोड़ै ।

कवित्त ॥ सो सेवक सुनि स्वामि । स्वामि संकटै छडावै ॥

*सो सु मिच अप्पनौ । चित्त मित्तें न दुरावै ॥
*सो बंधव अप्पनौ । दुसा अवदुसा न कथ्थै ॥
सोइ चिया अप्पनी । आस मुक्कै अंसु सथ्थै ॥
मति सोइ जोइ पग उप्पजै । तत्त सोइ तत्तह मिलै ॥
हम परत भिरत सुरतान सुनि । गज्जन वै गज्जन चलै ॥ छं० ॥ २०४ ॥

सुलतान की सेना का फिर तमक कर लौट पड़ना और लड़ाई करना ।

कवित्त ॥ तमकि तेज गोरी । नरिंद चित डोलै बल[1] साह्यौ ॥
अधम भृत्त बिन अब्ब । पुट्ठि गोरी न समाह्यौ ॥
सुबर बीर सुरतान । सेन चहुआँन ढँढोरिय ॥
पगी जांनि पारथ्थ । जेम दरियाव हिलोरिय ॥
पक्कछिल्लो बलन सुरतान दिषि । सिंघ लोक अविलरकयौ ॥
भुरि गयो सेन सुरतान कौ । छच सीस तब नंषयौ ॥ छं० ॥ २०५ ॥

पांच ख़ाँ और पांच ख़वासों का घोर युद्ध मचाना ।

कवित्त ॥ पंच षान सुरतान । पंच षावास सु चढ्ढिय ॥
पाखवान सुरतान । पास बाजू दोइ ठढ्ढिय ॥
रन रुंध्यौ सुरतान । सेन चहुआन ढँढोरिय ॥
मनु पलव्यौ नट भेस । बीर करुना रस सज्जिय ॥
भर भीर तीर कुट्टिय दिषिय । तब सु ओट[2] आलम गढ्ढिय ॥
तत्तार षांन षुरसान षां । मंत मंडि सब दिषि कढ्ढिय ॥ छं० ॥ २०६ ॥
कवित्त ॥ जब सुषान षावास । भरर लग्गिय भय तप्पन ॥
बढ्ढिय सार मुष मार । छंडि गोरिय बल अप्पन ॥
लाल डंड सिर छच । देषि सुरतान साहि पर ॥
तब दौरै भर सुभर । चलै चल चल्ल धराधर ॥
बिचलिय सुफौज सुरतान लषि । तब कुट्टिय धर धीर सचि ॥
षानह सुपंच षावास भिरि । सिर पर आवध रीठ मचि ॥ छं० ॥ २०७ ॥

(१) मो०—मीचतें ।
(२) ए०—छ०—ओल ।

कवित्त ॥ इत सुप्रान षावास। उतह सामंत सिंघ भर ॥
रिस रिन मत्ती रीठ। तुट्टि ताइय मसंद घर ॥
गह गहंत उच्चार। कही राजेंद्र राज गुर ॥
तबह षांन रिस ग्रब्ब। हथ्थ बाहंत हंस धर ॥
जै जै सुसह जुग्गिनि करहि। कर षप्पर उनमंत मत ॥
दुअ लरै दीन वल स्वांम कें। घुरत चंब चंबान घत ॥ छं० ॥ २०८ ॥

युद्ध का वर्णन।

छंद रसावला ॥ हिंदु मेक्कंभरी। ताल वज्जै हरी ॥
घाय घायं घुरी। मत्त छक्के परी ॥ छं० ॥ २०९ ॥
साहि साहाबरी। षान झुझ्झै षरी ॥
राज रावल्लरी। कंध कंधे धरी ॥ छं० ॥ २१० ॥
सीत तुट्टे तुरी। डक्क नद्दं करी ॥
ईस सीसं जुरी। नंचि नारद्दरी ॥ छं० ॥ २११ ॥
थेइ थेई धरी। गिद्ध सिद्धं करी ॥
जस्स जंगल्लरीं। षांन षावासरी ॥ छं० ॥ २१२ ॥
जंग जुद्धें भरी। भीर राजं परी ॥
मार मारुच्चरी। हिंदु सामंतरी ॥ छं० ॥ २१३ ॥
हल्ल हल्लं धरी। मन्न दूहं[1] मुरी ॥
फौज पिक्कीं फिरी। राज राजंगरी ॥ छं० ॥ २१४ ॥
धीर कुट्टै धरी। वोलि रावल्लरी ॥
हनौ मीरन्नरी। अश्व छंडे परी ॥ छं० ॥ २१५ ॥
हाय हायं सुरी। बढ्ढियं बंबरी ॥
काल दिट्ठं सुरी। मद्द घट्टं करी ॥ छं० ॥ २१६ ॥
दिष्षि राजंतरी। छंडि हंसं हरी ॥
कंक बंकं करी। मीरषांनू नरी ॥ छं० ॥ २१७ ॥
ढाल षांनं ढरी। अप्प हेरैं अरी ॥
कढ्ढि कीरं मरी। बाहि दूषां नरी ॥ छं ॥ २१८ ॥

सेस विच्छेदरी । रंभ थंभं ढरी ॥
देषि दाहिम्मरी । पीप सा निडुरी ॥ छं० ॥ २१९ ॥
अल्ह सारौ सरी । दूर राजं बरी ॥
देषि लोहं जरी । षग्ग षग्गं भरी ॥ छं० ॥ २२० ॥
जुद्ध भूतं करी । काम सामंतरी ॥
भीर पक्क्की परी । चढ्ढि हंसे सुरी ॥ छं० ॥ २२१ ॥
भाल भल्लै सुरी । राज कित्तं करी ॥
अठ्ठ षानं गिरी । दूअ रावल्लरी ॥ छं० ॥ २२२ ॥
और सब्बं सरी । षांन ढाहे धरी ॥
कित्ति चंदं करी । नाम ले अन्नरी ॥ छं० ॥ २२३ ॥
दीह दस्सं बरी । सेष सेषं परी ॥
संक सुक्कं सुरी । भान थानं परी ॥ छं० ॥ २२४ ॥
भेद चल्ले सुरी । हूर सें अंबरी ॥
बिंद ढुंढै फिरी । जैत राजंगिरी ॥ छं ॥ २२५ ॥
कित्ति देवं करी । फौज चल्लै धुरी ॥
चल्ल विचल्लरी । कुस्स कुस्सं मरी ॥ छं० ॥ २२६ ॥
..... । देव नंषै षरी ॥ २२७ ॥

कन्ह का खुरासान ख़ां को मारना ।

छंद मोतीदाम ॥ पर्यौ जहाँ सेन सुरावर सार । मनों मदमत्त कँठीर गुँजार ॥
नयौ सिर नाग सुमंडिय जंग । घुरें सुर जोरय[1] चंबक संग ॥ छं० ॥ २२८ ॥
वहै करि वार सु संगिय सूर । परे पर नार असूर पनूर ॥
गही बर सिद्ध रु सूर समंत । भयौ जनु आंनि कै ईसर अंत ॥ छं० ॥ २२९ ॥
नवै दय तारिय चौसठि नारि । बरैं बर सूरय देय धमारि ॥
मिले सम कन्ह अनी षुरसान । वकै दुइ ईसह आन समान ॥ छं० ॥ २३० ॥
दुअं बर धारिय संग गुमांन । हए हिय कन्ह सुषान उरांन ॥
पर्यौ षुरसान सु बंधव नेत । बढी अति देषि प्रथी पति जेत ॥ छं० ॥ २३१ ॥

(१) मो०—जोरसु ।

खुरासान खां के गिरते हिन्दुओं की सेना का फिर तेज़ होना।

दूहा ॥ परे षेत षुरसान षां। ढहि घन घाय अचेत ॥
फिरि दल हिंदू जोर हुअ। बजि वरताई षेन ॥ छं० ॥ २३२ ॥

पृथ्वीराज का ललकारना कि सुलतान जाने न पावै इसको पकड़ो। सब सरदारों का टूट पड़ना।

छंद मोतीदाम॥ मिले बर हिंदु तुरक्क सुतार। कटक्कट वज्जिय लोह करार ॥
उडै बर षग्ग न टूक निनार। मनों कुटि सूर किरन्न प्रचार॥ छं० ॥ २३३॥
कहै[1] बर कुट्टि सुबोल उचार। जपै उर राम कहै मुष मार ॥
भिरें भर मीर सु सामंत सुद्ध[2]। कहै कवि कथ्य सु अंषिन लद्ध ॥छं०॥२३४॥
बहै स्वर[3] संग दोऊन अपार। ढहै बर मीर सुअंग अगार ॥
चंपे दल साहि जके चहुआंन। गहौ सुरतान हनौ षग पान॥ छं० ॥ २३५ ॥
फुले मनो साइप ध्रम्म सुरत्त। बढ्यौ मन सांहि गहंन सुवत्त ॥
चवै चहुआन अद्धो बर सूर। करौ सबमीर षरग्गय चूरि॥ छं० ॥ २३६ ॥
तपे गहि राज सु संग चिभंग। छुटे धर मीर सु धीरज नाग ॥
चवै मुष मार सुचावंड राइ। दलों सुरतान करों इक घाइ॥ छं० ॥ २३७॥
सुने बलिभद्रय पीप सु अल्ह। नरां सिर[4] निडुर रष्षन गल्ह ॥
चंपे चव सामंत धाइ परेस। बहै बर सेल कियौ इह भेस॥ छं० ॥ २३८ ॥
लगी बर सेल कमद्ध निमास। फुले मधु[5]माधुअ केसु पलास ॥
कटे बर षग्ग कमद्ध निसार। तुटै वर देवल अंड अधार॥ छं० ॥ २३९ ॥
हकै बर सामंत जुद्ध अनुद्ध। परे असि टेकत उट्ठि कमंध ॥
चले बर नालय रुद्धि प्रनाल। नषै वर सूर अपच्छर माल ॥ छं० ॥ २४० ॥
छुट्यौ धर धीरज मीर अभंग। बढ़ी बर जैत सु दिष्षिय जंग ॥
फटी बर फौज अनंधिय जात। अघाइय गिद्ध रु सिद्ध सुमात॥ छं० ॥ २४१॥
नचै बर नारद बीर निसान। थेई थेइ कहत वै थिरतान ॥

(१) मो०—बहै। (२) मो०—शुद्ध। (३) ए०—कृ०—को०—वर।
(४) ए०—कृ०—को०—ढहै वर। (५) मो०—मन माधव।

रिसैं[1] अति ताइ तुतार सुढांन। मिलै मुहु जोर हुए मरदान॥ छं॰ ॥२४२॥
हए हिय नेज ततार सुतंन। पस्यौ धर मुच्छि कह्यौ धनि धंनि॥
करै मुष कित्ति नषै कुसमंन। हली वर फौजय साहि सुतंन॥ छं॰॥ २४३॥
ढहै बर मीर सु साहिज मंन। ..... ॥ छं॰ ॥ २४४॥

घोर युद्ध होना, शाह और पृथ्वीराज का सम्मुख युद्ध।

दूहा॥ अति संकर वर जुद्ध हुअ। इत राजन उत साहि॥
दोऊ नैंन अंकुरि परे। बजि बीरा रस ताहि॥ छं॰ ॥ २४५ ॥

शहाबुद्दीन का तलवार से और पृथ्वीराज का कमान से लड़ना।

उअ रुष आइ सहाबदी। इय रुष आइय राज॥
इय कर षोले षग्ग बर। उअ कमान कर साज॥ छं॰ ॥ २४६ ॥

दोनों नरेशों का युद्ध वर्णन।

कवित्त॥ जबहि साह आलम्म। झुक्कि[2] कम्मान अप्पगहि॥
तबहि राज प्रथिराज। तेग पक्करिय अप्प रहि॥
वह बरषत वर तीर। षंचि वरषंत सार ढहि॥
इहै तेज षग झमहि। करी तुट्टे कमंध बहि॥
आलम्म राज दुअ जुद्ध हुअ। नह दिष्यो दानव रु सुर॥
बर दाय चंद इम उच्चरें। करत कित्ति गैनह अमर॥ छं॰ ॥ २४७ ॥

घोर युद्ध वर्णन। शाह की सेना का भागना।

छंद चिभंगी॥ पढ़ मंदह रतनं[3] अठुह रतनं[4] पुनि वसु हरनं रस रहनं।
चभंगी छंदं पढ़ सु चंदं गुन वहि दंदं गुन सोई।
अंतै गुर सोहै महि लय मोहै सिद्ध समोहै यह होई।
विज्जू वर षग्गं असि मर लग्गं भिरि भिरि जग्गं रजि रंघं॥ छं॰॥ २४८॥
बज्जै रिन तालं माहो मालं षग्ग सु षालं भिरि चालं।
राजा प्रथिराजं असबर भालं सहि सु साजं भिरि भाजं।

(१) मो॰-रचै। (२) मो॰-झुकित। (३) ए॰-छ॰-को॰-हरणं।
(४) ए॰-छ॰-को॰-हरणं।

किरवान रुकंतं सजि बलवंतं भिरि भय अंतं कलमंतं ।
षप्पर अधिकारी चौसठ्ठि नारी दैदै तारी किलकारी ॥ छं० ॥ २४९ ॥
उक्क ईसर नहं नचि उन महं रजि रज सहं जुरि जंगं ।
अदभुत रस अंगं षग्ग उनंगं सार सुभंगं परि रंगं ॥
सामंतं सूरं चढ़ि बिन्नूरं बजि रन तूरं असि चूरं ।
तुट्टै धर मीरं साह गुहीरं गजि गंभीरं भिरि बीरं ॥ छं० ॥ २५० ॥
नचि मीर कमंधं हसै तसिद्धं भिरि भिरि जुद्धं षग षद्धं ।
नंषै हय हंसं तेज तरंसं सहित सरंसं करिगंसं ॥
बुल्लिय सुबिहानं हिंदुअ रानं कढ्ढि कृपानं गहि पानं ॥
झारे षग झट्टं विज्जल कुट्टं वाहि बिकट्टं नचि नट्टं ॥ छं० ॥ २५१ ॥
हनि हनि सामंतं जानि जुगंतं भिरि भर झंतं अरि अंतं ।
चच्चर चहुआनं गह गह बानं साहि सुतानं बलपानं ॥
छंडे सिर छच्चं साहि सु तंचं गोधीरच्चं मनमंतं ॥
बहरी तजि बाजं रुहि गजराजं लरि षग साजं कह काजं ॥ छं० ॥ २५२ ॥
तत्ते षरि राजं साहि सु साजं जै जुग काजं रस साजं ॥
आलम अरु राजं दुअ दे हाजं[1] हनि हनि वाजं भिर वाजं ॥
दिषत्री तहां राजं तजि गज राजं हैंवर साजं गुर गाजं ॥
गहि कर कंम्मानं तीर सुतानं लगि असमानं बहि वानं ॥ छं० ॥ २५३ ॥
चिस झल्लर टोपं राजन धोपं असि वर जोपं वहु कोपं ॥
है हनि सु बिहानं कर अप्पानं ग्रहि सुरतानं बलवानं ॥
उड़ि दिसि दिसि भाजं मीर अकाजं पष्षि सहाजं गहि बाजं ॥
भग्गी बर फौजं साहि सु जौजं मन करि मौजं धरि धौजं ॥ छं० ॥ २५४ ॥

शाह की सेना का भागना और शाह का पकड़ा जाना ।

दूहा ॥ भगी अनी षुरसान षां । कुद्दि मीर धर भ्रंम ॥
गह्या साह आलंम कर । विचलि सुभर तजि अंम ॥ छं० ॥ २५५ ॥

सुलतान की सेना के भगेड़ का वर्णन ।

छंद भुजंगी ॥ कुसादे कुसादे कहैं षानजादे ।

(१) मो०—राजं ।

ग्रह्यौ हथ्थ गोरी अबें साहि बादे ॥
लग्यौ चिच कोटी सुरत्तांन साह्यौ ।
वजे वे निसानं सजित्यौ सराह्या ॥ छं० ॥ २५६ ॥
गयौ भग्गि कूरंभ मरहठ्ठ वाली ।
गयौ सत्त मुक्के नृपं वे पँचाली ॥
सबें सेत बंधी रहे सेत मुक्कै ।
गयौ हब्बसी रोमसा ध्रंम चुक्के ॥ छं० ॥ २५७ ॥
बरा रीत गौरं भगे रुंड मुडं ।
पस्यो मभ्भ सामंत गोवाल कुंडं ॥
भग्यौ कंनरी हस्त बे हस्त बानं ।
भग्यौ बेदरी बल कदी छंडि पानं ॥ छं० ॥ २५८ ॥
बदं वे कुसादी पस्यौ कासमीरं ।
मुलत्तान षट्टू कुस्यौ हथ्थ तीरं ॥
भग्यौ प्रब्बती एलची झारषंडी ।
जिनै भुज्ज गोरी ग्रहं लाज मंडी ॥ छं० ॥ २५९ ॥
भग्यौ वै बंगाली करंनाट वाली ।
भग्यो भागि सांद्रोह कूरंभ वाली ॥
पस्यौ झूझि सा वद्दरी वद्द तीनौ ।
जिने ठेलि चहुआन सब सद्द दीनौ ॥ छं० ॥ २६० ॥
बयं विंदु वाली भग्यौ सथ्थ सब्बं ।
जिने लोहची लग्गि अंची[1] न कब्बं ॥
मयं मेछ बड्डे मयं मक्क राया ।
जितें भागतें बार लागी न काया ॥ छं० ॥ २६१ ॥
भग्यौ ब्रह्म जा पुच अची कुचीरं ।
जिनें भग्ग तें भग्गि सुरतान धीरं ॥
भग्यौ गज्ज पीरा उसा वृत्त नाथं ।
भग्यौ अग्गिवानं सु मानं सु साथं ॥ छं० ॥ २६२ ॥

(१) मो०—अंचन ।

पस्यौ षांन आबूब संसार साषी।
जिने दीन बंदेन की लाज राषी ॥ छं० ॥ २६३ ॥

रविवार चतुर्दशी को समरसिंह का यह युद्ध जीतना और धन निकालने को चलना।

कवित्त ॥ गहि लीनौ सुरतान। समर लिन्नौ जसुभारी ॥
चामर छच रषत्त। बषत लुट्टे रन रारी[1] ॥
चिच कोट चव रंग। साहि दिन्नौ चहुआनं ॥
चतुर दसी रवि बार। वीर बज्जे परवानं ॥
बुल्लयौ बीर कैमास तब। धन कढ्ढन चल्लो समुह ॥
आरब्ब राव भीरा सुबर। चंपि जु रष्षौ गंज उह[2] ॥ छं० ॥ २६४ ॥

पृथ्वीराज के सुलतान को पकड़ने पर जय जयकार होना।

दूहा ॥ परे सेन गोरी गहअ। गहि लीनौ सुरतान ॥
सोमेसर नंदन सुकर। जै लिन्नौ जय पान ॥ छं० ॥ २६५ ॥

इस विजय पर चारों ओर आनन्द ध्वनि होना।

कवित्त ॥ गह्यौ साहि आलम्म। सुजस लीनौ चहुआनं ॥
षलक षांन भग्गिय विहाल[3]। परे है गै धर थानं ॥
मीर मसंद मसंद। कटे सामंद हथ्थ भर ॥
दुअ राजन भर जुरे। सुबर लिन्नौ सु अप्पकर ॥
जै जै सबद जुग्गिनि करै। सीस गहै ईसन समथ ॥
कवि कहै चंद भारथ्थ बर। करिय राज्य प्रारंभ कथ ॥ छं० ॥ २६६ ॥

राजगुरु का कहना कि अब विजय कर के एक बेर दिल्ली चलिए फिर मुहूर्त बदलकर आइएगा।

दूहा ॥ करिय जैत राजन सु बर। चलिय लछ्छि बर साज ॥
तब विचार राजंन गुर। कही राज सिरताज ॥ छं० ॥ २६७ ॥
तब रावर बर राज गुर। कहिय राज प्रथिराज ॥

(१) मो०—नारी।
(२) मो०—वह।
(३) ए० कृ० को—विहान।

ढिल्ली दिसि ग्रह चल्लियै । फिरि सु मुहूरत साज ॥ छं० ॥ २६८ ॥

राजा का पूछना कि पीछे लौटने को क्यों कहते हो इसका कारण कहो ।

फिरि राजन इम उच्चरिय । सुनौ अहुठ नरिंद ॥
का कारन पीछै फिरै । सो कारन कहि नंद ॥ छं० ॥ २६९ ॥

उनका उत्तर देना कि इस विजय का उत्सव घर पर चलकर करना चाहिए ।

तबै सिंघ फुनि उच्चरिय । अहो समंतन राज ॥
साह गह्यौ तुअ जैत हुअ । ग्रह करि मंगल काज ॥ छं० ॥ २७० ॥

यहां राव दाहिम के साथ सेना चन्द भट्ट और सामंतों को छोड़कर शुभ काम कीजिए ।

रहै अप्प सेना सुसथ । अरु दाहिम्म सुराज ॥
भट्ट चंद सामंत सथ । करि सुभ मंगल काज[1] ॥ छं० ॥ २७१ ॥

वहां से लौट कर तब धन निकालना चाहिए ।

जतन लक्षि बर किज्जियौ । रहौ सुभर अप्पानि ॥
जब रह फिर इरजिंद इत । तब कढ्ढै लक्षि आनि[2] ॥ छं० ॥ २७२ ॥

पृथ्वीराज का दाहिम का मत मानकर दिल्ली चलना स्वीकार करना ।

गाथा ॥ कहि प्रथिराज नरिंदं । जु कछु कहै सिंघ दाहिमं ॥
सोइ थप्पिय द्रढ मंतं । चलि राजिंद ढिल्लि मग्गेयं[3] ॥ छं० ॥ २७३ ॥

फागुन सुदी तेरस को दिल्ली यात्रा करना ।

ढिल्ली मग्ग सु चलयं । फागुन सुदि चयोदसी दिवसं ॥
क्रमे सु दस दिन मग्गं । अवरं रष्षि सब्ब भार तथ्थं ॥ छं० ॥ २७४ ॥

(१) मो०—करि चल दिल्ली साज ।
(२) मो० प्रति में "जब आंऊ दिल्ली सुजै तब कढ्ढै लछियांन" ।
(३) ए० कृ० को—मग्गाइ ।

रावल के साथ दाहिम आदि सरदारों और सेना को छोड़कर और कुछ सामंतों और सेना को लेकर दिल्ली यात्रा करना।

दूहा ॥ सकल सथ्थ रावर सुभर। अरु दाहिम गुर राज ॥
भट्ट चंद बर दाइ बर। आनि समंत सकाज ॥ छं० ॥ २७५ ॥

कवित्त ॥ बड़ सामंत सु काज। अचल पुंडीर मंच गुर ॥
राम रैन पावार। चंद हाहुल्लि सेन वर ॥
रष्षि पास नृप सिंघ। रहै थह लच्छि सुभट्टं ॥
और सकल सब सथ्थ। जुद्ध जस लहन सुघट्टं ॥
ता मद्धि राज संबोधि थपि। सु गुर मंच बरदाइ थिर ॥
चढि चले राज दिल्ली दिसा। लै जट्टू पज्जून भर ॥ छं० ॥ २७६ ॥

राव पज्जून, कन्ह आदि राजा के साथ चले।

दूहा ॥ जाम देव पज्जून नर। वलि भद्र जैत अरु सिंग ॥
कन्ह काय चहुआन वर। चले राज गुर संग ॥ छं० ॥ २७७ ॥

शत्रु को जीत कर होलिका पूजन के निकट राजा चले।

अरिय जीति ग्रह दिसि चले। आइ निकट हूतास ॥
चलत पंथ राजंन नें। पूजा करनह जास ॥ छं० ॥ २७८ ॥

होलिका की पूजा विधि से करके शाह को लिए घर की ओर चले।

कवित्त ॥ निकट सुदिन हूतास। पूजि इन भंति राज नर ॥
चंदन कुमकुम अगर। नंषि श्रीफल असंष फर ॥
फिरि परदष्षिन राज। मांनि बर विप्र बेद धुर ॥
घुरै नह नीसांन। गांन नर तर्क नचैं बर ॥
ज्वालनिय माल तृप्पय नृपति। अति सुदेव नहुवेद जुत ॥
दिन बीच चले जोगिन पुरह। ग्रहिय मेक्ष संग्रहनि भति ॥ छं० ॥ २७९ ॥

कुमार का पैदल आध कोस आगे बढ़कर मिलना।

दूहा ॥ ग्रहिय साहि ग्रेहं गवन। आइ मिले सुकुमार ॥
मधुसाह अध कोस पर। छंडि तरिय पै पारि ॥ छं० ॥ २८० ॥

राजा का कुमार को सवार होने की आज्ञा देना ।

चढन राज बर हुकुम दिय । रेत सुमंतहु साज ॥
जैत हुई आनंद करि । ग्रह जित्तन सुभ काज ॥ छं० ॥ २८१ ॥

चैत बदी सप्तमी को महलों में पहुंचे ।

गाथा ॥ ग्रहन जित्त अरि ग्रहियं । चैच बदी सत्तमी दिवसं ॥
गुरुवारं सुभ जोगं । राजा संपन्न धवल मभ्झेनं ॥ छं० ॥ २८२ ॥

महल में सब स्त्रियों ने आकर निछावर किया ।

आये राज सुधामं । गए ग्रह मद्धि साल सुभ तथ्यं ॥
बोलि आइ सब वामं । निवछावरं करि गई ग्रेहं ॥ २८३ ॥

स्त्रियां अपने अपने घर गईं । राजा ने विश्राम किया और वे नाना भोग विलास कर सुखी हुए ।

गई ग्रेह ते चीयं । राजन सुख बिस्रमियं तथ्यं ॥
अति मादक उनमादं । करि सुष सेंन रमन रस क्रीडा ॥ छं ॥ २८४ ॥
दूहा ॥ क्रीड़ि बांम न्रप रंग करि । नेह संपूरन काज ॥
दीय बचन रष्यन सुजन । डोली साह सुराज ॥ छं० ॥ २८५ ॥

शहाबुद्दीन की डोली मंगाकर उसे भोजन कराया और आज्ञा दी कि इन्हें सुख से रक्खा जाय ।

डोली साह सहाब की । दोइ रकेब बर सथ्थ ॥
सो डोली कज दस असुर । करि हुकंम मर मथ्थ ॥ छं० २८६ ॥
दस आदम साहाब कज । रषि भोजन न्रप पास ॥
सुष सचाब तुम रष्यियौ । रहै राज सुभ भास[1] ॥ छं० ॥ २८७ ॥

शाह के पकड़े जाने और दिल्ली पहुंचने का समाचार पाकर उसके अनुचरों का आतुर होना ।

सुनिय बत्त गज्जन पुरह । ग्रहत साह की घत्त ॥
अनुचर आतुर अति भयौ । उर जानी अविगत्त ॥ छं० ॥ २८८ ॥

(१) ए०—कृ०—सास ।

एक बीर ने दौड़ आकर यह समाचार तातार ख़ां को दिया।

डर जांनी अविगत्त जब। भजि आयौ भट मभ्भि ॥
कहर हक्कि पानीय चढि। कहि ततार अग गुभ्भ ॥ छं० २८९ ॥

ततार ख़ां ने खत्री को तुरंत पत्र देकर दिल्ली भेजा कि आप बड़े भारी राजा हैं अब कृपा कर शाह को छोड़ दीजिए।

गाथा ॥ सुनिय ततार सु तब्बं। रहनं तुक्क दिल्लीपुर राजं ॥
षिची आतुर पठयं। बेगं साहि दंड कज्जेनं ॥ छं० ॥ २९० ॥
दूहा ॥ तुम जाहु सु चहुआन प्रति। कहु सलाम सब सथ्थ ॥
तुम सु बढे हिंदून में। छुटै साहि सुभ बत्त ॥ छं० ॥ २९१ ॥
तब ततार अरदास लिषि। प्रति पठई राजान ॥
तुम छंडौ पतिसाह कौं। तुम सुं बडे चहुआन ॥ छं० ॥ २९२ ॥

खत्री का पांच सौ सवार लेकर दिल्ली की ओर चलना।

षिची चलि चहुआन पै। करिके सबन सलाम ॥
पंच सत्त असबार लै। कोस सत्त मुक्कांम ॥ छं० ॥ २९३ ॥

खत्री शकुनों का विचार करता, बारह कोस नित्य चलता हुआ दिल्ली की ओर बढ़ा।

छंद पद्धरी ॥ धर मग्ग चल्यौ षचीस हिंदु। अति चिंत सुरतान बंद ॥
द्वादसह कोस प्रति चलै मग्ग। निज मंच इष्ट चित वन सु लग्ग ॥ छं० ॥ २९४ ॥
अपसगुन सगुन चितौ विचार। दिसि बाम सिंघ दिष्षी दहार ॥
उल्लूक सबद दिय गिरह सीस। दाहिन सुपत्त मृग मृगी ईस ॥ छं० ॥ २९५ ॥
मृतक रथी सनमुषह आइ। फुनि समुष ग्राम लग्गी स लाइ ॥
अति उअर षिचि आनंद जग्ग। आतुरह चल्यौ दिल्ली समग्ग ॥ छं० ॥ २९६ ॥

खत्री लोरक का दिल्ली के पास पहुंचना।

कवित्त ॥ तब षिची लोरक्क। चले दिल्ली पुर मग्गं ॥
पंच सत्त असवार। उर सु चिंता मन भग्गं ॥
वामी देव चवंत। तार उक्कव सिर उप्परि ॥
मृग समूह दाहिने। चल्यौ पष्ह पिंगी निक्करि ॥

बंदेव चित्त मन मत्त हुअ । चल्यौ कूच पर कूच षरि ॥
आए निकट्ट दिल्ली सु तट । मन चिंता अंदेस हरि ॥ छं० ॥ २९७ ॥

लोरक खत्री का दिल्ली के फाटक पर एक बाग में ठहरना और वहीं भोजन करना ।

गाहा ॥ मन चिंता अंदेहं । षिची आइ दिल्ली मझेनं ॥
अहनि सिरह मे क्रमियं । आयं डाक चौकि लोरष्षं ॥ छं० ॥ २९८ ॥
तहां उतरि लोरष्षं । बाग निरष्षि उत्तिमं छाहं ॥
भोजन करि बहु भंतं । आहारे अन्न तथ्याहं ॥ छं० ॥ २९९ ॥

दो घड़ी दिन रहे दिल्ली में प्रवेश किया ।

दूहा ॥ दोइ घरी दिन पक्कइ रहि । चल्यौ दिली पुर मांहि ॥
अति उज्जल वस्त्रंग वर । प्रावर षिचि उछाह ॥ छं० ॥ ३०० ॥

नगर में घुसते ही फूल की डाली लिए मालिन मिली । यह शुभ शकुन हुआ ।

नैर प्रवेस सगुन्न हुअ । मालनि फूल उछंग ॥
लिए बंदि षिची सुमन । मुक्कि महुर सुभ नंग ॥ छं० ॥ ३०१ ॥

खत्री का पृथ्वीराज की सभा में पहुंचना ।

चलि षिची दरबार मग । जहां राज प्रथिराज ॥
अवर सूर सामंत सुभ । बेठे सभा विराज ॥ छं० ॥ ३०२ ॥

ड्योढ़ी पर से समाचार भिजवाया कि तातार खां का भेजा वकील आया है । राजा ने तुरंत साम्हने लाने की आज्ञा दी । लोरक ने दर्बार में आकर सलाम किया ।

कवित्त ॥ गय षिची दरबार । द्वार पालक सम अष्षिय ॥
कूरम केहरि कहों । साहि उक्कील सुलष्षिय ॥
गय केहरि न्रप निकट । कह्यो गज्जन पुर दूतं ॥
पठयो षान ततार । साह छंडावन बत्तं ॥
न्रप बोलि कह्यौ हज्जूर तिहि । एका एकी मध्य लिय ॥
सनमुष्ष आइ चहुवांन को । सीस नाइ तसलीम किय ॥ ३०३ ॥

सभा में बैठे सामंतों का वर्णन। राजा की आज्ञा से लोरक का सलाम कर के बैठना॥

कवित्त॥ सभा विराजत राज। आइ बैठे सुब्बर भर॥
कन्ह काइ चहुवांन। जैत बलिभद्र सिंह नर॥
जांम देव पज्जून। बड़े सामंत लज्जभर॥
और सकल भर राज। बैठि तहां महुल रंग जुरि॥
आए सुतांम लोरक्क तब। मिलि सलाम राजन करिय॥
बैठन्न हुकुम राजांन किय। करि सलांम बैठो नरिय॥ छं०॥ ३०४॥

लोरक ने तीन सलाम करके तातार खां की अर्ज़ी राजा को दी।

दूहा॥ तब षिची प्रथिराज कों। करि सलांम तिय वार॥
लिषि अरदास ततारषां। समझी बीर विचार॥ छं०॥ ३०५॥

मध्धु शाह प्रधान को पत्र दिया कि पढ़ो।

मधू साह परधांन कर। दिय पची षचीस॥
किय हुकम्म बर राज नें। बंचे साह जगीस[1]॥ छं०॥ ३०६॥

तत्तार खां की अर्ज़ी में शहाबुद्दीन के छोड़े जाने की प्रार्थना।

साटक॥ स्वस्ति श्री राजंग राजन बरं धर्म्माधि धर्मं गुरं॥
इंद्रप्रस्त सु इंद्र इंद्र समयं राजं गुरं वर्तते॥
अरदासं तत्तार षांन लिषियं सुरतांन मोचं करं॥
तुम बड्डे बड्डाइ राजन सुरं राजाधिपो राजनं॥ छं०॥ ३०७॥

राजा ने अर्ज़ी सुनकर हँस दिया और खत्री को विदा किया।

दूहा॥ तब षिची अरदास किय। बंचि सुनाइब[2] राज॥
तब राजंन प्रसन्न हुअ। दई सीष यह काज॥ छं०॥ ३०८॥
उठि राजन दीने बहुरि। यह षिची गय अप्प॥
मन चिंता लग्गी घनी। राजन देषत तप्प॥ छं०॥ ३०९॥

(१) ए०--क०--को०--गुहीर। (२) मो०--क०--को०--ए०--बर।

दूसरे दिन लोरक फिर दर्बार में आया ।

बहुरि सु आए दिन अवर । मिलि राजन किय बत्त ॥
सेंमुष राजन उच्चरिय । मन सु अगोचर तत्त ॥ छं० ॥ ३१० ॥

लोरक का पृथ्वीराज की बड़ाई करके शाह को छोड़ने की प्रार्थना करना । पृथ्वीराज का पूछना कि गोरी नाम क्यों पड़ा ?

छंद पद्धरी ॥ षचीस बेंन सम अष्षि राज । चहुवांन वंस तुम हिंदुलाज ॥
चीतौर स्वांमि कै संभरेस । चालुक्क राज जिहि षग्ग षेस ॥ छं० ॥ ३११ ॥
कमधज्ज मेंगि तिहि ब्याहि अप्प । जैचंद उरहि[1] दिय अनुज नप्प[2] ॥
कइ वार साहि बंधयौ पांन । दीनो केवार जिहि जीव दांन ॥ छं० ॥ ३१२ ॥
तब लोरक सम[3] पुछै नरेस । गोरी सु नांम किहि विधि कहेस ॥
सम राज अष्षि षची तिवार । नृप राज एह अदभुत विचार ॥ छं० ॥ ३१३ ॥

लोरक का इतिहास कहना कि असुरों के राज्य पर शाह जलालुद्दीन बैठा, वह बड़ा कामी था । पांच सौ दस उसके हरम थीं पर संतान न हुआ, तब शाह निज़ाम की टहल करने लगा ।

कवित्त ॥ बैठि पाट असुरांन । साह जल्लाल प्रमानं ॥
अनँत तेज षग ताप । अनँत दातार दिवानं ॥
पंच सत्त दस हरम । साह कामी तप भारी ॥
हमल हरम निज जांनि । *हनै कर असि बर नारी ॥
सुत ताप राज डरतें गहन । कांम षैर निसि साह मन ॥
सुरतांन षैर अग्गैं धरिग । सेष निजांम सु हुअ प्रसन ॥ छं० ॥ ३१४ ॥

शेख़ निजामुद्दीन ने प्रसन्न होकर आशिर्वाद दिया कि तुम्हें

(१) को०—छ०—ए०—तुअर । (२) छ०—ए०—नाय ।
(३) मो०—समह ।
* मो०—प्रति में "हनै कर वर कर नारी" पाठ है ।

ऐसा प्रतापी बेटा होगा कि चारों ओर असुरों का राज्य फैलावेगा और हिन्दुओं को जीत दिल्ली पर तपैगा ।

प्रसंन निजांम सुसेष[1] । लेष सांई इमलेषं ॥
अहो साह जल्लाल । आलि तुझ समथ सदष्षं ॥
महा प्रबल तप तीन । दीन हिंदू दल[2] आलम ॥
धरि करिहै निज पांन । जोर जुग्गिनि पुर जालम ॥
अज्जाब नारि तिहि पाप तें । असुध कित्ति दुनियां रहै ॥
दस दिसा दप्प असुरांन दल । लिहि लिलाट तित्तौ लहै ॥ छं० ॥ ३१५ ।

शाह घर आया । चित्त में चिन्ता हुई कि जो यह लड़का ऐसा प्रतापी होगा तो मुझे मार कर राज्य लेगा । इतने ही में एक बेगम को गर्भ रहने का समाचार मिला । शाह ने सिर ठोका और उस बेगम को निकाल दिया । पांच वर्ष बीते शाह मर गया, वजीर लोग सोच में पड़े किसे गद्दी पर बैठावें । एक शेख ने गोर में रहने वाले एक सुन्दर बालक को दिखलाया ।

छंद विअष्षरी ॥ आयो निज सुरतानह गेहं । बेन निजाम उवर दुष लेहं ॥
जौं मुझ सुत ह्वैहै बल कारी । तौ मुझ मारि लेइ घर सारी ॥ छं० ॥ ३१६ ॥
तितें नारि इक ग्रभह धरयौ । दासी कांन साह अनुसरयौ ॥
ततषिन साह सीस हनि नारी । समह गरभ धर मंड[3] सुधारी ॥ छं० ॥ ३१७ ॥
बरष पंच अनि ऊपर वीतं । हुअं साह सुरतान सुअतं ॥
सबै षांन मिलि मंच विचारं । कवन सीस अब कच सुधारं ॥ छं० ॥ ३१८ ॥
सेष एक मधि गोर निवासी । तिहि अद्भुत रस दिष्षि प्रकासी ॥
अ.ष्षय आइ जहां मिलि षानं । कुदरति[4] कथा एक परमानं ॥ छं० ॥ ३१९ ॥
झूठी होइ तौ सजा लहीजै । सची हूअै निवाजस कीजै ॥
सबै षांन मिलि पूछै बत्तं । कहिवे सेष सु क्या कुदरत्तं ॥ छं० ३२० ॥

[१] मो०—प्रसनि कानि हंसेष । [२] ए०—कृ०—को०—अलि ।
[३] मो०—मंडह । [४] ए०—कृ०—को०—कुट्टररि ।

बीबी फतेसाह की घरनी । कुदरति गोर मद्धि एक धरनी ॥
गोरि मद्धि इक चेलक वासं । देष सरूप कोटि रवि भासं ॥ छं० ॥३२१॥
सबै षांन मधि गोर सिधाए । करि अंगुरी तिहि सेष दिषाए ॥ छं० ॥३२२॥

उस बालक का प्रताप सूर्य के समान चमकता दिखाई दिया ।

दूहा ॥ गोरि दिखाई षांन तिहि । ततषिन भंजी पाज ॥
निकस्यौ सूरति सरस कौ । जोति भांन महराज ॥ छं० ॥ ३२३ ॥

ज्योतिषी को बुलाकर जन्मपत्र बनवाया उसने कहा कि यह जलालुद्दीन से भी बढ़कर प्रतापी होगा । इस की जाति गोरी है । यह हिन्दुस्तान पर राज्य करेगा ।

कवित्त ॥ जोति रूप महराज । साहतें प्रगट सवायौ ॥
षांना षांन जिहान । बेगि निज्जूमि बुलायौ ॥
लिषिय जनम तिय लेष । सेष तत षिन इम अष्षौ ॥
नाम साह साहाब । जाति गोरी तिहि दष्षौ ॥
बहुतेज तषत तप जग्गि है । धरा हिंद सम लग्गि है ॥
दस दिसा साह दौही फिरै । घन बीरा रस भुग्गि है ॥ छं० ॥ ३२४ ॥

लोरक ने शाह की पूर्व कथा इस प्रकार कह सुनाई ।

दूहा ॥ जातें बहु रिन भग्गि है । फुनि तिहि गहि है पांनि ॥
पुब्ब कथा षिची कहै । सुनहु राज चहुआंन ॥ छं० ॥ ३२५ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि शाह के पास एक महा बलवान शृङ्गारहार नाम का हाथी है उसको शाह बहुत चाहता है । उसको और तीस हज़ार उत्तम घोड़े दो तो शाह छूटै ।

कवित्त ॥ तब सुराज प्रथिराज । कहै षिची सुनि बत्तं ॥
इम आलम गति कहैं । सोइ मानै करि सत्तं ॥
गज सु एक सिंघली । नाम शृंगारहार गज ॥
अति पीय साह साहाब । लषै निसि दिन आलम सुज ॥

अप्पौ सु मोहि वह डंड करि। तीस सहस हय नेक बल ॥
छुट्टै जु साहि साहाब तब। हम तुम रहै सु प्रेम भल ॥ छं० ॥ ३२६ ॥

खत्री ने कहा कि जो आप मांगेंगे वही दूंगा पर शाह छूटना चाहिए।

दूहा ॥ तब षिची इम उच्चरै। सुनौ राज प्रथुराज ॥
जो मंगो सो देउ तुम। छुटै साहि बर आज ॥ छं० ॥ ३२७ ॥

पत्र लिखकर दूत को दिया कि जो इक़रार हुआ है वह भेजो।

थप्पि वत्त इह पच लिषि। दियौ दूत के हथ्थ ॥
जो कछु कियौ करार कर। सो पठवो तुम अथ्थ ॥ छं० ॥ ३२८ ॥

पत्र पाते तातार ख़ां ने हाथी घोड़े भेज दिए जो दस दिन में रात दिन चलकर पहुंचे।

तब ततार षां मुक्कि दिय। रजत हयग्गय नंग ॥
अहि निस आतुर आइचर। उभय सु दस दिन संग ॥ छं० ॥ ३२९ ॥

दण्ड पाने पर सुलतान को छोड़ देना।

कवित्त ॥ दिय सु दंड सुरतांन। गय सु इक्कति पंचह हय ॥
अैराकी बर उंच। उभय पष्षै सु निरम्मय ॥
नाम पह्ह श्रृंगार। षह्ह रिति मह्ह पह्ह भर ॥
अलि गुंजत मकरंद। वास भज्जंत अवर डर ॥
है सहस तीस अनि साज भल। दिय सु दंड सुरतान तय ॥
मुक्यौ सु राज प्रथिराज तब। चल्यौ साह गज्जन पुरय ॥ छं० ॥ ३३० ॥

सुलतान का ग़ज़नी पहुंचकर अपने उमराओं से मिलना।

दूहा ॥ चल्यौ मेच्छ गज्जन पुरय। दै सुदंड प्रति पिथ्थ ॥
मिलिय उम्मरा अप्पने। करिय षैर सम सथ्थ ॥ छं० ॥ ३३१ ॥

शाह के महल में आने पर तातार ख़ां खुरासान ख़ां का बड़ा आनन्द मनाना।

गयौ साहि आलम महल। करी बैर बर अप्प ॥
मिलि ततार षुरसांन षां। बड़ वषत्त मिलि तप्प ॥ छं० ॥ ३३२ ॥

पृथ्वीराज का शृङ्गारहार को सामने रखना । हाथी की बड़ाई और राजा की सवारी की शोभा का वर्णन ।

कवित्त ॥ वह सु पट्ट शृंगार । मत्त गज राज पटा झर ॥
रहै नरिंद मुष अग्ग । रास रेसंम फंद पर ॥
जब राजन चढ़ि चलै । तबहि मुष अग्ग निरष्षै ॥
जे अनंत गज प्रबल । ते सु प्रंमल सह धष्षै ॥
जब चढ़ै राज टामंक करि । तब अजब्ब सोभा लहै ॥
आतस चरित्त अद्भूत लिषि । दुअ कपोल बूंदन बहै ॥ छं० ॥ ३३३ ॥

हाथी के रूप और गुणों का वर्णन ।

कवित्त ॥ सत्त हथ्थ ऊरद्ध । हथ्थ नव देह लँबाइय ॥
दस हथ्थां परिमांन । पीठ छत्ती गिर दाइय ॥
भद्र जात उतपंन । दुरद्द चद्द पाट शृंगारं ॥
जो रावर कहि चंद । कोट गढ़ ढाहन वारं ॥
च्यालीस कोस चालंत मग । लियें लोह च्यालीस मन ॥
दिन प्रति गुलाल थानं करज । षंभारें डारंत घन* ॥ छं० ॥ ३३४ ॥

सब सामंतों को साथ ले एक दिन शिकार के लिये राजा का जाना । वहां कन्ह चौहान का आना ।

एक सुदिन राजन्न । चढिव सिक्कार प्रपत्ते ॥
और सकल सामंत । जाइ सथ पच्छ मिलंते ॥
सत्त सहस असवार । मिले मुष राज सुरत्ते ॥
जांम देव पज्जून । मान मरदन मरदत्ते ॥
सिंघह पवार सुभ सथ्थ तहँ । जैत राव बलिभद्र सम ॥
चहुआन कन्ह नर नाह वर । आतुर षरि आयेव अम ॥ छं० ॥ ३३५ ॥

गाथा ॥ परि कर सकल सिकारं । लीने सब राजनं राजं ॥
अवर सूर सामंतं । धरियं साज अप्प सा काजं ॥ छं० ॥ ३३६ ॥

एक अनुचर का आकर एक सूअर के निकलने का समाचार देना ।

* छन्द ३३४ मो० प्रति में नहीं है ।

दूहा ॥ तब प्रथिराज नारिंद प्रति । कही सु अनुचर एक ॥
सुभ वराह एकल प्रबल । कही षबरि सु बिबेक ॥ छं० ॥ ३३७ ॥

राजा का आज्ञा देना कि उसे रोको भागने न पावै ।

तब प्रथिराज सु उच्चरिय । अरे सिकारी साज ॥
मति एकल बन जाइ भजि । करि रोकन को साज ॥ छं० ॥ ३३८ ॥

चारों ओर से नाका रोक कर सूअर को खदेरना और उसके निकलने पर राजा का तीर मारना ।

कवित्त ॥ एक दिसा कूकरह । एक दिसि भूलह धारिय ॥
एक दिसा षेदा अनंत । एक दिसि और प्रचारिय ॥
एक दिसा राजंग । एक दिसि अनि अनुचारिय ॥
एक दिसा सामंत । एक वहु भांतिय तारिय ॥
यौं ब्यौंत सब्ब राजन करिय । हक्कि सोर उछारि भर ॥
निकसंत सु सूकर अप्प रह । हने तीर षंचे सु कर ॥ छं० ॥ ३३९ ॥

सूअर का मरना सरदारों का राजा की बड़ाई करना ।

दूहा ॥ लग्यौ बांन वाराह उर । पच्यौ षेत धर मुच्छि ॥
मिले सकल सामंत तब । कही सबन धन[1] अच्छि ॥ छं० ॥ ३४० ॥

बड़े आनन्द से राजा राज को लौटता था कि एक पारधी ने एक शेर निकलने का समाचार दिया ।

घन अनँद राजन भरिय । चल्यौ राज चढ़ि बाज ॥
तब सु एक पारधि कही । नाहर घात सु राज ॥ छं० ॥ ३४१ ॥

राजा का आज्ञा देना कि बिना इसको मारे तो न चलेंगे ।

तब सुराज से मुष्ष कहि । सुनौ सबै प्रति सूर ॥
विन सुघान अग्यार में । आन राज इँद नूर ॥ छं० ॥ ३४२ ॥

एक नदी के किनारे वृषभ को मारकर सिंह खाता था राजा ने पारधी को आज्ञा दी कि तुम उसको हांको ।

(१) मो०—परिकर ।

कवित्त ॥ नदि सु एक जल किंदु । तहं सु एकह सुभ कोहर ॥
बहु तर वर जल छीन । थान सोभंत मनोहर ॥
ता नीचै केहरी । हनिब इक वृषभ अहारै ॥
अति अरिष्ट आभूत । कोइन पग अग संचारै ॥
उच्चरै राज दिल्ली धनिय । पारद्धी हक्कौ तुमैं ॥
बड़ सुभट आंन सोमेस की । बिन अग्या घातन रमै ॥ छं० ॥ ३४३ ॥

राजा का शृङ्गारहार गज पर चढ़कर सिंह को मारने चलना और सिंह को हंकारने की आज्ञा देना ।

कवित्त ॥ तब सु राज प्रथिराज । पाट शृंगार सेंगि गज ॥
बड पष्षर[1] तन रज्जि । दंति कट्टारि बंधि सज ॥
उभय पष्ष असवार । गिरद रष्षे करि राजन ॥
तीरंदाज अभूल । भूल रष्षे करि ताजन ॥
सें मुष्ष राज यों उच्चरे । हक्कारौ केहरि सकल ॥
सा वचन सुनत करि कूद भर । गज्ज सु केहरि अप्प वल ॥ छं० ॥३४४॥

कोलाहल सुन सिंह का क्रोधकर निकलना । राजा का तीर मारना और तीर का पार हो जाना । कूरम्भ का बढ़ कर तलवार से दो टूक कर डालना । सब का प्रशंसा करना ।

निसांनी ॥ सुने गहव्वह केहरी उय्यो हक्कारे ।
कंपि धरद्धर मेदिनी गल्हन गल्हारे ॥
कोइक काल अभूत कैं पचायन भारे ।
गात सु दीरघ हथ्थ गुर जीहा जक झारे[2] ॥ छं० ॥ ३४५ ॥
नष तिष्षा गिर वज्ज कै पुंछन तिष्षारे ।
कंध सु जड्डा केहरी नेनां ज्यों तारे ॥
दिष्षौ मरद्द महावली कंधा उप्पारे ।
गज्जत गज्जत आइया अरियन कें थारे ॥ छं० ॥ ३४६ ॥

(१) ए० कृ० को०—घत । (२) मो०—जीहा झक कारे ।

सिंह सु सम्हा चल्लिया गजराज संभारे।
तव राजन गज चंपिया हैंवर ठट टारे॥
तीर सनंमुष नंषिया कोइ लग्गै न्यारे।
नेरां आयां जैत राव सिंगनि उभ्भारे॥ छं० ॥ ३४७ ॥
छोड़े मोह सु हल्लिया नाहर ललकारे।
पारधि एकें चंपिया हथ्थल पक्कारे॥
राज कमान सु षंचि कर तरीन तिष्षारे।
फूटि दुवा सूवार पार गल्लन जिभ्भारे॥ छं० ॥ ३४८ ॥
करिहै तत्ता कूरंभ झुक्या असि झारे।
बाहे बब्बर वीचह्वै द्वै टूक निनारे॥
मनों सबन विच सुभ्भि थावहि तंतू सारे।
भल भल सब सेना कहै कूरंभ करारे॥ छं० ॥ ३४९ ॥
धनि माता अरु धनि पिता पज्जून पचारे॥ छं० ॥ ३५० ॥

राजा के शिकार करने पर बाजे बजने लगे।

दूहा॥ घन सिकार राजन करिय। हनि बराह अनि अट्ठ॥
बाजे बज्जन सुबर[1] बजि। करि राजन पहु पट्ठ॥ छं० ॥ ३५१ ॥

सब सरदारों में शिकार बँटवा दिया।

हनि सिकार वाराह बर। दीए सब सामंत॥
बंटि सु दीनौ अबर भर। करि उच्छाह अनंत॥ छं० ॥ ३५२ ॥

राजा का दिल्ली लौटना, कवि चन्द का आकर फूलों की वर्षा करना।

कवित्त॥ तब प्रथिराज नरिंद। आइ दिल्ली पुर मझ्झं॥
अप्प चिंत बर अवर। बैठि सिंहासन रज्जं॥
अवर सूर सामंत। सकल सभ्भा भर मंडे॥
तव सु चंद बरदाइ। आइ कुसुमावलि छंडे॥
बैठे सु सबनि उच्चार करि। सुनिय गान गायन सकल॥
दिल्लीय नैर दिल्लीय पति। करि अनंद दंडे सुषल॥ छं० ॥ ३५३ ॥

(१) मो०—सुरस।

राजा का गुरु से धन निकालने चलने का मुहूर्त पूछना।

दूहा ॥ एक सुदिन देवंग सों। बोलिय राज नरिंद ॥
देउ मुहूरत दुज सु गुर। तिहि हम करैं अनंद ॥ छं० ॥ ३५४ ॥

राजगुरु का बैसाष सुदी तीज को मुहूर्त निकालना।

तब दुजराज सु उच्चरिय। सुनि सामंत सु नाथ ॥
सेत चतिय बैसाष दिन। सुभ दिन चलौ समाथ ॥ छं० ॥ ३५५ ॥
सुभ सँजोग अंतर घरी। कहत बचन देवग्नि ॥
सोइ सुदिन आनंद करि। चलौ सुराज गुनग्नि ॥ छं० ॥ ३५६ ॥

पृथ्वीराज का मुहूर्त पर धूमधाम से यात्रा करना।

कवित्त ॥ चढिय राज सुभ जोग। करि सुमंगल अनंद गुर[1] ॥
दै सु विप्र धन चंड। दीन अनि दान लोक कर ॥
बढि सामंत रु सूर। करै उच्छव उमत्त पर ॥
बजत नद्द नीसांन। चवै जै जया देव नर ॥
सेनद्द सु सथ्थ है पंच सय। नैर निकरि बाहिर चले ॥
मत्तह सुक्कक कुल्लाल घट। भरि वारुन मै मत मिले ॥ छं० ॥ ३५७ ॥

एक वेश्या का शृङ्गार किए मिलना। राजा का शुभ शकुन मानना।

दूहा ॥ नैरनाइका एक चलि। तन आभ्रन्न अलंकि ॥
देखि न्रिपति रद्द सिर मिले। दुअ आनंद असंकि ॥ छं० ॥ ३५८ ॥

रात दिन कूच करते हुए राजा का चलना।

गज राजन द्वादस रद्दे। सुभ सँयोग सुभ साथ ॥
करिग कूक्क उतिम प्रचर। षडि लसकर प्रथि माथ ॥ छं० ॥ ३५९ ॥
कूच कूच राजन चले। सथ सामंत अभंग ॥
पंच सत्त असवार संग। षडि मिलि सावँत संग ॥ छं० ॥ ३६० ॥

रावल और सामंतों तथा सेना का आगे बढ़कर राजा से मिलना।

(१) मो०—वर।

दीह निसा चहुआंन चलि। आइ अचानक राज ॥
तब जानी जब दिष्षि नृप। मिलि सब सेन समाज ॥ छं० ॥ ३६१ ॥

सब सरदारों और रावल के मिलने से बड़ी प्रसन्नता का होना।

कवित्त ॥ मिले सुभर अप्पान। जांनि आतुर षडि राजं ॥
हाहुलि रा पुंडीर। अचल चौहान सु साजं ॥
राम रैंन पावार। सु गुर गुरराज समाजं ॥
अवर सुभर सामंत। बहुत परिकर सम राजं ॥
इत्तने आइ सब बैठि मिलि। तब जानी जब दिष्षि नृप ॥
सुनि बेंनि षबरि आतुर तुरत। मन प्रमोद आनंद वप ॥ छं० ॥ ३६२ ॥
गाथा ॥ आतुर षडि[1] राजानं। मिलियं सेना सु अप्प भर मग्गं ॥
हुअ आनंद अपारं। मिलियं सिंघ राज सामंतं ॥ छं० ॥ ३६३ ॥

रावल से मिलकर राजा का प्रेम पूर्वक शिकार और शाह के दण्ड का समाचार कहना।

कवित्त ॥ मिले राज बर सिंघ। प्रेम पूरन राजन भर ॥
घरी दोइ बैठे सुतथ। बत्त सिकार कहिय गुर ॥
अरु सु दंड पतिसाह। कृत्य कारन कहि राजन ॥
सुनि दाहिम्मरु चंद। सुभट[2] सब कही सभा जन ॥
चल राज सिंघ प्रति सब कही। अरु कहुन लछी गहिय ॥
आयौ सु राज थह अप्पनै। एक निसा राजन रहिय ॥ छं० ॥ ३६४ ॥

शाह के पकड़ने और दण्ड देकर छोड़ने आदि का सविस्तार समाचार कहने पर बड़ा आनन्द उत्साह होना।

कवित्त ॥ बजि नरिंद जय पत्त। बीय बज्जा घन बज्जै ॥
ताइप घर गजराज। राज दरबारन गज्जै ॥
चामर छत्र रषत्त। तषत लीनौ सुरतानी ॥
उत्तर वै साहाब। गयौ मुलतानह पानी ॥
छंडयौ छत्र सुरतांन सिर। राज छत्र सिर मंडयौ ॥
बाजंत नह नीसान घन। बंधि साह दँडि छंडयौ ॥ छं० ॥ ३६५ ॥

(१) ए० छ० को०—षरि। (२) ए०—सनि।

गाथा ॥ जित्ते बज्जन वज्जं । सज्जे सेन सब सुभट्टायं ॥
सुद्धे षेत सु सूरं । । उप्पारियं केक सुभट्टायं ॥ छं० ॥ ३६६ ॥

राजा का गुरु से लक्ष्मी निकालने के विषय में अरिष्टों का प्रश्न करना ।

कवित्त ॥ बर बंध्यौ सुरतान । लच्छि कढ्ढन क्रम दिन्ना ॥
भई षबरि कै मास । राज अग्गै होय लिन्ना ॥
सत्त मंत जोतिगी[1] । सब्ब जोतिग उच्चारै ॥
द्रिष्टि राह ग्रह दुष्ट । मंत्र जंचह बर टारै[2] ॥
पुछ्यौ बीर चहुआंन तब । धन अरिष्ट गुन संभवै ॥
लछिन्न लछि अरु बंचि विधि । तब बहि मंतत सुन्नवै ॥ छं० ॥ ३६७ ॥

धन निकालने के विषय में राजा ने कैमास को बुलाकर परामर्श किया । कैमास ने कहा कि मैं चौहानों की पूर्व कथा सब जानता हूं, आप को देवी का बर है यह निश्चय जानिए । इस धन के निकालने के समय देव प्रगट होगा, उससे लोग डर कर भागेंगे ।

कवित्त ॥ धन कढ्ढन चहुआंन । बोलि कैमासह पुछ्यिय ॥
बहु अदभुत जस सुन्यौ । आइ कढ्ढन बर लच्छिय ॥
पुब्ब कथा चहुआंन । हों जु आगम सब जानो ॥
देवी सुर बरदाई । कहों सु उर अंतर आनो ॥
अदभूत वत्त धन निक्करत । दोइ बीर दानव जगे ॥
सो सूर धीर धीरज्ज जिय । छँडिय सत्त काइर भगे ॥ छं० ॥ ३६८ ॥

पृथ्वीराज शिकार खेलते खट्टू बन में चले वहां एक पत्थर का शिलालेख कैमास को दिखलाई दिया ।

दूहा ॥ सो षट्टू रहे थांन बर । द्रव्य अजै जै राज ॥
ता देषन चहुआन फिरि । गौ आषेट बिराज ॥ छं० ॥ ३६९ ॥

(१) मो०-जोतिषी । (२) मो०-वर टारै ।

उस शिलालेख को देखकर सब प्रसन्न हुए और आशा बँधी।

अति आदर आखेट नृप। पति पुर षट्टू पास॥
पाहन एक पयाल में। संपेष्यो कैमास॥ छं० ॥ ३७० ॥

कवित्त ॥ संपेष्यौ कैमास। आस बंधी मन संती॥
ज्यौं बाल चंद निसि करक। मकर दिन मास वसंती॥
यों उहिम नृप सेव। सेव न्रप सेव सुमंती॥
ज्यां कन कलंक लगि अंक। सुबर बर बीर अमंती॥
बच क्रम्म क्रोध अम्मर अरस। सुमन वास ज्यौं वायवर॥
लछिनह लछि अरु बंचि विच। हुबर हीर तत्तह सुनर॥ छं० ॥३७१॥

कैमास उस बीजक को पढ़ने लगा।

दूहा ॥ मंची न्रप सामंत सम। परी सु पाहल पास॥
रास थंभ जनु ग्वाल लिखि। लगि बंचन कैमास॥ छं० ॥ ३७२ ॥
ऊरध अंगुल सठ चिसठ। तीर कहत चवसठ्ठि॥
तहां अक्षर न्रिम्यौ सु इम। सरमै द्रव्य अनिठ्ठ॥ छं० ॥ ३७३ ॥
भरि प्रसंक अंगुल भरिग। तिय अंगुल सत[1] अंक॥
अंगुल अंगुल अंक में। एकादसौ प्रसंक॥ छं० ॥ ३७४ ॥
भवतव्यह जो दुज लषै। घरी दीह पल मास॥
हृदय क्रोध ज्यों द्रिग लषै। त्यों लष्यौ कैमास॥ छं० ॥ ३७५ ॥

उसे पढ़कर उसी के प्रमाण से नाप कर खोदवाना आरम्भ किया।

बंचि उचारि सुमंत तिहि। सरमय[2] मप्पिय बांह॥
मंडि सु अंगुल विगुलह। द्रव्य निरत्तिय ताह॥ छं० ॥ ३७६ ॥

दुष्ट ग्रह और अरिष्ट दूर करने के लिये रावल समरसिंह पूजा करने लगे।

ग्रह सु दुष्ट दूरी करन। धन अरिष्ट नृप जोइ॥
सोइ पूजा क्रत चिच पति। तिन पर वज्जन होय॥ छं० ॥ ३७७ ॥

(१) मो०—छह। (२) मो०—सरमें।

चन्द यह पहिले ही कह चुका था कि व्यास जगजोति कह गए हैं कि पृथ्वीराज सब अरिष्टों को दूर करके नागौर बन के धन को पावेंगे ।

पहिलै अष्षिय चंद बर । कहिय व्यास जग जोति ॥
बीर सघन नागौर धन । * लभ अरिष्ट प्रथु होत ॥ छं० ॥ ३७८ ॥

राजा ने रावल से कहा कि अरिष्ट दूर करने के लिये पूजा करनी चाहिए, रावल ने उत्तर दिया मैं पहिले ही से पूजा कर रहा हूं ।

कवित्त ॥ पुछि राजा गुर सिंघ । सु गुरु देवग्नि सत्ति पति ॥
धन अरिष्ट गुन होइ । तास मेटन्न रचौ मति ॥
सोइ सुभ काज सु राज । सुजस संग्रहौ सक्र भति ॥
सुर सुकाज सुद्धरै । अप्प उद्धरत कज्ज गति ॥
बुल्लिय सु राज सम चित्त पति । तुम कारन पुज्जौ सुग्रह ॥
आरिष्ट सु गुन दूरी करन । या मंगल कज्जै सुग्रह ॥ छं० ॥ ३७९ ॥

तब चन्द को बुलाया, उसने कहा कि आप लक्ष्मी निकालिए, जो ध्रुव हो चुका है उसे मिटाने वाला कौन है ।

गाथा ॥ बुल्लिय भट्ट सु चंदं । हो राजन लच्छि कढ्ढिज्जै ॥
ज्यों बंध्यौ निरमांन । मेटन कवन सोइ बिधि पचं ॥ छं० ॥ ३८० ॥

रात को सब सामंतों को रखकर रखवाली करो ।

दूहा ॥ थांन निरष्षिय राज बदि । अछिर द्रव्य सु अछ ॥
सुबर सूर सामंत मिलि । निसि सथ रष्षा अछ ॥ छं० ॥ ३८१ ॥

कुछ सरदार साथ रहे कुछ सोए । सवेरे वह स्थान खोदा गया, वहां एक पुरुष की मूर्त्ति निकली उस पर कुछ अक्षर खुदे थे, उनको कैमास ने पढ़ा ।

कवित्त ॥ सथ्थ तथ्थ निसि रष्षि । दीन वासन ग्रह थानह ॥
अबर सब्ब सामंत । कीन पारस बिस्रामह ॥

* मो०—प्रति में "लभहिं अरिष्टं होत" पाठ हो ।

रैनि मध्य विन चंद । जगे सामंत स्वांमि तँह ॥
नीद सयन हुअ रुष्य । षनिय सम द्रव्य राज थह ॥
षोदंत पुरष इक्कह प्रगट । सिलह धत्त सत्तह सुमय ॥
नहि सकय अंक लिष्यौ सुपर । बंचि राज कैमास तथ ॥ छं० ॥ ३८२ ॥

उस पर लिखा था कि हे सूर सामंत सब सुनो जो मुझे देखकर तुम न हँसो तो पाखान को देखो (?)

दूहा ॥ सुनो सूर सामंत सब । सु हृदय सकल रजान ॥
जो न हसै मुहि बवर[1] कोइ । तौ दिष्यौ पाषान ॥ छं० ॥ ३८३ ॥

सब लोग कैमास की बड़ाई करने लगे ।

न्याय नांम कैमास तुझ । दुज दीनौ सुझाइ ॥
ज्यों बेली फल भारतें । न्याइन मैं सुझाइ ॥ छं० ॥ ३८४ ॥

शुभ मुहूर्त आतेही कमान की मूठ में ताली थी वह देखी (?)

भयौ समय इमरत्तरी । ज्यों वय संधि सुबाल ॥
मध्य मुष्ठि कंमांन की । रही रत्ति तिन ताल ॥ छं० ॥ ३८५ ॥

उसे शस्त्र से तोड़ते ही एक बड़ा भारी सर्प दिखलाई पड़ा जिसे देख सब भागे ।

तब दिष्यो वह थांन तिन । सस्त्र अनी छिति भंजि ॥
अप सु दिष्यो चव सुवल । रहे दूरि सब भज्जि ॥ छं० ॥ ३८६ ॥

विक्रम संवत ग्यारह सौ अड़तीस को सोमेश्वर के बेटे पृथ्वीराज ने असंख्य धन पाया ।

साक सुविक्रम इक्क दह । तीसरु अट्ठ संपत्त ॥
चहुआनां न्रप सोम सुअ । लभ्भि वित्त अनमित्त ॥ छं० ॥ ३८७ ॥

चन्द ने मन्त्र से कीलकर सर्प को पकड़ लिया तब धन देखने लगे ।

(१) ए० कृ० को०—सकल ।

अप्प मंच बंध्यौ सु कवि । द्रव्य निरष्यौ जाइ ॥
चिहूं दिसा जौ देखियै । दिष्ट न आवे ठाइ ॥ छं० ॥ ३८८ ॥

कवित्त ॥ दिष्यौ जीयड प्रमांन । मध्य राजा रघुवंसिय ॥
वाहन सोसत पुत्त । तात अग्यान न गंसिय ॥
दुष्ट देइ दिन मान । राज अग्या सुन मांनै ॥
सोक अग्गि तन दभ्भ । गयौ सुरलोक निथांनै ॥
रचि मंच जंच पुत्तलि करिय । होम दिष्ट दानव जलिय ॥
चिंतै सु चित्त कविचंद तहं । करयि बात इह हम भलिय ॥ ३८९ ॥

चन्द की बात मानकर धन निकालने के लिये स्वयं राजा वहां आए ।

गाथा ॥ गृह बरदाइय बत्तं । कहन लक्षि भयं क्रमयं ॥
तुक्क अंतर भर सेनं । आए लक्षि ठाइयं राजं ॥ छं० ॥ ३९० ॥

राजा ने आज्ञा दी कि इस शिला का सिर काटकर धन निकालो ।

दूहा ॥ यह आए बर राज धर । दिय हुकम्म सिल कट्टि ॥
हुअ हुकम्म राजंन कौ । कढै सिला सिर कट्टि ॥ छं० ॥ ३९१ ॥

शिला काटकर भूमि खोदने की आज्ञा दी कि इतने में पृथ्वी कांपने लगी ।

कट्टि सीस सिल कट्ठि करि । दियौ बचन षोदान ॥
तब सु कंपि भुअ धर धरिय । चांक सुनी न्रप कान ॥ छं० ॥ ३९२ ॥

शस्त्र की नोक से तीस अंगुल मोटा, बारह अंगुल ऊँचा खोदा तब ख़ज़ाने का मुंह खुल गया ।

कवित्त ॥ सस्त्र अनी छिति षनी । सेन सुत्तौ चावट्टिसि ॥
सपत धात पाषांन । तीस अंगुल दल बल कसि ॥
दादस अंगुल उंच । निठ्ठ करि ग्रीवह[1] लाइय ॥
उघरि मुष्य वर द्रव्य । कही कवि चंद न जाइय ॥

(३) ए॰ कृ॰ को॰—यावह ।

सिल तरति हलंतल भ्रम्म हलि । द्रव्य परष्षिय मध्य ग्रसि ॥
सामंत सूर इम उच्चरै । भलौ बीर कैमास लसि ॥ छं० ॥ ३९३ ॥

बारह हाथ खोदने पर एक भयानक देव निकला ।

सुनिय बत्त चहुआन । भयौ आचिज्ज सब्बघन ॥
भूमि कित्ति संजुत्त । ग्रहे आवै अभंग धन ॥
पुर सु तिष्ष धर मध्य । क्रोध जाजुल्य नैन रत ॥
मुर लंगर विच बंधि । ग्रीव[1] लीनो उछंग तन ॥
षोदयो भूमि द्वादस सु हथ । हंकि बीर दानव गजिय ॥
कवि चंद दंद मन मद्दि बँध्यौ । चित्त चिंत ब्रंह्मड लगिय ॥ छं० ॥ ३९४ ॥

उस राक्षस ने निकल कर तरह तरह की माया करके लड़ना आरम्भ किया ।

छंद भुजंगप्रयात ॥ प्रकारे सुचारे भुजंगं प्रयातं । षगप्पत्ति गायं अहप्पत्ति गातं ॥
स्वयं वीर दानव्व हक्यो हकारं । बरं बंध रक्की षरक्के प्रहारं ॥ छं० ॥ ३९५ ॥
बरं व्योम ग्रब्बं षहं पत्ति संक्यौ । करे कोटि माया निसा पत्ति हंक्यौ ॥
पयं पाइ उट्ठै महा रोम[2] झुम्मी । मनों चक्क फेरै कुलालं स भुम्मी ॥
छं० ॥ ३९६ ॥

षिनं रत्त दीसै षिनं मत्त माया । षिनं रत्त पीतं षिनं स्याम काया ॥
षिनं मेघ रूपं षिनं अग्गि सीसं । षिनं कोटि रूपं षिनं एक दीसं ॥
छं० ॥ ३९७ ॥

षिनं बाल वृद्धं षिनं वै किसोरं । भयं भीम भीमं षिनं दिव्य गौरं ॥
षिनं मोह माया षिनं दष्ठ बज्जै । षिनं मोहनी मोह रूपंति सज्जै ॥
छं० ॥ ३९८ ॥

षिनं मै विडाली षिनं विप्र माया । षिनं मेक्ष रूपं षगं हथ्थ धाया ॥
हयं ग्रीव रूपं षिनं मच्छ दीसै । षिनं गज्जियं सिंघ आवत्त रीसै ॥
छं० ॥ ३९९ ॥

(१) ए० क्र० को०—ग्राव ।
(२) मो०—सोस ।

जब बहुत उपद्रव मचाया तब चन्द ने देवी की स्तुति की कि मा अब सहाय हो कि लक्ष्मी निकले ।

कवित्त ॥ तोरि बीर संकर समूह । छंडि गजराज थांन गय ॥
भयौ समूह अरिष्ट । ढुंढि लभ्भी न मत्ति दय ॥
सत्त मत्त कुट्टयौ । अप्प अप्पन संभारै ॥
भो अचिज्ज सामंत । व्यास बचनं न बिचारै ॥
कविचंद मंच आरंभ बर । उमा उमा कहि बंचयौ ॥
अप्पियै बचन मुहि मात इह । तुअ काली कालजचयौ ॥ छं० ॥ ४०० ॥

दूहा ॥ करि अस्तुति कविचंद बर । अहो मात बरदान ॥
इह माया मैं बहु तन । कढ़ै लच्छि तुअ पान ॥ छं० ॥ ४०१ ॥

देवी की स्तुति ।

छंद बिराज ॥ सुनी देवि बानी । चढ़ी सिंघ रानी ॥
मयं मत्त माया । तुंही तूं उपाया ॥ छं० ॥ ४०२ ॥
अरी जुद्ध भष्यं । प्रकत्ती पुरष्यं ॥
निराधार बंधी । निसंधे निसंधी ॥ छं० ॥ ४०३ ॥
चिहूं चक्क षंडी । इकं पाइ मंडी ॥
जपौं तोहि तोही । जगचन्न मोही ॥ छं० ॥ ४०४ ॥
निसा पत्त मारै । दया वज्ज तारै ॥
तूही मंच मंची । तनं जा पविची ॥ छं० ॥ ४०५ ॥
तुही आसमानं । तुही भूमि थानं ॥
तुही बाग बानी । कला निद्धि रानी ॥ छं० ॥ ४०६ ॥
कवी चंद चंदं । करै दूरि दंदं ॥
कलं षग्ग धारै । प्रनेता उचारै ॥ छं० ॥ ४०७ ॥
निसा बीर बज्यौ । इहां आइ ठज्यौ ॥ छं० ॥ ४०८ ॥

देवी ने प्रसन्न होकर दानव को मारने का बरदान दिया ।

दूहा ॥ मात प्रसंनन गुन गहिर । दियौ हुंकि हुंकार ॥
दियौ बर सु दानव मलन । कियौ देव जयकार ॥ छं० ॥ ४०९ ॥

बर पाकर पृथ्वीराज ने राक्षस को ललकारा और घोर युद्ध हुआ। दानव मारा गया।

कवित्त ॥ तब प्रथि राज नरिंद। बीर दानव चक्कारिय ॥
सबद द्रुग्ग संभल्यौ। पच्छ दीनौ हुंकारिय ॥
दिषत सुथ्य सब तथ्य। कथ्य कोइ बैन न मंडै ॥
भीत सीत भय अंग[1]। रंग[2] रस रोस सु चंडै ॥
अरु नाइ प्रान सम ग्रेह तिह। कज्जल कूट समान सुइ ॥
मन चिंत चंद प्रारथ्यनह। जबै देवि डर आन उइ ॥ छं० ॥ ४१० ॥
बल उत्तंग सुमेर। रुक्कि संकिन मग मुक्किन ॥
छिनक मंत निय संत। तेज आहुटि बल तक्किन ॥
सबर बीर कविचंद। मंच दुरगा तब पढ्यौ ॥
करी नवनि कर जोर। जाइ अग्गै भयौ ठढ्ढौ ॥
अस्तुति अनेक उच्चार मुष। चरन चंपि द्रढ कर गहिय ॥
धन जोग कथा पूछी सुहित। उचित चंद अप्पन कहिय ॥ छं० ॥४११॥

चन्द ने स्तुति करके इस राक्षस और धन की पूर्व कथा पूछी।

दूहा ॥ करि अस्तुति द्रढ चरन गहि। पूछी भइ विगत्ति ॥
जु कछु आदि पुच्छै सहित। कहन सु बीर बिमत्ति ॥ छं० ॥ ४१२ ॥

देवी ने कहा कि जी लगाकर तू इसकी पूर्व कथा सुन।

कहै बीर कविचंद तुअ। पूब कथा कहुं मंडि ॥
जिन लच्छी धर मुक्कियै। धर रष्षै धन छंडि ॥ छं० ॥ ४१३ ॥

सतयुग में मंत्र, त्रेता में सत्य, द्वापर में पूजा और कलियुग में वीरता प्रधान है।

जुग सु आदि हुअ मंत्र गुर। त्रेता जुग हुअ सत्त ॥
द्वापर जुग पूजा प्रसिध। कलि जुग बीरं दत्त ॥ छं० ॥ ४१४ ॥

रघुवंश में आनन्द नामक एक राजा हुआ है उसकी कथा कहती हूं।

(१) ए० कृ० को०—अग्ग। (२) ए०—सार।

गाथा ॥ हुअ आनंद सु बीरं । बुल्लिय सु प्रसंन चोइ कल बानी ॥
सुनि उतपत्ति सु कव्वी । कहि अब रघुबंस आदि संकेतं ॥ छं० ॥ ४१५ ॥

वह राजा बड़ा अन्यायी था धर्म विरुद्ध काम करता था ।

कवित्त ॥ *तिहि तजिय सु रघुबंस । पुत्र मारंत इह षिज्जि ॥
चित कीनौ चरचित्त । मरन अँग आगम लषिज्ज ॥
जो बरजै बहु बार । भ्रंम मानै न भयंकर ॥
सोक अग्नि तिन दभ्भिक्ष । प्रान छंडौ रतियंकर[1] ॥
‡ सत बरस राज तय अंत करि । कित्ति भ्रंम संगह यइय ॥
आभ्रंम कित्ति ज्यों मंडनह । सो उब्बरि बीरनि रचिय ॥ छं० ॥ ४१६ ॥

यज्ञ विध्वंस करता था ऐसे बुरे कर्मों को देख ऋषियों ने शाप दिया कि जा तू राक्षस हो जा ।

कवित्त ॥ तिहि वाहन बल सूर । धरम रष्यो रघुबंसी ॥
वेद भ्रंम उथ्थापि । काल कंटक बल कंसी ॥
सज्जि तेज जाजुल्य । जग्य विध्वंसिय सब्बल ॥
कमल सम्मूह अरिष्ट । जीति दगपाल भ्रंम पल ॥
मारग्ग चत्ति उथ्थापि करि । दिब सराप सब रिष्षि मिलि ॥
जा वीर दांन दानव सु बरि । अमर सिंह बल जीति इलि ॥ छं० ॥ ४१७ ॥

उसका शरीर भस्म हो गया और वह दैत्य होकर यहां रहने लगा ।

मिलि अयास आयास । आप मिलि आप अहुट्टिय ॥
मिलि समीर संमीर । धरा धर धार आहुट्टिय ॥
तेज जोति चहु षीर । सुबर मंगल फिरि आइय ॥
विहि अभ्रंम जरि तास । मांहि सो कंकु न समाइय ॥

---

* मो०—"तिहि तजिय डर रघुबंस पुत्र चारच पुच्छ खिज ।" (१) मो०—अंकर ।

† मो० प्रति में इन दो पदों के स्थान में तीन पद दिए हैं जिसमें से अंतिम पद तो चारों प्रतियों में समान है किन्तु मो० प्रति में दोनों में एक का सारांश मिलता है यथा—मो०—"सत्त वरस राजा ने सबल राजंत अंत कर, सब सौरव्य गिह अरि अंत करि कित्त धर्म संगह गहिय ।

आकास मध्य ता मध्यतें। फटिक बीर है चीर हुअ॥
ते बीर बहुत दानव अतुल। भये काल थानय रहय॥ छं०॥ ४१८॥

इसको बहुत काल बीता, इसके पीछे रामचन्द्र हुए, काल पुराना हो गया पर यह लक्ष्मी पुरानी न हुई।

बहु बित्त बर काल। चंद बरदाइ थान हम॥
को जीवत देष्यो न। मरत देष्यौ न न जे हम॥
मात अभ्भ जम निका। राम तामस करि नच्यौ॥
इल हहै अंगनै। कौंन रूचै को रुच्यौ॥
जीरन सु जगा संसार भौ। लच्छि न जीरन भइय इह॥
आयंत जात धंधौ सकल। ग्यानवंत जानहि सु इह॥ छं०॥ ४१९॥

तब पृथ्वीराज और चन्द ने प्रार्थना की कि अब धन निकालने में दैत्य दुःख न दे।

दूहा॥ तब प्रथिराज नरिंद बर। अरु सुमंचि कविचंद॥
इष्ट बत्त बर संमुहै। ज्यो दानव करै न दंद॥ छं०॥ ४२०॥

इष्ट मंत्र का साधन करते यज्ञ करते हुए खोदकर लक्ष्मी निकालना आरम्भ किया।

छंद चोटक॥ कढ़ि लच्छिदिसंक्रम दीन न्रपं। निज मंच बलं कल तच जपं॥
भुज भान सुरं भज भान दिसं। बर इष्टय चंद कविंद कसं॥
॥ छं०॥ ४२१॥
सब देव क्रमं क्रम दीन न्रपं। जय जग्यरु जाप करंत तपं॥
घन गंध सुगंधन की हलितं। चलि सीत न तप्प सुभं मरुतं॥
॥ छं०॥ ४२२॥
घन सार मृगम्मद होम जरैं। तिन उप्पर भौरन भौर परैं॥
उड़ि धूम चिहूं दिसि छाय घनं। करि मंच सुदेव बलिं बलनं॥
॥ छं०॥ ४२३॥

देव ने चन्द से कहा मेरे पिता रघुवंशी धर्माधिराज थे मैं उनका बेटा आनन्दचन्द बड़ा अन्यायी हुआ मैं ने अन्याय से संसार को जीता, इस लिये शाप से मैं दैत्य हुआ और मेरा नाम बीर पड़ा।

कवित्त ॥ नृप पूजी रघुवंस । नाम धृम्माधिराज सुअ ॥
बिय बाहन नृप सूर । पुत्र आनंद चंद दुअ ॥
सब जित्ते द्रगपाल । माल लिन्नौ अधृंम छलि ॥
राज नीति सब मुक्कि । क्रंम बंध्यौ अक्रंम कलि ॥
अद्भूत मरन छिन भंग गति । चित्त क्रम अनुसरिय ॥
तप भंग[1] गच्छना जांनि नह । नाम बीर दानव धरिय ॥ छं० ॥ ४२४ ॥

बीर ने कहा कि इस लक्ष्मी को मैंने ही यहां रक्खा था । दैवगति से इसीको लेकर मेरी यह गति हुई ।

दूहा ॥ कहै बीर सुनि चंद तुअ । अप्प कथा कहौं मंडि ॥
जा मुक्की लच्छी धरनि । सो रष्यों उर संडि ॥ छं० ॥ ४२५ ॥
हौं रष्यों इन भंति करि । अहो चंद बरदाइ ॥
रघुबंसी अति मोह मय । अवगति कोइ सुभाइ ॥ छं० ॥ ४२६ ॥
माया छाया पुत्तरी । क्रोधवंत हम बीर ॥
रहे छंडि हैं लच्छि यह । व्रम्मित तुम इह धीर ॥ छं० ॥ ४२७ ॥

बीर का अपने पिता रघुवंश राज की प्रशंसा करना ।

कवित्त ॥ क्रोध लोभ जानी न । मोह माया न अलंकृत ॥
मोह गीत अरु सीत । जग्गि जा जापय सुक्कृत ॥
बहु बिबेक ब्रिमांन । राज बिसतरहि नीति बहु ॥
नव निवर्त धुनि वेद । कर्म छेदन अभेद लहि ॥
सो बहि सांइ सेसब सुलप । जोवन बै विष अलप मन ॥
रघुवंस वृद्ध आवस्त चिय । जोग मग्ग सो छंडि[2] तन ॥ छं० ॥ ४२८ ॥

चारों युगों के धर्म का वर्णन ।

श्लोक ॥ सत जुगे वंधयो देवो । चेतायां सोम जाधयो[3] ॥
द्वापरे बाहनो सूरो । कलिजुगे बीर भीषम ॥ छं० ॥ ४२९ ॥
सतजुगे ब्रह्मपुचश्च । चेतायां बीर भक्षय[4] ॥
द्वापरे षिचि वंशस्य । कलिजुगे सूद्र ग्रहनिका ॥ छं० ॥ ४३० ॥

(१) मो०-भग्ग । (२) मो०-छंडि ।
(३) मो०-जोधयो । (४) मो०-भषिय ।

बीर का अपने बल का वर्णन करके अपने साम्हने धन निकालने को कहना।

कवित्त ॥ हम सु भयंकर बल। भट्ट सुभटन हंकारहि ॥
हम प्रचंड प्रब्बल्ल। कनिष्ट अंगुलि उप्पारहि ॥
सत्तों समुद्र प्रमान। सु तत छिन तिरि दिष्षहि ॥
सुनि न होइ देखी न। तोइ ब्रह्मंड सु लष्षहि ॥
दैवान दुसंकह दुष्ट गति। देव जोग को गढ्ढवै ॥
आतम्म मनुच्छन जीव बल। सो देषत धन कढ्ढवै ॥ छं० ॥ ४३१ ॥

चन्द ने कहा कि हे बीर तुम सब समर्थ हो तुम्हारे कहने से अब राजा धन निकालेंगे।

अरिल्ल ॥ *बुल्लै चंद सुनौ बर बीर। तुम त्रिकाल दरसी अति धीरं ॥
तुम अनंत बल रूप सरूपं। कढ्ढै धन तुम बचन सु भूपं ॥ छं० ॥ ४३२ ॥
गाथा ॥ कहै बीर चंदं बर बंदं। हो देवाधि देव बलवंनं ॥
तुम देषत गत पापं। होइ प्रसंन देहु बर बचनं ॥ छं० ॥ ४३३ ॥

चन्द की सुन्दर बानी सुनकर वीर ने प्रसन्न होकर धन निकालने की अज्ञा दी।

दूहा ॥ सुर बानी सुन भट्ट की। मन प्रमोद बरबीर ॥
दई बाच कढ्ढौ सु धन। प्रसन देव करि धीर ॥ छं० ४३४ ॥

बीर की बात सुनकर चन्द ने राजा से कहा कि होम आदि शुभ कर्म कराओ और आनन्द से धन निकालो।

अरिल्ल ॥ बीर बचंनति चंद प्रकासिय। कहै राज गुरजन प्रति भासिय ॥
करो होम देवान मंच जप। सब प्रसंन हुअ लहैं धन्न नृप ॥ छं० ॥ ४३५ ॥

चन्द का बीर से पूछना कि हमारे राजा तुम्हारी प्रसन्नता के लिये जो कहो वही करें।

कवित्त ॥ तुम समान कोइ आन। पान पन दान मान मन ॥
कवन अवन रस राग। दैव परंग अंग नन ॥

* मो०-प्रति में "बुल्लै धन चन्द सुनों बर वीरं" पाठ है और धन शब्द यहां विशेष है।

राजस तामस सत्त । मत्त जोगिंद विराजहि ॥
जीह एक गुन कोटि । रत्ति सो बोलन लाजहि ॥
महदेव[1] सेव तुम चरन रत । पति पविच मन मोह धरि ॥
हिंड्यौ सु बीर उत्तर दिसा । इह पसाव चहुआन करि ॥ छं० ॥ ४३६ ॥

बीर का कहना कि मेरी प्रसन्नता के लिये पंडित से जप कराओ और महिष का बलि देकर धन निकालो ।

दूहा ॥ कहै वीर कबिचंद सौं । हों सु प्रसन्नौं तोहि ॥
तीन लोक में जुगति बति । सुभ्भत नाहीं मोहि ॥ छं० ॥ ४३७ ॥
पंडित बोलि सु जप करौ । होम दान ग्रह मान ॥
महिष मोहि पूजा करौ । तौ कढ्ढौ पाषान ॥ छं० ४३८ ॥

दानव यह कहकर स्वर्ग गया । चन्द का राजा से कहना कि शाह को तो तुम बांध चुके अब रावल के साथ धन निकालो ।

कवित्त ॥ सुरग गयौ दानव्व । बत्त वल महिष उचारिय ॥
मंच तंच वंधयौ । बलन अप्पन सम्हारिय ॥
बर गज्जनी नरिंद । बंधि छंड्यौ चहुवानं ॥
धन कढ्ढन[2] तिन थांन । बज्जि निर्घोष निसानं ॥
आनंद मंच कैमास बल । तिष्थि घरी बल पुच्छिवर ॥
जै जया सिंह आहुट्ट पति । मिलि विभूत कढ्ढौ सुभर ॥ छं० ॥ ४३९ ॥

राजा ने रावल को बुलाकर ज्योतिषी पंडित को बुलाय, पंडित ने होम की सामिग्री मँगाकर वेदी आदि बनवाकर शुभ अनुष्ठान का प्रारम्भ किया ।

छंद चोटक ॥ तब बुल्लिय राजन राज गुरं । सु मनो गुर राजत देव दरं ।
बुलि बेद सु पंडित जोतिगयं । जिब बुद्धि सु ब्रह्मय सुद्ध लयं ॥
छं० ॥ ४४० ॥

(१) मो०— सहदेव । (२) मो०—कढ्ढव ।

तिन मंगिय हेम प्रकार सयं। रचि जग्य अकार प्रकार मयं॥
मिटई[४] जिह दोष[५] सु होइ जयं। ... ... छं० ॥ ४४१ ॥
कढ़ि लच्छि दिसा क्रमि देवि न्रपं। कवि चंद अनंदिय मंच जपं॥
विधि भांन सुरंभिय भांन दिसं। सब देव क्रमं क्रम होइ रसं ॥ छं० ॥४४२॥
जय जग्य रु जाप करै बलिता। धन गंध सुगंधन की हलिता॥
सु रची रवनीय सबै अवनी। धज हल्लत बेदिय मंडि फनी॥ छं० ॥ ४४३ ॥
भरि चंदन पाटक पाट करी। अनुराग सु कुंकम हेम जरी॥
नव रत्त कला कल सान कुटे। मनुं द्वादस भान इहां प्रगटे॥
छं० ॥ ४४४ ॥
धुनि सुंनिय बेदन होत रुषं। प्रगट्यौ कमलानन तास मुषं॥
छं० ॥ ४४५ ॥

छः प्रधानों को पास रखकर राजा ने पत्थर खोदकर हटवाया।

कवित्त ॥ कढ्ढि बीर पाषान। राज षट रष्षि प्रधानं॥
चंद भट्ट गुरुराम। कन्ह रष्षिग चहुआनं॥
रष्षे अत्ता ताइ। ईस लद्धौ बर भारी॥
दैव बत्त संजोग। भोग लद्धौ रन रारी॥
रष्षिजै भीम रघुबंस बल। अरु रष्षै पुंडीर सह॥
अनबत्त अग्य लै स्यांम को। पंच दीह तिन थान रहि[१] ॥ छं० ॥ ४४६ ॥

वह स्थान खोदने पर एक बड़ा भारी पत्थर का अद्भुत घर निकला, उसमें एक सोने के हीराजटित हिंडोले पर सोने की पुतली सोने की वीणा बजाती और नाचती हुई निकली, उसका नाच देख कर आश्चर्य होने लगा।

षोदि थान पाषान। ग्रेह निकस्यौ अचंभम्॥
हेम हीर हिंडोल। हेम पुत्तरी सुरंभम्॥
हेम हथ्थ वाजिच। न्रत्य पुत्तरि जरि जंचिय॥
इह अचंभ पुत्तरी। जानि सर जीवन मंचिय॥

(१) मो०-लहि।

आलिंग नयन करि सिथल गति । तिहि दिष्षत मन मयन रुकि ॥
आचंभ चंद देखत भयौ । रंभ कि नृत्यत तार चुकि ॥ छं० ॥ ४४७ ॥

पुतली को देख गुरुराम का आश्चर्य्य करना ।

दूहा ॥ सुर उद्योत गुरराज तिहि । पुत्तरि दिष्षि अचंभ ॥
रति पति मन संमुह धरै । घट सु घटिय आरंभ ॥ छं० ॥ ४४८ ॥

चन्द का कहना कि यह मायारूपी है ।

कहै चंद गुर राज सुनि । यह माया बल रूप ॥
न करि मोह कर गहि सु दुज । मुर्छि[1] बहोरिय नूप ॥ छं० ॥ ४४९ ॥

रावल का फिर चन्द से पूछना कि यह पुतली किसका अवतार है ?

राज गुरु कहि चंद सों । हो कविराज विचारि ॥
कोन रूप अवतार किय । क्यों लच्छिय पर नारि ॥ छं० ॥ ४५० ॥

चन्द ने कहा कि ठहरिए तब कहूंगा और उसने बीर को स्मरण करके पुतली का भेद पूछा ।

कवित्त ॥ तत सु चंद बर दाइ । राज गुरु बचन अप्प सर ॥
छिन इक धरौ विलंब । कहौं बर बीर पुच्छि नर ॥
करि अस्तुति कलि बानि । बीर देवाधि देव सुनि ॥
हम मनुष्य मय मोह । तास नहिं लहै अंत पुनि[2] ॥
पुच्छइ सु देव आपुब्ब कथ । कोन रूप इह पुत्तरिय ॥
रह लच्छि थान सुर केम तत[3] । कौन काज बर सुद्धरिय ॥ छं० ॥ ४५१ ॥

देव का उत्तर देना कि यह ऋद्धि रानी है ।

गाथा ॥ सुर बांनीयं चंदं । सुप्रसन्नं देव मय कब्बी ॥
इह तेजं रिधि रांनी । संपेषे सु चंद गुरु कब्बी ॥ छं० ॥ ४५२ ॥

यह ऋद्धि साक्षात लक्ष्मी का रूप है इसे तुम बे खटके भोग

(१) मो०--मुरछि । (२) मो०--फुनि ।
(३) मो०--तन ।

सकते हो । यह देव बानी सुनकर चन्द प्रसन्न हुआ और रावल का संशय मिटा ।

कवित्त ॥ इह सु कृत्य बल रूप । देव देखहु सु मोह मत ॥
माया काया सु लच्छि । अनुरुरै सु लच्छि रत ॥
इह लच्छी बर रूप । तेज जाजुल्य प्रमानं ॥
हम वचंन इह रिद्धि । तुमहु सुप्रसंन सुथानं ॥
भोगवन काज संभरि सुपहु[1] । इह बिधिना अप कर गढ़िय[2] ॥
सुनि चंद बचन आनंद हुअ । राज गुरू संसय मिटिय ॥ छं० ॥ ४५३ ॥

इस हिंडोले को पूजन में रखना यह कहकर देव अन्तर्ध्यान हो गए । राजा फिर धन निकालने लगे ।

दूहा ॥ हिंडौलौ बर हेम करि । सिंघासन सुरराज ॥
वह प्रसंन होइ रष्यियौ । पूजन हरि गुर राज ॥ छं० ॥ ४५४ ॥
षिन धरि माया अप्प दुरि । गए सु अंमर देव ॥
फिरि कढ्ढन लग्गे सु द्रव । लहै सुरप्पति भेव ॥ छं० ॥ ४५५ ॥

कुबेर के से भण्डार सा धन निकलना, सब को आश्चर्य होना और तब सुरंग को देखना ।

कवित्त ॥ कलस बंक चंबक्क । लोह संकर बर बंध्यौ ॥
रजत कलस अरु हीर । रत्त अंतर चित संध्यौ ॥
हेम कलस नग भरिग । कंति दीपन जनु अग्गी ॥
सुअर कलस पाषान । मद्धि मन तेज उपंगी ॥
आचिज्ज चंद बरदाइ भय । ग्रह कुबेर करि लष्यियौ[3] ॥
गुरराज राम भट्टह सहित । फिरि सुरंग सब दिष्यियौ ॥ छं० ॥ ४५६ ॥

पुतली का बिना कुछ बोले चन्द और रावल की ओर तीक्ष्ण कटाक्ष से देखना ।

कवित्त ॥ ता पच्छैं कवि चंद । राज गुर संमुह दिष्यौ ॥

(१) मो०—सपहु ।
(२) ए० कृ० को०—घटिय । (३) मो०—लिष्यियौ ।

ब्रह्म थांन शिव थान । थान पति नाक विसष्यौ ॥
नवति बीर ग्रह जोग । सिद्ध नव निद्ध सु अठ्ठौ ॥
च्यारि अंग लछी प्रमान । धूम द्वादस अँग दिठ्ठा ॥
सा अंग बाल पुत्तलि अचँभ । हाइ भाइ विभ्रम बहै ॥
लावंनि चिंत उत्तर रहति । बंक कटाछन चित्त है ॥ छं० ॥ ४५७ ॥

चन्द और रावल का मूर्छित होकर गिरना । कुछ देर में सँभल कर उठना ।

कवित्त ॥ मुच्छि पस्यौ कवि चंद । मुच्छि दुजराज पस्यौ कल ॥
नाच भंग तन भंग । अंष झल मलिय नैन जल ॥
उष्ट कंप तन स्वेद । भेद बल बिन [1]कवि किन्नौ ॥
चढ़िय अंग पिंडुरिय । गात सोभत जल भिन्नौ ॥
सिथल चरन गति भंग ह्वै । वै विलास अभिलाष गति ॥
जग्गेव मुच्छि दुजराज सब । देव एव चिचं सुभति ॥ छं० ॥ ४५८ ॥

उठने पर राज गुरु का पृथ्वीराज से पूछना कि असंख्य धन निकला अब क्या आज्ञा है ।

दूहा ॥ मुछि उठ्यौ गुर राज तब । पुछ्यौ संभरि बार ।
जु कछु सुबर अज्ञा नृपति । धन निकस्यौ अप्पार ॥ छं० ॥ ४५९ ॥

धन के कलश आदि का वर्णन । रावल और पृथ्वीराज का एक सिंहासन पर बैठना ।

कवित्त ॥ सत्त[2] कलस चंवकिय । सत्त[3] अध मंडि रजक्किय ॥
हेम कलस सत पंच । कलस पाषान सतक्किय ॥
सत्त अद्ध बाजिच । सहस अध षग्ग प्रमानं ॥
हेम हीर हिंडोल । एक आचंभ सु थानं ॥
जान्यो न देव देवाधि गति । दैव जोग सिंहासनह ॥
चिचंग राव रावर समर । सम सुराज प्रथु आसनह ॥ छं० ॥ ४६० ॥

(१) ए० कृ० को०—कंठ ।
(२) ए० कृ० को०—सित्त । (३) ए० कृ० को०—सित ।

एक दिन संध्या के समय देवी के मठ के पास पृथ्वीराज और रावल आए।

एक सुदिन संध्या समय। विंझासनि के थान॥
एक अचंभो देखियै। जो आवै चहुआन॥ छं०॥ ४६१॥

उभय राज बर वत्त करि। चले सुथानक देव॥
निकट देखि देवी सुमट। गए सिंघ बर सेव॥ छं०॥ ४६२॥

आए नृप चिचंग पति। अरु संभरी नरिंद॥
तब लगि राम सु विप्र ने। करिय अचिज्ज सु चंद॥ छं०॥ ४६३॥

पृथ्वीराज और रावल के शोभा और गुण का वर्णन।

छंद भुजंगी। समं चढ्ढियं समर रावर नरिंदं। तिनं वाम भुज्जं समं सूर नदं॥
घनं सुथ्थ मध्यं दोऊ बीर राजं। तिनं देषतें वामता काम लाजं॥ छं०॥ ४६४॥
उठी मुच्छ आनं धुनी लग्गि गेनं। मनों चंद बीयं सियं[1] कीय हेनं॥
दोऊ राज राजन्नता राज सक्की। दोऊ भ्रंम षंडे जमं डंड हक्की॥ छं०॥ ४६५॥
दोऊ रत्त[2] माया ननं अग्ग लग्गै। मनों कंज[3] पचं जलं भिंटि भग्गै॥
उभै सूर नूरं विराजंत राजं। जिनै सोभियं कंठ रत्त हिंदु लाजं॥ छं०॥ ४६६॥

वेद मंत्र से दोनों राजाओं के लिये पूजा की और दस महिष बलि चढ़ाया। चतुःषष्टि देवि ने प्रसन्न होकर हुङ्कार किया।

कवित्त। वेद मंत्र दुज राम। उभय कारन कित किन्नौ॥
समर समरसन कीन। राज उनहार सुलिन्नौ॥
दस महिष्य बल भंजि। चंद मंत्रं प्रारंभे॥
नृप आज्ञा नन दीन्। सस्त्र मंगै प्रारंभे॥
आरंभ मंत्र चवसट्ठि जगि। है हुंकारव सद्द हुअ॥
गत दंद चंद चंदाननहु। मात प्रसंनन मत्त जुअ॥ छं०॥ ४६७॥

(१) ए०—सियंकी अ। (२) ए०—दत्त।
(३) ए० कृ० को०—कंप। (४) मो०—मगं।

राजा ने सिंहासन हाथ में लेकर देवी की स्तुति की देवी ने प्रसन्न होकर हुङ्कार किया।

दूहा ॥ सिंघासन प्रिथिराज ले। मात बरंनन कीन ॥
मात प्रसन चहुआन कौं। जै हुंकारव दीन ॥ छं० ॥ ४६८ ॥

देवी पृथ्वीराज को आशिर्वाद देकर अन्तर्ध्यान हो गईं।

कवित्त। हुअ प्रसाद चवसट्ठि। दय्य सिंघासन अप्पिय ॥
बल अप्पौ प्रथिराज। कित्ति कलसां लगि थप्पिय ॥
बिय सपत्त लभ्भै न। पुत्र लभ्भै सु थान तुअ ॥
मन सु बंस जय लभै। सज्ज अनुहत चित्त जुअ ॥
पूजनह थान रविवार कहि। आदिष्ट मात अंतर भइय ॥
सुभ लच्छि सुभग्रह आइ तँह। बर सुहेम हत्थां दइय ॥

पृथ्वीराज ने सिंहासन और लक्ष्मी मँगाकर रावल के साम्हने रक्खी। रावल ने कहा कि यह लक्ष्मी तुम्हारे पास आई है, तुम्हारी है। पाटन के यादव राजा की कुवँरि ससिव्रता की सगाई का बिचार ॥

कवित्त। मँगि सिंघासन राज। लच्छि चतुरंग सु अप्पिय ॥
समर सिंघ रावर नरिंद। अग्गैं धरि जप्पिय ॥
रंजि राज आहुट्ठ। राज दिल्लिय दिस आइय ॥
बर पट्टन जहां नरिंद। लिखि दूत पठाइय ॥
ओतान राग चहुआन हुअ। कथा जंपि ससिहत्त किय ॥
पावस प्रमान कहिय बिकट। सुबर राज यों मत्त किय ॥ छं० ॥ ४७० ॥

गाथा। सिंघासने सुरेसं। अरु सु लच्छि सा हयं अप्पियं ॥
सो अग्गै बर सिंघं। मुक्के राज परिकरं सव्वं ॥ छं० ॥ ४७१ ॥

रावल समरसिंह का धन लेने से इँकार करना और कहना कि यह धन तुम्हें प्राप्त हुआ है सो तुम्हीं लो।

कवित्त ॥ रंजि राज दष्पिन गिरेस। राजन प्रति बुल्लिय ॥
तुम सु बड़े राजिंद। कहा गुन कहै सु भल्लिय ॥

हम सु तुम्म सगपंन[1]। जानि आए तुम सथ्थं ॥
तुम लहुए लहुआंन। मुष्प कढ्ढौ सु अरथ्थं ॥
तुम कहिय बत्त अब जो हमैं। तुम समान नहिं प्रीति भति ॥
उच्चरौ बचन तुम राज बर। सो हम हृदय सुमत्ति गत्ति ॥ छं० ॥ ४७२ ॥

पृथ्वीराज ने जब देखा कि धन लेने की बात से रावल को क्रोध आ गया तब उन्होंने अनुचरों को धन ले लेने को कहा।

दूहा ॥ अति क्रोधित रावर समर। जब दिष्षौ प्रथिराज ॥
तब अनुचर प्रति उच्चरिय। लेहु लच्छि धरि साज ॥ ॥ छं० ॥ ४७३ ॥

पृथ्वीराज से रावल का घर जाने के लिये सीख मांगना पृथ्वीराज का कहना कि दस दिन और ठहरिए शिकार खेलिए। रावल का आग्रह करना।

कवित्त ॥ तबहि जुग्गबर समर। राज राजन प्रति बुल्लिय ॥
हम सु सीष संभवैं। चलैं चित्रकोट सु थल्लिय ॥
तब राजन उच्चरिय। रहो दस दिन सब मिल्लिय ॥
रमैं सरस आषेट। करैं क्रीला धर दिल्लिय ॥
तब कहत राज आहुट्ठपति। अहो राज राजंन[2] गुर ॥
हम चलैं राज काजंग गुर। भर सु सब्ब सम नेह उर ॥ छं० ॥ ४७४ ॥

प्रेमाश्रु भरकर रावल ने विदा मांगी, पृथ्वीराज उठकर गले से गले मिले।

दूहा ॥ भरे सु सकल सनेह करि। रावर मंगिय सीष ॥
तब सुराज राजंन गुर। उठि मिलि सज्जन ईष ॥ छं० ॥ ४७५ ॥

पृथ्वीराज ने जाने की सीख देकर कहा कि हम पर सदा ऐसा ही स्नेह बनाए रहिएगा।

देत सीष प्रथिराज नृप। इह बुल्लिय गुर राज ॥
होत सगप्पन ग्रेह रह। रष्षत रहियौ[3] काज ॥ छं० ॥ ४७६ ॥

(१) ए० कृ० को०—सगपच। (२) मो०—राजंग।
(३) मो०—रहिजं

रावल ने कहा कि हम तुम एक प्राण दो देह हैं, हमको तुम से बढ़कर कोई प्रिय नहीं है ।

नृप सुन रावर उच्चरिय । तुम सम नेह न कोइ ॥
जीव एक पंजर उभय । कहन लोक है दोइ ॥ छं० ॥ ४७७ ॥

रावल समर सिंह गद्गद हो बिदा हुए, और अपने देश की ओर चले ।

तब सनेह नृप नैन भरि । अंसुअ आप सु राज ॥
समर सिंघ चित्तौर कौं । दिय अग्या सु समाज ॥ छं० ॥ ४७८ ॥

रावल को विदा कर राजा ने चन्द और कैमास को बुलाया और रावल के यहां हाथी आदि भेट भेजा ।

जब रावर सीषह सु करि । चढ़ि दष्षिन गिर राह ॥
तब सुराज प्रथिराज गुर । बोलि चंद बिरदाह ॥ छं० ॥ ४७९ ॥

कवित्त ॥ तबहि राज प्रथिराज । बोलि कैमास चंद बर ॥
दिय अग्या बर सेव । कीए आएस राव गुर ॥
*जुगम सिंघ बर क्रमिय । लेहु परिकर करि वेसं ॥
गय सुपंच मद गंध । सच हय साज सुरेसं ॥
लै चले चंद बर दाइ बर । जहां राज रावर सुभर ॥
लैषरी बसत अनेक सुर । करि अस्तुति सुष कोटि तर[1] ॥ छं० ॥ ४८० ॥

रावल ने चन्द को मोती की माला देकर विदा किया और आप चित्तौर को कूच किया ॥

दूहा । राजन बर रष्षिय प्रसन । करिय सब्ब सामंत ॥
माल मुत्ति दिय चंद कवि । चल्यौ चित्रगढ़ भंति ॥ छं० ॥ ४८१ ॥

कैमास और चन्द का राजा के पास आना और राजा का दिल्ली चलना ।

* मो०—"मग सिंह जिहि क्रमिय" ।

(१) मो०—नर ।

अरिल्लआर ॥ फिरि आये कैमास चंद बर। मिले राज तहं पूर्न प्रेम भर ॥
ढिल्ली पुर आवत चहुआनह। अति तोरन उच्छव संमानह ॥ छं० ॥ ४८२ ॥

कैमास ने सब धन हाथियों पर लदवाया। राजा खट्टू बन में शिकार खेलता चला।

कवित्त ॥ बंचि राज कैमास। सोई अंतर सिल लीनह ॥
द्रव्य ताम उभरीय। भरिय कर चासे तीनह ॥
एकादस गज पूर। पंथ संभरि पुर थानह ॥
वासुर सत संक्रमे। भरिय भंडार बिधानह ॥
संचरिय राज मृगया बहुरि। पुर षट्टू पारस रवन ॥
कर पच रूढ़ जहा[1] सुषह। आइ राज भेंट्या सुजन ॥ छं० ॥ ४८३ ॥

पृथ्वीराज ने बहुत से धन को बराबर भाग कर के सब सामंतों को बांट दिया। सरदारों का बांट का वर्णन।

बंटि दियौ प्रथिराज। भाग किन्ने सह अब्बर ॥
एक भाग कैमास। तीय अप्पे नरसिंघ नर ॥
पंच भाग चावंड। भाग अद्धौ बर कन्हं ॥
द्वादस भाग नरिंद। दियौ परिगह सब धंनं ॥
प्रथिराज दिष्ट आवै नहीं। चिकट कुंभ ज्यां जल अभिद ॥
लग्गै न नीर पचह कमल। भिदै न मति छीवै उछिद ॥ छं० ॥ ४८४ ॥
दूहा ॥ एक भाग दिय विप्र कर। करै राज सुष कंद ॥
धन लभ्भिय प्रथिराज धन। कथी कथ्थ कवि चंद ॥ छं० ॥ ४८५ ॥

बड़ी धूमधाम से दिल्ली के पास पहुंचे, राजकुमार ने आगे से आकर दण्डवत किया। बड़ा आनन्द उत्सव हुआ।

कवित्त ॥ अति तोरन उच्छवह। आइ ढिल्लीय निकट बर ॥
रैन कुमार सु आइ। सुबर सामंत मधुत्तर ॥
सत्त दूअ असवार। कहत नामी अग्गै भर ॥
छंडि तुरिय पय लग्गि। दीय सा चढ़न सीष गुर ॥

(१) मो०— जटाजूट षह।

बंदै व चढ़ै तुरियं समथ । आए नंद उछाह घर ॥
जित्ते मलेच्छ लभ्यौ सुधन । अति तोरन उच्छव नयर ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

जेठ सुदी तेरस रविवार को राजा दिल्ली आए ।

गाथा ॥ अति तोरन उच्छाहं । आए जेठ सुदि चयोदसियं ॥
सुभ जोगं रविवारं । गहनं साह बढ्ढि जस भारं ॥ छं० ॥ ४८७ ॥

महल में आने पर रानियों ने आकर मुजरा किया ।

दूहा ॥ ग्रहन साहि जस बढ़िय धर । आइ धवल मधि साल ॥
त्रिया सकल आई सु तहँ । मुजरा करन सु हाल ॥ छं० ॥ ४८८ ॥

दाहिमा, आदि रानियां न्योछावर कर राजा की सीख पा अपने महल में गईं ।

गाथा ॥ दाहिम्मी प्रथु भद्दी । पुंडीरी आइ नृप ढिग्गं ॥
करि न्यौछावरि सकलं । नृप दी सीष गइय ग्रह अप्पं ॥ छं० ॥ ४८९ ॥

रात को राजा पुण्डीरी के महल में रहे । सबेरे बाहर आए, मन में शाह के दण्ड का विचार उठा ।

राजा धवल संपत्तं । गये ग्रह रति तथ्थ पुंडीरं ॥
करि रस अनंग क्रीडा । बढ़िय सुबेलि सुमन मन मथी ॥ छं० ॥ ४९० ॥
सुमन बेलि मन मथ्थी । करि क्रीडा हुअ बर प्रातं ॥
अंतर साल वयट्टं । मन विचार साहयं दंडं ॥ छं ॥ ४९१ ॥

बादशाह से जो घोड़े आदि दण्ड लिया था सब सरदारों में बांट दिया । अपने पास केवल यश रक्खा ॥

कवित्त ॥ दंड सुबर पतिसाह । दीय हय बंटि राज बर ॥
बीस सुभर हय कन्ह । बीस हय उंचह निठ्ठुर ॥
बीस हूअ रघुबंस । बीस उभ्भय दाहिम्मं ॥
अत्तताइ अल्हन पहाड़ । बीस हय जैत गुरंमं ॥
औरह सु सकल भर बीस अध । बंटि बंटि दिय सबन नर ॥
रष्पन सु गल्ह राजंद गुर । जस रष्यौ निज बर सुकर ॥ छं० ॥ ४९२ ॥

गाथा ॥ जस रष्यौ कर अप्पं । मुत्तिय माल लालयं द्रब्बं ॥
आरोही पुर दत्तं । कवि दीनौ सु अवर कर साहं ॥ छं० ॥ ४९३ ॥
दूहा ॥ सकल दंड पतिसाह कौ । बंटि दियौ सब सूर ॥
तपत राज अति षचिवर । ग्रीषम विक्तिय पूर ॥ छं० ॥ ४९४ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते पथिराज रासके षट्ट बन मध्ये आखेटक रमन धनसंग्रहन पातिसाहबंधनं धनकथा नाम चौबीसमों प्रस्तावः ॥ २४ ॥

अथ शशिवृतावर्णनं नाम प्रस्ताव ।

(पचीसवां समय ।)

शशिव्रता की आदि कथा वर्णन की सूचना ।

दूहा ॥ आदि कथा शशिवृत्त को । कहत अब्ब संमूल ॥
दिल्ली वै पतिसाहि ग्रहि । कढ्ढि लच्छि उन मूल ॥ छं० ॥ १ ॥

ग्रीष्म में पृथ्वीराज का विहार करना ।

अरिल्ल ॥ ग्रीषम चटु क्रीड़न[1] सुराजन । षिति उकलंत षेद नभ साजन ॥
विषम वायु तपित[2] तनुभाजन । लग्गि सीत सम्मीर सुकाजन[3] ॥ छं० ॥ २ ॥
कवित्त ॥ लग्गि सीत कल मंद । नीर निकटं सु रजत घट[4] ॥
अमित सुरंग सुर संध । तनह उवटंत रजति पट ॥
मलय चंद मल्लिका । धाम धारा ग्रह सुब्बर ॥
रंजि बिपन वाटिका । तीस द्रुम छांह रजति तरु ॥
कुमकुमा अंग उवटंत अति । कवि केसर घनसार घति ॥
क्रीलंत राज ग्रीषम सुरिति । आगम पावस भइय भति ॥ छं० ॥ ३ ॥

ग्रीष्म बीतकर वर्षा का आरम्भ होना ।

गाथा ॥ ग्रीषम वित्तिय कालं । आगम पावस दीह मझ्झेनं ॥
दिसि दष्पिन वर देशं । नाइक[5] आइ चंद्रोदयं नामं ॥ छं० ॥ ४ ॥

राजा सभा में बैठे थे कि एक नट आया, राजा ने आदर कर उसका परिचय पूछा ।

सभा विराजित राजं । तहां नट आइ पत्त संगीतं ॥
मिलत मान दिय राजं । पुच्छिय विगति देस रह मझ्झं[6] ॥ छं० ॥ ५ ॥

---

(१) ए०—क्र०—को०—क्रीलंत । (२) ए०—क्र०—को०—तपि तम तन ।
(३) मो०—राजन । (४) मो०—पट ।
(५) ए०—क्र०—को०—तादृक्र । (६) ए०—क्र०—को०—अय्यं ।

नट को गुण दिखलाने की आज्ञा देना।

दूहा ॥ इह संभरि न्रप उच्चरिय। अहो सु नट गुरराइ ॥
गुन उचार[1] कछु किज्जियै। ज्यौं दिज्जै दानाइ ॥ छं० ॥ ६ ॥

नट का कहना कि मैं नाटक आदि सब गुण जानता हूं आप देखिए सब दिखाता हूं।

गाथा ॥ नाटक प्रमान कथयं[2]। सुनि राजन धी ढिल्लीसं ॥
पाचं घर के सब्बं। गुन सुनियै चितयं लायं ॥ छं० ॥ ७ ॥
दूहा ॥ अवसर तत्त प्रगह किय। जंच मृदंग सुतान ॥
करिय राग श्री उंचकर। करन नृत्य बहु गान ॥ छं० ॥ ८ ॥

देवी की बन्दना करके नृत्य आरम्भ करना।

आदि सकल अस्तुति करिय। पहुपंजलि पटिदेव ॥
कहि संगल[3] धरनी निरषि। करन नृत्य अति भेव ॥ छं० ॥ ९ ॥
चंद चारु मागध सुअरु[4]। गीत प्रबंध प्रसन्न[5] ॥
उघटि चिघटि सब प्रमुष दै। देषि विगति सुर भिन्न[6] ॥ छं० ॥ १० ॥

नट का नाच के आठ भेद बतलाना।

तब सुनह इम उच्चरिय। हो राजन नर इंद ॥
बहु विवेक संगीत कल। अष्टह नृत्य सुनंद ॥ छं० ॥ ११ ॥

आठों भेदों के नाम।

श्लोक ॥ मृदंगी दंडिका ताली। कहली श्रुत धुर्ब्बरी[7] ॥
नृत्य गीत प्रबंधं च। अष्टांगो[8] नृत्य उच्यते ॥ छं० ॥ १२ ॥

नृत्य देख कर बैठने का हुक्म देना।

दूहा ॥ कहिय नृपति अष्टंग सुधि। रंजि राज कल गान ॥
बहुरि हुकंम बैठन दिय। फिरि पुच्छिय यह न्यान ॥ छं० ॥ १३ ॥

---

(१) ए०—उबार। (२) मो—कथियं।
(३) मो०—धरती। (४) मो०—सुरुअ। (५) मो०—प्रमान। (६) मो०—तान।
(७) मो० धर्धरी। (८) ए०—क्र०—को०—अष्टागो।

राजा का नट से उसके निवासस्थान का नाम पूछना।

तब राजन यों उच्चरिय। अहो सु नटवर राय॥
बोल आन ठौरह सु तुम। कहो सु गुन प्रति भाय॥ छं०॥ १४॥

नट का कहना कि देवगिर में मैं रहता हूं वहां का राजा सोमवंशी जादव बड़ा प्रतापी है। राजा की बड़ाई।

तब नट नमि करि उच्चरिय। सुनहु राज दिल्लीस॥
हो। वंश जद्दव नृपति। देव गिरी बसि जीस॥ छं०॥ १५॥

कवित्त॥ देवगिरी जद्दव नरेश। अति प्रबल तपत तप॥
संगीतह बर कला। लछन शुभ ग्यान सुभत वय॥
ग्यान[1] तान[2] गुन लछन। भेद सुन ग्यान विचारं॥
तास राज संभीव। रहों नट विद्य उचारं।
ता ग्रह सु पाव अनेक गुन। रहै सु तहं निशि दीह पर॥
राजंत राज जद्दव नृपति। ज्यों सुदेव[3] पति नाक गुर॥ छं०॥ १६॥

मैं उनका नट हूं आपका नाम सुन यहां आया।

गाथा॥ तिहि ग्रह नट धर रूपं। आए संगेव सीष कुरषेतं॥
तुम गुन अति संभरियं[4]। आवन हूअ एन दिल्लि मझेनं॥ छं०॥ १७॥

राजा का पूछना कि उनकी कन्या का बिवाह किसके साथ निश्चय हुआ है।

कहि संभरि नृप राजं। हो नट राइ सुनहु बर बचनं॥
किहि व्याहन बर संगं। को राजन कवन धर मझ्झं॥ छं०॥ १८॥

नट का कहना कि उज्जैन के कमधज्ज राजा के यहां सगाई ठहरी है।

पर धर उजेन मझ्झं। करि पामरि सगप्पनं राजं॥
शुभ अंत करि आदं। व्याहन मन कीन राइ कमधज्जं*॥ छं०॥ १९॥

(१) प्रो०—तान। (२) प्रो०—मान।
(३) ए०—कृ०—को०—इंद्र। (४) ए०—कृ०—को०—संभरिय।
* व्याहन कीन कमधज्जं।

दूहा ॥ कै सगपन जद्दव नृपति। करै सु दिसि कमधज्ज ॥
कोई पुच्च अनूप है। तिन गुन व्याहन कज्ज ॥ छं० ॥ २० ॥
व्याहन मन कमधज्ज करि। सगपन राजद्दोरं[1] ॥
पंमारी दिय पुच्च पर। तिहि पुची बर ठौरं ॥ छं० ॥ २१ ॥
पुची वरी उज्जैन दिसि। पहिलै पंग स पुत्त ॥
अवन गवन पुर आदि दै। पढि जद्दव ग्रह तत्त ॥ छं० ॥ २२ ॥

यादव राजा ने सगाई के लिये ब्राह्मण उज्जैन भेजा है। पर लड़की को यह सम्बन्ध नहीं भाया।

गाथा ॥ पठवन किय दुज जद्दों। पुची दीय पुरी[2] उज्जेनं ॥
तिहि पुची नारत्तं। व्याही पंग पुत्त अज इंदं ॥ छं० ॥ २३ ॥

नट का शशिव्रता के रूप की बड़ाई करना।

दूहा ॥ सुनि राजन क्यों करि कहौं। जो शशिव्रत्ता रूप ॥
जोइ एक ब्रन्नत न बनि। तिन गुन ब्रन्न अनूप ॥ छं० ॥ २४ ॥

सभा उठने पर राजा का नट को एकान्त में बुलाना।

तब राजन जुठी सभा। फिरि दीनी सब सीष ॥
अंदर नट्ट बुलाइ कैं। पुछिय बिगति बिसीष[3] ॥ छं० ॥ २५ ॥

नट का शशिव्रता का रूप वर्णन करना।

कवित्त ॥ कहै सु नट राजिंद। ब्रह्म आमोदक्क दिन ॥
चंद कला मुष कंज। लच्छि सहजंह सरूपतन ॥
नैंन सु मृग शुक नास। अधर बर बिंब पक्क मति ॥
कंठ कपोत मृनाल भुज्ज। नारंगि उरज सति ॥
कटि लंक सिंह सुग जंघ रंभ। चलत हंस गति गयंद लजि ॥
सा नृपति काज ब्रंमिय तरुनि। मनों मेनिका रूप सजि ॥ छं० ॥ २६ ॥
दोहा ॥ कह गुन बरनौं राज कहि। कुंअरी जद्दव नाथ ॥
विधना रचि पचि कर करी। मनुं मेनिका समाथ ॥ छं० ॥ २७ ॥

(१) मो०—रजद्दोरं। (२) ए०—कृ०—को०—पुरि।
(३) ए०—कृ०—को०—विदेष।

उसका रूप सुन राजा का आसक्त हो जाना और नट से पूछना कि इसकी सगाई मुझ से कैसे हो ।

अरिल्ल ॥ सुनि राजन्न लगो कोतानं । लगे मीन केतु कत बानं ॥
कहै नट सौं राजंन बर प्रेमं । मह सगपन सा करहि सुक्रेमं ॥ छं० ॥ २८ ॥

नट का कहना कि इसका उत्तर पीछे दूंगा । मुझ से इस में जो हो सकेगा उठा न रक्खूंगा ।

दूहा ॥ पुनि नट वर यौं उच्चरिय । फिरि कहिहौं राजिंद ॥
जौ मुझ कीयौ होइ है । तौ करि हौं नृप इंद ॥ छं० ॥ २९ ॥

राजा का नट को इनाम देकर विदा करना, नट का कुरुक्षेत्र की ओर जाना ।

तब राजन नट सीष दिय । गज सु एक है पंच ॥
चल्यौ दिसि कुरषेत प्रति । परसन हरि चरनंच ॥ छं० ॥ ३० ॥

ग्रीष्म बीतकर वर्षा का आगमन हुआ, राजा का मन शशिव्रता के ओर लगा रहा ।

अरिल्ल ॥ ग्रीषम रिति बित्ती सुभ राजं । पावस आगम भई समाजं ॥
सुनि नट बैन अपूब जब्ब मन । मन धीरज्ज हंस आतम हथ ॥ छं० ॥ ३१ ॥

राजा का शिव जी की पूजा करना, शिव जी का प्रसन्न होकर आधी रात के समय दर्शन देना ।

दूहा ॥ हर सेवा राजन करत । ब्रमिय मास जब संग ॥
अद्ध निसा शिव आइ कै । दिय सु बचन मन रंग ॥ छं० ॥ ३२ ॥

शिव जी का मनोरथ सिद्ध होने का बर देना ।

जो कामन मन सहई । सो पूरे हर ईस ॥
मन चिंता करि राज गुर । आयौ गुन तुह दीस ॥ छं० ॥ ३३ ॥

राजा का स्वप्न में बर पाकर प्रसन्न होना और किसी तरह वर्षा ऋतु काटना ।

कवित्त ॥ हुअ प्रभात जब राज । सुपन मन मद्धि राज रस ॥
प्रकटन होइ शिव शिवा । काम सीझै सु इंद जस ॥

मन जाने बर अप्प। लग्गि ओमान राज उर ॥
चिव महावतगैंद[1]। बहुरि उतरैन अवर पर ॥
नन धीर करत पावस सुरिति। छिन छिन जुग जुग जान जिय ॥
बर मोर सोर दद्दुर बचन। लग्गि तपत तन असम किय ॥ छं० ॥ ३४ ॥

वर्षा की शोभा का वर्णन-राजा का शशिव्रता से विरह में व्याकुल होना।

कवित्त ॥ मोर सोर चिहुं ओर। घटा आसाढ़ बंधि नभ ॥
बच दादुर झिंगुरन। रटन चातिग[2] रंजत सुभ ॥
नील बरन बसुमतिय। पहिर आभंन अलंकिय ॥
चंद बधू सिर व्यंज[3]। धरे बसुमत्ति सु रज्जिय ॥
बरषंत बूंद घन मेघ सर। तब सुमरै जइब कुँअरि ॥
नन हंस धीर धीरज सुतन। इष फुट्टे मनमथ्थ करि ॥ छं० ॥ ३५ ॥

वर्षा वर्णन-राजा का विरह वर्णन।

छंद पद्धरी ॥ घन घटा बंधि नभ मेघ छाय। दामिनिय दमकि जामिनिय जाय ॥
बोलंत मोर गिर बर सुहाइ। चातिग्ग रटत चिहुं ओर नाइ ॥ छं० ॥ ३६ ॥
दादुरन सोर दस दिस डराइ। रच पंथ पथिक थकि पाइ साइ ॥
बिरहिनी दूरि जिन[4] पंथ नाह। तिहि बुंद लगत जनु ईष जाह ॥ छं० ॥ ३७ ॥
दंपती करै क्रीला उमंग[5]। मनमथ्थ रहसि बढि अंग अंग ॥
बिरहनी रटत पप्पीहह[6] नार। प्रफुल्लित लता लल्लरिय बार ॥ छं० ॥ ३६ ॥
घन वृच्छ लता ललिपुप्फ[7] मंत। रुव रंग रंग पावसह कंत ॥
उभ्भरिय चलिय सलिता संदूर। चलि मिलिय संग सायरह नूर ॥ छं० ॥ ३९
रति करन क्रीलनह[8] राज थाह। नन हंस धीर नन सुष्प नाह ॥
नहि सजे सुष्प लषि बिषम बाइ। तन होत तपति शीतन सुहाइ ॥ छं० ॥ ४० ॥
नन प्रीत सुहय गय नारि मांहि। अतिताप जंत तन रोम मांहि ॥
नन नीदसुष्प[9] नन राज अंग। लग्गेतु बाग मन मथ्थ पंग ॥ छं० ॥ ४१ ॥

---

१ ए० ह० को०—गयंद, गयँद। २ मो०—चातुक। ३ मो०—व्यंद।
४ ए०—तिन। ५ मो०—ह०—उतंग। ६ शा०—बप्पीह।
७ ए०—पुष्प। ८ ए० ह०—कील। ९ मो०—सुषं।

भेदेव अंग अँग रोम राइ। जांनै न कोइ बर अवर भाइ॥
यों करत गई पावसी विषम्म। किय सुमन[1] दसा दच्छन बरंन॥छं०॥४२॥

वर्षा बीत कर शरद का आगमन।

दूहा॥ गत पावस आगम शरद। गई गुडल नभ मान॥
ज्यों सद गुरु मिलि अंदरद। [2]मिलि प्रगट गुरु आन॥ छं०॥ ४३॥

शरदागमन-शरद वर्णन।

सुक्कि पंक उत्तरि सरित। गय बक्की[3] बुमिलाइ॥
जलधर बिन यों मेदनी। ज्यों पति हीन त्रियाइ॥ छं०॥ ४४॥

छंद पद्धरी॥ ब्रम्मलिय[4] कला उगयो सोम। कंदर्प प्रगट उद्दित[5] व्योम॥
रुचिता सुनीर आए निवांन। पंगु रन चरै चिय द्रग लजान॥
मल्लिका फूल सुगंध वाय[6]। संजोग कंत रहिं लप्पटाइ॥
फल फूल सकल खूटंत अंब। जस प्रभा सुभ्भ सुनि राज बंब॥
देवास पूजि न्रप रंजि विवेक[7]। सिर छत्र चौंर राजंत[8] तेक॥
आगम्म शरद रितु चलन साज। आनंद उअर उमगे सु राज॥
अति प्रीति सूर सामंत काज। पति नाक सभा हेमंत लाग॥
किय सुमन चलन गिरि दच्छनेस। ओतान राग लग्यो अछेस॥छं०॥४५॥

अरिल्ल॥ पावस रितु क्रीलंत सु राजन। फिरि आइय दिन सरद समाजन॥
करन राज क्रीला आषेटं। संक्रमि देस मद्धि मन भेटं॥ छं०॥ ४६॥

राजा का अपने सरदारों के साथ शिकार के लिये तय्यारी करना।

कवित्त॥ सम सिकार कजिराज। सबर चतुरंग सु सज्जिय॥
सघन सूर सामंत। अप्प अप्पन भर गज्जिय॥
रंजि राज प्रथिराज। राज क्रीलन मन लाइय[9]॥
बर पहन जद्दवन। दूत राज पै पठाइय॥

(१) मो०-दिसा। (२) मो०-मिलै पगट। (३) मो०-बेली।
(४) मो०-मिर्म्मली। (५) मो० कृ० को०-उद्दित सु। (६) ए० कृ० को-बाइ।
(७) ए०-कृ०-को०-विमेक। (८) मो०-राजत अनेक।

ओतान राग चहुआन हुअ। कथा जंपि ससिवृत्त क्रिय॥
अब कहत कथ विस्तार किय। जो राजन दूतन करिय॥ छं० ॥ ४७ ॥

राजा का शिकार के लिये सवार होना।

गाथा॥ तुछ दिन अन्तर क्रमियं। राज[1] क्रीलंत अप्प धर मज्झं॥
एक सुदिन राजानं। क्रीलन आषेट अप्प चढ़ि चलियं॥ छं० ॥ ४८ ॥

दूहा॥ क्रील राज आषेट चढ़ि। अन्तर दिन हुअ आदि॥
मिलिन जोग विधि लिषियबर। करि सनद्ध चढ़ि सादि॥ छं० ॥ ४९ ॥

माघ बदी मङ्गलवार को शिकार के लिये निकलना।

अरिल्ल॥ क्रीलन राज[2] चढ़े आषेटं। माघ बद्धि दुतिया दिन भेटं॥
दिन सुभवार सु मंगल लहियं। करन सिकार अप्प चढ़ि चलियं॥ छं० ॥ ५० ॥

राजा की धूमधाम का वर्णन।

कवित्त॥ चढ़िय राज प्रथिराज। साज आषेट लिए सजि॥
सथ्थ सुभट सामंत। संग सेना सु तुच्छ रजि॥
जाम देव का कन्ह। अत्त ताई निडुर गुर॥
मति मंची कैमास। राव चामंड जुझ्झ[3] भर॥
परमार सिंघ सूरन समय। रघुबंसी राजन सुबर॥
ईतनें सहित भर सेंन चलि। उडी रेनु आयास पर॥ छं० ॥ ५१ ॥

बन में जानवरों का वर्णन।

बागुर जाल बयल्ल। हिरन चीते सु स्वांन गन॥
कालबूत, म्रग, बिहंग। विवाद तट्टीय चलत बन॥
सर नावक बंदूक। हरित जन बसन विरज्जिय॥
गै जिमि गिरि करि अग्ग। अप्प बन संपति सज्जिय॥
है भारि भईय कांनन सकल। मग अमग्ग दल संचरिय॥
षिल्लन सिकार चढ़िय न्रपति। प्रथियराज महि संभरिय॥ छं० ॥ ५२ ॥

शिकार का वर्णन।

(१) मो०--दत्तगेश। (२) मो०--भाइय। (३) मो०--यद्धान।

इन[1] सु साज मृगया सु । बाज उत्तंग अंग बर ॥
निमष निमष संचरहि । निमित्त जोजन जोजन सर ॥
छित्त लिये जिम पवन । वेग जग्गै जिम अग्गिय ॥
घट छुट्टै जिम सद्द । उरह चक्कवाक विसग्गिय[2] ॥
यों बंधि राज आषेट बर । वपु सुव सुअ दिष्षे सु चष ॥
धह मंगि अंषि मंगल पवन । सबै होइ जोजन समष ॥ छं० ॥ ५३ ॥
घुर घुरंत घन स्वांन । अप्प पंजर तीतर बर ॥
मच्छ जाल बग्गुरि हि । फंद फैदैत सुबर धर ॥
धनक बान छक्कां सु । सिंघ पंजर जल रष्षन ॥
षांट षैर विसमिल्ल । तार तारक्क चिच पन ॥
सर हद्द सुरस लग्गै रमत । भुलै साथ श्री नाथ पति ॥
कविचंद विरद ब्रंनन करै । अवन सुनै दिल्लिय न्रपति ॥ छं० ॥ ५४ ॥

शिकार पर जानवरों का छोड़ा जाना ।

गाथा ॥ जित तित छुट्टे षंषी । थावर जलह जंगमं जोती ॥
ससि पालं हरि[3] पालं[4] । भूपालं काल प्रति पालं ॥ छं० ॥ ५५ ॥

भालू, सूअर आदि का आगे होकर निकलना ।

भालक आइ सहीयं । बाराहं कोस अठ्ठयं पंचं ॥
आतुर षरि राजानं । अति अदभूत रूप शूकरयं ॥ छं० ॥ ५६ ॥

राजा के बन में घुसने पर कोलाहल होने से शूकरों का भागना ।

दूहा ॥ गये सुवन राजन सुअर । करन घात सु प्रपंच ॥
कोलाहल सुनि सूकरह । उठि चय कोस पुलंच ॥ छं० ॥ ५७ ॥
तिहि को हर इक प्रबल षह । षोदि सुहै डर तार ॥
फिरि अष्षो राजन्न प्रति । व्यौरो कोल उचार ॥ छं० ॥ ५८ ॥

---

(१) क्ष०-राजन । (२) ए०-क्ष०-को०-राजन । (३) ए०-झुझ्झ ।
(१) ए०-हन । (२) मो०-विकस्सिय ।
(१) मो०-हर । (२) मो०-माल ।

सब सरदारों का भी वहां पहुंचना, एक बधिक का आकर शूकर का पता देकर राजा से पैदल चलने के लिये निवेदन करना।

और सकल सामंत भर। आइ संपते तथ्थ ॥
अरज राज प्रथिराज सम। कही बधिक इह[1] कथ्थ ॥ छं० ॥ ५९ ॥
चय सु दिवस राजन क्रमिय। तीस कोस चै अग्ग ॥
जंगल धरनें बेद चय। सिल नालूर सुरंग ॥ छं० ॥ ६० ॥
बधिक कही इह राजप्रति। घात करै सुभ संच ॥
दल सहह तजि चलियै। तुबक गही तुर तंच ॥ छं० ॥ ६१ ॥

राजा का तुरंत घोड़ा छोड़ तुबक कन्धे पर रख बाराह की खोज में चलना।

तब राजन्न तुरंग तजि। गहि दिढ़ तुबक सुकंध ॥
कोहर मध्य बराह बर। करिय चोट सुर संध ॥ छं० ॥ ६२ ॥

सूअर को राजा ने मार कर बधिक को इनाम दे कर सुन्दर बारी में विश्राम किया, समय होने पर भोजन की तय्यारी होना।

कवित्त ॥ चलिग राज बाराह। अप्प बधिक इन्नाम दिय ॥
सुभर सकल सामंत। रंजि राजन्न[2] सुभंतिय ॥
बारी को सहुआन। तास धरा इह सुब्बर ॥
तहं विराम करि राज। अवर सामंत अप्प जुर ॥
जब भई गोठि तथ्थह सुबर। तब परिहार सु सह किय ॥
सामंत सुभर राजंन[3] अर। आहारे बिंजन सुलिय[4] ॥ छं० ॥ ६३ ॥

चारों ओर राजा के शिकार की बड़ाई होना।

दूहा ॥ दिल्ली वैहै वैगहन। खन्ना * अषेटक राज ॥
चावहिसि सुर जंपई। धन चहुआन समाज ॥ छं० ॥ ६४ ॥

---

(१) मो० इक। (२) मो०-राजचप्रति। (३) मो०-राजान।
(१) मो० धारा। (२) मो०-राजान। (३) मो०-लय।
* ए०-कु०-को०-वैगहन बरन अषेटक राज।

कवित्त ॥ उभय सत्त मृग मुदित । बंधि फै दैत रहति बर ॥
यों बंधे मृग बीय । कहै ओपमा चंद बर ॥
मन बंधि कुलटा विटप । ग्यांन बधि मुकतित आवै ॥
दिन बंधि आवै कुमति । काल नर बुद्धि डुलावै ॥
आनई लज्ज गुन जस पकरि । आंनि संचि आवै अजस ॥
आनई क्रोध वर कलह को । यौं आने मृग बीय गस ॥ छं० ॥ ६५ ॥
नाम स्वान गति सीह । पत्त पर भवन बाय पुर ॥
कल दृढ़ अग्गि सु ज्वाल । जीव पुज्जै न चित्त जुर ॥
दीप नयन प्रज्जरै । कन्न लंबे कँध डारे ॥
कहि ओपम कवि चंद । बीज चंचल गति हारे ॥
अति ज्वाल परिग्रह रोसभर । दुति तरंग छिति जल छलिय ॥
पामर रुषाट पंजर विहर । राज पास दसदिसि चलिय ॥ छं० ॥ ६६ ॥

राजा का अकेले बधिक के साथ शिकार के पीछे चलना और सरदारों का राजा के पीछे पीछे चलना ।

कवित्त ॥ इक्क समय राजन्न । करन क्रीला धर अप्पं ॥
विपन मध्य संक्रमन । करन आषेट सु तप्पं[1] ॥
ग्रह करि तुपक सु राज । मृग्ग छत्ती धर चल्लिय ॥
अवर सूर सामंत । फौज पच्छैं धरि हल्लिय ॥
कर हथ्थ डार दृढ़न सुपर । चले राज तुह बधिक सथ ॥
लग्यौ सुरंग आषेट कौ । कम्यौ राज पर भूमि पथ ॥ छं० ॥ ६७ ॥

शुकी का शुक से पूछना कि दिल्ली के राजा के गन्धर्व विवाह का समाचार कहो शुक ने कहा कि जादव राजा ने नारियल देकर ब्राह्मण को भेजा ।

पुच्छ कथा शुक कहो । समह गंध्रवी सुप्रेमहि ॥
स्रवन संभि संजोगि । राज समधरी सुनेमहि ॥

(४) उपमा सु । (५) मो०—सु ।
(१) आखेटक ।

... ... । इम चिंतिय मन मझ्झि ।
कै करो पति जुग्गनि ईसह । ईस पुज्जै सु जग्गीसह ॥
भुक्क चिति बाल अति लघु सुनत । ततविन विस उपजै तिहि ॥
देव सभा न जहुव न्रपति । नाल केर दुज अनुसरहि ॥ छं० ॥ ६८ ॥

ब्राह्मण का जैचन्द के यहां जाकर उसके भतीजे वीरचन्द से ससिव्रता की सगाई का संदेसा देना । एक गन्धर्व यह सुनता था वह तुरंत देवगिरि की ओर चला ।

नाल केर दुज गहिय । द्वार जै चंद गयो बपु ॥
करी षबर हे जमह । अप्प अंदर बुलाइ न्रप ॥
नाल केर दुज आनि । कह्यो राजन अब धारी ॥
देव सु गिरि न्रिप भ्रात । पुंज ससि वृत्त कुमारी ॥
सो दइय बंध नृप बीर कहु । लगन मास दिन पंच वर ॥
सुनि श्रवन एह गंधव कथ । चल्यौ सु दक्खन देव धर ॥ छं० ॥ ६९ ॥

गन्धर्व का शशिव्रता के पास आना, वह बन में विचर रही थी ।

दूहा ॥ चल्यौ सु दक्षिन देव गिरि । जहां शशिवृत्त कुमारि ॥
विपन मद्धि क्रीड़ा करन । समह बाल चितचारि ॥ छं० ॥ ७० ॥

सोने के हंस का रूप धरकर गन्धर्व का दिखलाई देना, शशिव्रता का उसको पकड़ना और पूछना कि तुम कौन हो । हंस का कहना कि मैं गन्धर्व हूं देवराज के काम को आया हूं ।

कवित्त ॥ हेम हंस तन धरिय । बिपन मद्ध विश्राम लिय ।
दिष्षि तास शशिव्रत्त । अतिहि अचरिज्ज मानि जिय ॥
बल कर गहिय सु तत्व । हत्व लै करि तिहि पुच्छिय ॥
कवन देव तुम थान । कवन माया तन अच्छिय ॥
उच्चस्यौ हंस ससिव्रत्त सम । मति प्रधान गन्धर्व हम ॥
सुरराज काज आए करन । तीन लोक हम बाल गम ॥ छं० ॥ ७१ ॥

शशिव्रता का पूछना कि हम पहिले कौन थीं और हमारा पति कौन होगा हंस का कहना कि तू चित्ररेषा नाम की अप्सरा थी, अपने रूप और गान के गर्व में इन्द्र से लड़ गई इससे दक्षिण के राजा की बेटी हुई ।

कवित्त ॥ कहै बाल सुनि हंस । कवन हम पुब्ब जम्म कह ॥
कवन पत्ति हम लहँहिं । लेष विचार लहो इह ॥
तबै हंस उच्चरौ । सुनहि शशिव्रत्ता नारी ॥
चित्ररेष अपछरि । सगीन अति रूप धरारी ॥
तिहि गरब इन्द्र सम कलह करि । क्रोध देवबंडी सुरम ॥
दच्छिन नरेस नृप तान बँधु । पुंज ग्रहै अवतार सुम ॥ छं० ॥ ७२ ॥

हंस ने कहा कि पङ्ग अर्थात् कान्यकुब्ज नरेश के भतीजा वीरचन्द्र के साथ तुम्हारे मा बाप ने सगाई की है पर वह तुम्हारे योग्य बर नहीं है ।

चौपाई ॥ कहै हंस सुनि बाल बिचारी । पंग बधुर बीर सु पुत्तारी ॥
तिहि तु दई मातु पितु बंधं । सो तुम जोग नहीं बर कंधं ॥ छं० ॥ ७३ ॥

उसकी आयु एक ही वर्ष है, इस लिये दया करके राजा इन्द्र ने मुझको तुम्हारे पास भेजा है ।

तेम रहै बर वरष इक्क मंहि । दय गय अनत भुभिभ्भ हैं समतहि ॥
तिहि चार करि तुमहि पै आयौ । करि करुना यह इन्द्र पठायौ ॥ छं० ॥७४॥

शशिव्रता ने कहा कि तुमने मा बाप के समान स्नेह किया सो तुम जिससे कहो उसी से मैं ब्याह करूं ॥

तब उच्चरिय बाल सम तेहं । तुम माता सम पिता सनेहं ॥
मुभ्भ सहाय अवरि को करिहौ । पानि ग्रहन तुम चित अनुचरिहौ ॥
छं० ॥ ७५ ॥

हंस का कहना कि दिल्लीपति चौहान तुम्हारे योग्य बर है ।

चौपाई ॥ तब बोल्यो दुजराज बिचारं। सुनि ससिव्रत्त कत्थ इक सारं ॥
दिल्ली वै चहुवान महा भर। सो तुम जोग चिन्तयौ हम बर ॥
छं० ॥ ७६ ॥

उसके सौ सरदार हैं, उसने गजनीपति को पकड़कर दण्ड लेकर छोड़ दिया।

सत सामंत सूर बलकारी। तिन सम जुद्ध सु देव बिचारी ॥
जिन गहियौ सर बर गज्जन वै। हब गय मंडि छंडि फुनि हिय वै।
छं० ॥ ७७ ॥

महा बली चालुक्य भीमदेव को जीता है। यह सुन शशिव्रता का प्रसन्न होकर कहना कि तुम जाओ और उन्हें लाओ जो वह न आवेंगे तो मैं शरीर छोड़ दूंगी।

गुज्जर वै चालुक भीमवर। ते दिन राति डरै जंगल धर ॥
बरन जोग तुम तेह बिचारं। सुनि की सुंदरि हरष अपारं ॥ छं० ॥ ७८ ॥
तहां तुम पिता कृपा करि जाउ। दिल्ली वै अनुराग उपाउ ॥
मांस षटह हों हत्तह मंडों। ष्युना आवै तौ तन छंडों ॥ छं० ॥ ७९ ॥

हंस वहां से उड़कर दिल्ली आया।

तब उड़ि चल्यौ देह दिस उत्तरि। ढिग ससिव्रत रष्षि निज सुंदरि ॥
जुग्गिनि पुर आयो दुजराजं। सोवन देह नगं नग साजं ॥ छं० ॥ ८० ॥

बन में शिकार के समय हंस का आना उसे देखकर आश्चर्य में आकर पृथ्वीराज का पकड़ लेना।

कवित्त ॥ बय किसोर प्रथिराज। रम्य हा रम्य प्रकारं ॥
सेत पष्य विय चंद। कला उहित तन मारं ॥
विपन मध्य चहुआन। हंस दिष्यौ अप अष्षिय ॥
चरन भग्ग दुति होत। हेम पक्खी वियलष्षिय ॥
आचिज्ज देषि प्रथिराज बर। धाइ न्रपति बर कर गहिय ॥
आपुब्ब दुज्ज गति दूत कथ। रहसि राज सों सब कहिय ॥ छं० ॥ ८१ ॥

दूहा ॥ बिपन मध्य आचिज्ज इह । दिष्षि राज प्रथिराज ॥
धूत दूत कलधौत तन । हंस सरूप बिराज ॥ छं० ॥ ८२ ॥

संध्या को हंस रूपी दूत का सबको हटाकर राजा को पत्र देना ।

संझ सपत्तौ न्रपति पै । दूत सु जद्दव राइ ॥
बर कग्गद न्रप हथ्थ दै । कहि श्रोतान बधाइ ॥ छं० ॥ ८३ ॥

दूत का कहना कि एकान्त में कहने की बात है । इतना कहकर चुप हो जाना ।

कह्यो दूत मन अप्पनै । जो ब्रंनो विधि जोइ ॥
दोषु[1] जानि नन ब्रंन वहि । न्रप श्रोतान न होइ ॥ छं० ॥ ८४ ॥

चौपाई ॥ अति सु मनह चिंते परि मांन । मानहु थके सिंध जल वांन ॥
दारुन अप्प एक सोइ जाइ । चिंतौ कहा सु अंनह पाइ ॥ छं० ॥ ८५ ॥

दूहा ॥ इह कहि बत्त ठठुक्कि रहि । उत्तर एक न आइ ॥
मानो उरग छछूंदरी । कंठ लगावहि धाई ॥ छं० ॥ ८६ ॥

गाथा ॥ मुष जंपी मन बत्तं । इतं जे नवाइ हिर पुछं ॥
बर चहुआन कमानं । किम जद्दों नमों नम नाउं ॥ छं० ॥ ८७ ॥

हंस का कहना कि शशिव्रता का गुण कहने को शारदा भी समर्थ नहीं है ।

दूहा ॥ इह अष्षी चहुआन सों । नतो मार कहि आइ ॥
सुनिवेकों ससिवृत्त गुन । सारदऊ सलचाइ ॥ छं० ॥ ८८ ॥

चन्द्र और सूर्य के बीच में शशिव्रता ऐसी सुशोभित है मानों शृङ्गार का सुमेर हो ।

राका अरु सूरज्ज विच । उदै अस्त दुहु बेर ॥
बर शशिवृत्ता सोभई । मनों शृङ्गार सुमेर ॥ छं० ॥ ८९ ॥

शशिव्रता के रूप का वर्णन ।

इन वै इन रूपह तरुनि । इन गुन आवै मान ॥
सो बर बर कविचंद कहि । सुनहु तो कहूं प्रमान ॥ छं० ॥ ९० ॥

(१) मो०—देशु ।

छंद चोटक ॥ बय संधिह बाल प्रमान ब्रनं। कहि चोटक छंद प्रमान सुनं ॥
बय स्यांमऽह शैशव अंकुरयं। अह अंत निसागम संकरयं ॥ छं० ॥ ९१ ॥
जल सैसव मुद्ध समान भयं। रबि बाल बहिक्रम लै अथयं[1] ॥
बरसै सब जोबन संधि अती। सु मिलें जनु षित्तह बाल जती ॥ छं० ९२ ॥
जुर ही लगि सै सब जुब्बनता*। सुमनों ससि रंतन राज[2] छिता ॥
जु चलै मुरि मारुत झंकुरिता। सु मनों मुरवेस मुरी मुरिता ॥ छं० ॥ ९३ ॥
कलकंठ सु कंठय पंष अली। गुन जंपि कवित्त सु चंद बली ॥ छं० ९४ ॥

कवित्त ॥ ससिर अंत आवन बसंत। बालह सैसव गम ॥
अलिन पंष कोकिल सुकंठ। सजि गुंड मिलत भ्रम ॥
मुर मारुत मुरि चले। मुरे मुरि बैस प्रमानं ॥
तुछ कों परसिस फुट्टि। आन किस्सोर रँगानं ॥
लीनी न अमि नक स्यांम नन। मधुप मधुर धुनि धुनि करिय ॥
जानी न वयन आवन बसत। अग्याता जोवन अरिय ॥ छं० ॥ ९५ ॥

कवित्त ॥ पत्त पुरातन झरिग। पत्त अंकुरिय उट्ठ तुछ ॥
ज्यों सैसव उत्तरिय। चढ़िय सैसब किसोर कुछ ॥
शीतल[3] मंद गुगंध। आइ रिति राज अचानं ॥
रोम राइ अंकुच नितंब। तुछ्छं सरसानं ॥
बढ्ढै न सीत कटि छीन ह्वै। लज्ज मांन टंकनि फिरै ॥
ढंकै न पत्त ढंकै कहै। बन बसंत मंत जु करै ॥ छं० ॥ ९६ ॥

पृथ्वीराज का शशिव्रता का रूप सुनकर उसके मिलने की चिन्ता में रात दिन लगे रहना। सबेरे उठते ही राजा के दूत से पूछना।

दूहा ॥ श्रवनन भव श्रोतान व्रप। मन बंछै चहुआन ॥
मनु ससिवृत्त कुंआरि कौ। पस्यो उर ह्वर बान ॥ छं० ॥ ९७ ॥

---

(१) मो०—अत्थमियं। * मो०—सु लगी अनु शैशव योबनता।
(२) मो०—राज। (३) मो०—शीत।

कवित्त ॥ निसि नरिंद चहुआन । चित्त मनोरत्थ विचारै ॥
भई दीह सब निशा । निशा सयनंतर धारै ॥
सयनंतर ससिवृत्त । चाटु चटु बैन उचारै[1] ॥
चारु चारु बर बयन । मान माननि संभारै ॥
दैवान मनोरथ चित्त बर । भव भव छन्नन कह करै ॥
भौ प्रात दूत पुच्छै न्रपति । जद्दोवै चित्तै धरै ॥ छं० ॥ ९८ ॥

हंस का राजा देवगिरि का जैचन्द के यहां सगाई भेजने और शशिव्रता के पण ठानने का वृतान्त कहना ।

दूहा ॥ बर बंध्यौ ससि वृत्त कौ । अरु न्रप भान कुंआर ॥
बेंही दिन कमधज्ज कै । नाम बीरबर भार ॥ छं० ॥ ९९ ॥
ससिवृता वृत आइ है । बरु देख्यौ बर कीन ॥
न्रप वै भान स्वयंबरह । एक व्रत्त बल लीन ॥ छं० ॥ १०० ॥
जैत षंभ मंड्यौ नृपति । बान हनन वृत लीन ॥
ता काजै दिसि दिसि नृपति । धर धर कग्गर दीन ॥ छं० ॥ १०१ ॥
इह अमंत[2] न्रप वर जितै । कियौ न मन्नै ताम ॥
दारुन वृत लीजै नहीं । इह कहि पूरि सु ठाम ॥ छं० ॥ १०२ ॥
इह सुनंत प्रस्थान दै । बर पंचमि रवि बार[2] ॥
पच्छ चलाइ गवन्न सुनि । कांनन बीरत[3] बार ॥ छं० ॥ १०३ ॥
दोऊ वाल पावक्क बनि । सुनि परि उठ्ठह गात ॥
मानों चीय चतुर्दशी । कै शशि उठ्ठिय प्रात ॥ छं० ॥ १०४ ॥
सुनि कै आसन उठ्ठि बर । ढुंढत फिरत सु जोइ ॥
कंत कंत के करत ही । कान भनक कछु होई ॥ छं० ॥ १०५ ॥
बीर चंद जैचंद बंधु । देवरु पुंज कुंअरि ॥
न्रप पठये चहुआन पै । दै शशिवृत्ता नारि ॥ छं० ॥ १०६ ॥

शशिव्रता की विरह जल्पना का वर्णन ।

(१) ए०—छ०—को०—उबारै । (२) मो०—अमृत ।
(३) छ०—बार ।

आगम बीर बसंत कौ। शिशिर संपने अंत ॥
प्रीतम पतन सु प्रीत कौ। दैन बांह सो कंत ॥ छं० ॥ १०७ ॥

कवित्त ॥ शशिर सु विथुरत बन। वियोग विछुरत बन कंते ॥
दुहन आस रहि सास। कंत आयो न बसंते ॥
उपवन पत्त झंझरिय। विरह पंजर संझंझरि ॥
आस अनहिन हुलसि। विपन हुलसै सु सलंझरि ॥
अनमेष जपत इच्छा सुघन। आनँद उर भूषन तजै ॥
दोऊन होइ कवि चंद कहि। असु रष्षिरु धज सम सजै ॥ छं० ॥ १०८ ॥

शशिव्रता का चित्ररेषा के अवतार होने तथा पृथ्वीराज के पाने के लिये रात दिन शिव जी की पूजा करने का वर्णन।

कवित्त ॥ चित्र रेष बाला विचित्र। चंद्री चन्द्रानन ॥
स्वर्ग मग्ग उत्तरी। चित पुत्तरि परमानन[1] ॥
काम वान सुंजुरी। बाल अंजुरी सु लच्छिय ॥
मार कलह उत्तरी। पुब्ब अच्छरी सु लच्छिय ॥
लच्छिन बत्तीस लच्छी सहज। रति पति चित्त सलंधरै ॥
संग्रहै वृत चहुआन कौ। गवरि पुज्ज दिन प्रति करै ॥ छं० ॥ १०९ ॥

दूहा ॥ बरनी जोग बरन्न को। बर भुल्लै करतार ॥
तिहि कारन ढुंढ़त फिरै। सत्त समुद्रह पार ॥ छं० ॥ ११० ॥

वह आप अब मिल गए देर न कीजिए चलिए।

जा कारन ढुंढ़त फिरत। सो पायौ दीलीस ॥
अब जद्दव ससिव्रत चढ़िय। दीनी ईस जगीस ॥ छं० ॥ १११ ॥

मैं महादेव जी की आज्ञा से तुम्हारे पास आया हूं।

शिवा बानि शिव वचन करि। हो येठयो प्रति तुम्भ्भ ॥
कारन कुंअरि वृत्त कौ। मन कामन भय मुम्भ्भ ॥ छं० ॥ ११२ ॥

शशिव्रता के रूप गुण का वर्णन।

(१) मो०—समानन।

सुभ लच्छ जद्दव प्रिया । कच्चियै का सु विवेक ॥
हंस कहै राजन सुनिय । उत्तिम लच्छिन केक ॥ छं० ॥ ११३ ॥

काव्य ॥ पीनो रूपीन उरजा, सम शशि बदना, पद्म पचायताक्षी ॥
व्यंबोष्टी तुंग नासा, गज गति गमना, दक्षना वृत्त नाभी ॥
संस्निग्धा चारु केशी, मृदु प्रथु जघ्रा, वाम मध्या सु वेसी ॥
हेमागी कंति हेला, वर रुचि दसना, काम बाना कटाक्षी ॥ छं० ॥११४ ॥

पृथ्वीराज का पूछना कि तुम सब शास्त्र जानते हो सो चार प्रकार की स्त्रियों के गुणादि का वर्णन करो ।

मुरिल्ल ॥ सुनि प्रथिराज हंस फिरि पुच्छिय । तुम सब जान सु लच्छिन लच्छिय ॥
चारि जुगत्ति चिया परकारं । कहु दुजराज सु लच्छिन सारं ॥ छं० ॥११५॥

हंस को देर होने के भय से कोई बात अच्छी नहीं लगती ।

दूहा ॥ कही हंस जद्दो सु कथ । लगि श्रोतान सुराज ॥
छिनन हंस धीरज धरै । लगै बान सम साज ॥ छं० ॥ ११६ ॥

हंस कहता है कि स्त्रियों की बहुत जाति हैं पर शशिव्रता पद्मिनी है ।

कहै हंस बर राज सुनि । अति अनेक है जाति ॥
पदमनि है जद्दव कुंअरि । आंन तरुनि अनि भांति ॥ छं० ॥ ११७ ॥

राजा का उत्तम स्त्रियों का लक्षण पूछना ।

राज कहै दुजराज सुनि । करि बरनन कथि सोइ ॥
को लच्छिन उत्तिम चिया । कच्चियै सो सब जोइ ॥ छं० ॥ ११८ ॥

हंस का पद्मिनी, हस्तिनी, चित्रणी, और संखिनी इन चारों का नाम गिनाना ।

चारि जाति है चीय तन । पदमिनि हस्तिनि चित्र ॥
फुनि संषिनिय प्रमान इह । मन नह रंजिय मित्त ॥ छं० ॥ ११९ ॥

राजा जा चारों के लक्षण पूछना ।

छंद पद्धरी ॥ सुनि हंस बैनं उर लगी बत्त । विधिना लिषंत क्यों मिटै पत्त ।
श्रोतान राग उर लगे राज । तन लगे बान समरह सु साज ॥ छं० ॥ १२० ॥

बुल्लेस राज फिरि हंस बत्त। सुनि श्रवन बेंन मन भयौ रत्त ॥
पुच्छनह राज सब चिय विवेक। उच्चस्यौ* हंस सा बत्त एक ॥ छं० ॥ १२१ ॥
तुम देव अंस जानौ सु भेउ। हम कहत परम दुज लहै केउ ॥
लच्छिन प्रकार चव चिय विवेक। करि वरन सुनावहु भांति नेक ॥ छं० ॥१२२॥

हंस का लक्षण वर्णन करना।

गाथा ॥ कहै बिवेक सुहंसं। चीय प्रकार चार लहि इंदं ॥
सुनि राजन सुभ वांनी। आनंदे श्रवन मझ्झेनं ॥ छं० ॥ १२३ ॥
दूहा ॥ तब दुजराज सु उच्चरिय, रे संभरि पुर इंद ॥
पदमिनि हस्तिनी चित्रिनी, संषिनि संषन नंद ॥ छं० ॥ १२४ ॥

स्त्रियों के उत्तम गुणों का वर्णन।

अरिल्ल ॥ रक्त जीभ मृग अंक सु लच्छिन वान इहि ॥
बचन सु अमृत धार रती रति जांनि जिहि ॥
इला[1] सील कुल वाल छती छामोदरी ॥
इन गुन नृप भय चारु सु चार जु सुंदरी ॥ छं० ॥ १२५ ॥

पद्मिनी का वर्णन।

कवित्त ॥ कुटिल केस पदमिनी। चक्र हस्तन तन सोभा ॥
स्निग्ध दंत सोभा विसाल। गँध पद्म आलोभा ॥
सुर सम्मुह हंसी प्रमांन। निंद्रा तुछ जंपै ॥
अलप वाद मित काम। रत्त अभया भै कंपै ॥
धीरज्ज छिमा लच्छिन सहज। असन बसन चतुरंग गति ॥
आवंक लोइ लग्गै सहज। कांम वांन भूलंत रति ॥ छं० ॥ १२६ ॥

हस्तिनी का वर्णन।

उर्द्ध केस हस्तिनी। वक्र अस्तन दसनं दुति ॥
मधुर गंध गरनाट। भुल्लि भ्रम कांम बाम रति ॥
गूढ़ सवद मन जा। विषान रंगन छामोदरि ॥
चित्र नयन चंचल। विसाल बरनी जंमोदरि ॥

* मो०—करि हंस राज यों बत्त एक। (१) कृ० ए०—इलो।

छिन हृदय हसय विहसय लहय । वसि चित्तह चित पुत्तलिय[1] ॥
नीवीय मान जानैं बहुत । कंत चित्त जादू न कलिय ॥ छं० ॥ १२७ ॥

चित्रनी का वर्णन ।

दीर्घ केस चिचिनी । चित्त हरनी चंद्रानन ॥
गंध मृग चिच निद्र । कोक शब्दन उच्चारन ॥
सील नील लज्जा प्रमांन । रत्ति भै भय घन मारै ॥
अलस नयन रस बलित । कलित कल बोल उचारै ॥
धीरज्ज छिमा छबि लोक करि । अवलोकन गुन औसरै ॥
विस्तीर्ण मंच मोहन पढै । चित्त वित्त कंतहु हरै ॥ छं० ॥ १२८ ॥

संषिनी का वर्णन ।

अलप केस कुच मूल । थूल दंती उच्चारन ॥
थूल उदर लंकीस । थूल क्रिस लंगध बारन ॥
घोर निद्र[2] तन तास । अलप रसना रस छंडै ॥
अलप सील गंभीर । सबद कलहंतर मंडै ॥
आचार भ्रंन नहि सुद्ध मन । विधि विचार विभचार घन ॥
आसंष संष संषिनि गुननि । सुष्य नाह पावै न तन ॥ छं० ॥ १२९ ॥

शशिव्रता के रूप तथा नखशिख शोभा का वर्णन ।

दूहा ॥ सुनौ श्रवन चहुवांन वर । देवगिरि नृप भान ॥
रूप अनूप अनूप गति । कहि ओपम सुनि कान ॥ छं० ॥ १३० ॥

छंदनाराच ॥ चढंत वेस सामयं । अरंभ ग्रेह कामयं ॥
उठंति एहि हस्सिता । वियड्ड चंद्र चस्सिता ॥ छं० ॥ १३१ ॥
नषं सुरंग रंजनं । तरक्क दर्प्प कंजनं ॥
हलंत पेंड रच्चयौ । अरुन्न नील कच्चयौ ॥ छं० ॥ १३२ ॥
रही सु कंति थावकं[3] । चलंत हंस सावकं ॥
दो हंस अंग अंगुरी । उपंम काक विज्जुरी ॥ छं० ॥ १३३ ॥

(१) मो०—फुत्तरिय । (२) मो०—नीद ।
(३) ए० कृ० को०—जायकं ।

मराल छोड़ मुक्कियं । चरंन चंपि लुक्कियं ॥
सुरेष पिंड सुभ्भियं । अनंग अंग लुभ्भियं ॥ छं० ॥ १३४ ॥
दीपंत जंघ पिंडुरी । भराइ काम सुंढरी ॥
दुती उपंम जंघ की । किधों उलट्टि रंभ की ॥ छं० ॥ १३५ ॥
चितिय उपंम जंघरी । षराद काम की करी ॥
कनक्क षंभ रंभ सी । अनंग रंग रंग सी ॥ छं० १३६ ॥
नितंब तुंग मंडली । सयन्न काम की छली ॥
उतंग भाग अग्रता । मनों तुलाकि दंडिता ॥ छं० ॥ १३७ ॥
छक्कीन छीन लंकयं । कमांन काम अंकयं ॥
सरोम राइ राजई । उपंम कव्वि साजई ॥ छं० ॥ १३८ ॥
सुमेर शृंग कंदकै । चढ़ै पपील चंद कै ॥
उपंम कव्वि ठट्टई । धनक्क मुट्ठि चट्ठई ॥ छं० ॥ १३९ ॥
थनं बिपान थोरयौ । अनंग बान ओरयौ[1] ॥
सुरंग रोम बाल सी । जु केवलं प्रवाल सी ॥ छं० ॥ १४० ॥
उपंम चंद ग्रीव की । मनो अनंग सीव की ॥
दुती उपंम तं लहै । कपोत कंठ कंक है ॥ छं० ॥ १४१ ॥
चिबुक्क चारु बिंद कौ । छ्यौ कलंक चंद कौ ॥
दसन्न जोति कामिनी । मनों दमक्कि दामिनी ॥ छं० ॥ १४२ ॥
हसंत छव्वि में कही । सु लच्छि रंक ढंकही ॥
सुरंग ओठ अद्ध सी । सु अद्ध रेष चंद्र सी ॥ छं० ॥ १४३ ॥
दसन्न चारु मानयं । प्रभात कै प्रमानयं ॥
दिपंत जोति नासिका । सु गत्ति कीर चासिका ॥ छं० ॥ १४४ ॥
षुभी जराइ राजई । उपंम कव्वि साजई ॥
मनों तरक्क विक्कुरे । मिलंत चंद उक्कुरे ॥ छं० ॥ १४५ ॥
तटंक कन्न राजई । उपंम ता समाजई ॥
सुकांम बाम चाढ़िकै । धरे षरास बाढ़िकै ॥ छं० ॥ १४६ ॥

(१) ए० छ० को०—आरयौ ।

सुमत्ति नास जीपकै । चुनंत कीर सीपकै ॥
सुभाइ बंक नैन की । हरंत चित्त मैंन की ॥ छं० ॥ १४७ ॥
हलंत नेंन भूव ले । धरंत चंद जूव ले ॥
लिलाट आड़ सोभई । अनंग थान लोभई ॥ छं० ॥ १४८ ॥
सुरंग केस पासयं । सु मुत्ति मंडि भासयं ॥
किरंन सूर साजकी । अहार दूध भास की ॥ छं ॥ १४९ ॥
चिषंड मंडयौ गुही । उपंम काक विज्जुही ॥
सोवन्न षंभ दुस्तरी । उरग्ग चीय उत्तरी ॥ छं० ॥ १५० ॥
शृंगार भार भारियं । विलोकि काम पारियं ॥
अवन्न मंडनं धरी । अनंग चित्त हीं हरी ॥ छं० ॥ छं० ॥ १५१ ॥
विसाल बाल विभ्भरी । कबिंद बुद्धि विस्तरी ॥ छं० ॥ १५२ ॥

राजा का पूछना कि अप्सरा का अवतार क्यों हुआ ।

दूहा ॥ जंपि राज दुज राज सम । तुम मति रूप अलोइ ॥
कवन काज अवतार इत । सत्य कहौ तुम सोइ ॥ छं० ॥ १५३ ॥

हंस का विवरण कहना ।

हंस कहै राजन्नसुनि । [1]कहों उतपत्ति चियेन ॥
सुनहु राज मन प्रसन होइ । विवरि कहों सब बेंन ॥ छं० १५४ ॥

इन्द्र और चित्ररेषा के झगड़ा तथा शाप का वर्णन ।

कवित्त ॥ एक समै सुर ईस । अप्प पुर इन्द थान गय ॥
आगम देव सुनेव । नाग पति अति उछाह भय ॥
अरघ पाद करि धूप । करै मंगल अपुव्व सुर ॥
सुभ आसन रजि रुद्र । करैं घर सार बारि तर ॥
अस्तुत्ति करन लग्गौ सुरिंद । तब प्रसन्न भय ईस प्रति ॥
उच्चरिय कूट जट इंद सों । सुभ दिष्यौ अच्छर नृपति ॥ छं ॥ १५५ ॥

पृथ्वी पर जन्म लेने का शाप इन्द्र का देना ।

रंभ घृताची मैन । मँजुघोषा सुरंग चिय ॥
उरबसि केसी नारि । तुरत तिल्लोत्तमानि पिय ॥

(१) मो०—कए उतपति तिय दौन ।

किय शृंगार सुंदरिय । आइ उभी सुर बामं ॥
देषि चिया मन प्रमुदि । हुआ मन उद्दित कामं ॥
अब सरस नृत्य कारनह कजि । जंच मृदंग [1]उपन्न सजि
अस्तुति अनेक पढि घोष चिय । पहुपंजुलि सुर इंद्र कजि ॥छं०॥१५६॥

अनेक स्तुति करने पर शिव जी का प्रसन्न होना ।

तब सु कोप धरि ईस । दियौ सुर आप पतन धरि ॥
और रंभ किय नृत्य । सुबर अन्नेक विद्दि पर ॥
बहु बिवेक कल मान । ताल मंडै चिग्गन सुर ॥
रंजि राज सुर ईस । दीन बर बानि रंभगुर ॥
अति प्रमुदि चित्त कैलास पति । उभय देव आनंद हुअ ॥
सुभ सभा बिराजै राज सुर । सुबर प्रमोदिय मन सँभुअ ॥ छं० ॥ १५७ ॥

शिवजी का प्रसन्न होकर बर देना कि तेरा जन्म राजकुल में होगा और ब्याह भी छत्रधारी से होगा । पर तेरा हरन होगा और तेरे कारण घोर जुद्ध होगा ।

दूहा ॥ करि प्रसंन सुर राज चिय । मुष अस्तुति सुर कीन ॥
बर बानी पुर इंदकै । [2]यह सुवाक्य सिव दीन ॥ छं० ॥ १५८ ॥
परै तुभ्भ उत्तिम घरनि । पुची भूमि नरिंद ॥
दुअ पष्यां सिर छचहै । करि सेवा हर इंद ॥ छं ॥ १५९ ॥
बचन ईस तें बर लहै । हरन होइ तुअ नारि ॥
कलह केलि भावन भवन । ह्वै है जुद्ध अपार ॥ छं० ॥ १६० ॥

शिव की उसी बानी के अनुसार वह अपने समान पति चाहती है ।

कही बांनि कैलास पति । मैनकेस सुनि नारि ॥
परस दोष भरतार सम । करत सु क्रीड अपार ॥ छं० ॥ १६१ ॥

(१) मो०—उपम्म ।
(२) किय वधाय दिवतीन ।

दिन पूरा होने पर उत्तम पति पाकर फिर अप्सरा योनि पावेगी ।

गाथा ॥ तुह्म दिन अंतर क्रमियं । आगम भरतार पांमि उद्ध लोकं ॥
फिरि अच्छरि अवतारं पांमै तुम्भ ईस बर बांनी ॥ छं० ॥ १६२ ॥

शाप के पीछे शिव जी कैलस गए अप्सरा मृत्युलोक में गिरी, वही जादव राज की कन्या शशिव्रता है और तुम्हें उसने पति बरन किया है ।

कवित्त ॥ दै सराय सुर नारि । अप्प करि ईस थान चलि ॥
घन अस्तुति कर इंद्र । प्रमुदि अति रुद्र वानि फलि ॥
चलै थान कैलास । परी अच्छरी [1]मृतं पुर ॥
जद्दव ग्रह चिय जाइ । उअर उप्पजी कुंअरि बर ॥
देवास थान तपि भान नृप । तिहि पुत्री ससिव्रत कुंअरि ॥
सोई वाच रुद्र देवह सुचिय । तुअ कारन साथह उअरि ॥ छं० ॥ १६३ ॥

हंस कहता है कि इस अप्सरा का अवतार तुम्हारे ही लिये हुआ है ।

दूहा ॥ और सुबर संकेत [2]सुनि । हंस कहै नर राज ॥
मैंन केस अवतार इह । तुअ कारन [3]कहि साज ॥ छं० ॥ १६४ ॥

हंस कहता है कि राजा जादव ने शशिव्रता को कान्यकुब्जेश्वर को व्याहना बिचारा है पर शशिव्रता ने तुम्हें मन अर्पण कर शिव की आराधना की। शिव की आज्ञा से मैं हंस रूप धर तुम्हारे पास आया हूं । शीघ्र चलो । राजा का प्रस्तुत होना । दस सहस्र सेना सजना ।

(१) मो०—धारा । (२) मो०—कह । (३) मो०—करि ।

छंदबाघा ॥ हंस कहै नृप राज बिचारं। जो पूछौ कारन कृत्यारं ॥
देव गिरि जहां नृप भानं। ता पुत्री ससिवृत्त सुजानं ॥ छं० ॥ १६५ ॥
सो मंगी कम धज्ज सुराजं। तिहि गुन सुनि चहुवानं सुताजं ॥
छंडे तमि पित मान सुज्ञानं। हरन वृत्त लीनै चहुवानं ॥ छं० ॥ १६६ ॥
हर सेवा सुमंडय कलेसं। तप आचरन क्रम्म संदेसं ॥
हौं गुन तास हंस भय रूपं। पुछि चिय कारन सुनिय सु भूपं ॥छं०॥१६७॥
दील्ली वै अच्छे दृढ़ नेमं। हौं पठयौ सु तुम्भ प्रति प्रेमं ॥
प्रसन ईस अंबिका समेतं। वुल्यौ राज सैल संकेतं ॥ छं० ॥ १६८ ॥
चढ़न कहिय राजन सो हेसं। उड्डि चल्लौ दक्षिण तुम देसं ॥
सुनत श्रवन चढ्यौ नृप राजं। कहि कहि दूत दुजन सिरताजं॥छं०॥१६९॥
भय अनुराग राज ढिल्ली वै। दस सहस्र सज्जी न्रप हेवै ॥ छं० ॥१७०॥

राजा का कहना कि जादव राजा के गुणों का वर्णन करो।

गाथा। जंपै दुज सम राजं। तव गुन व्रंन कीन अपारं ॥
हम गुन किम संभरियं। लग्गे श्रोतान राग किम जहां ॥ छं ०॥ १७१ ॥

हंस का राजा भानु जादव के गुण प्रताप का वर्णन करना।

दूहा ॥ हंस कहै राजन्न सुनि। इह उतपति अनुराग ॥
श्रवन सुनौ संभरि सु पहु। कहौं वृत्त संलाग ॥ छं० ॥ १७२ ॥

कवित्त ॥ देवगिरि नृपभान। सोम वंसी सुतपै नृप ॥
तिन अनंत बल तेज। बहुल है गै पैदल तप ॥
नयर मध्य कोटीस। बसै बानिक्क अनंत लछि ॥
धर्म तप्पनह पार। न कोऊ दास रहै इकु ॥
सा एक लष्ष पयदल पुलत। षग्ग जोर [1]षूंनं वहै ॥
जद्दव नरिंद सब गुन कुसल। धन प्रताप दिन दिन लहै ॥छं० ॥ १७३ ॥

उनके बेटे और बेटी के रूप गुण का वर्णन।

तास पुत्र नारेन। पुत्रि ससिवृत्ता प्रमानं ॥
दुअ अनंत सूरत्ति। रूप मकरंद सु जानं ॥

(१) मो०--खूनी।

भगिनि भ्रात दुअ प्रीत। पिता माता प्रिय मानं॥
अति उछाह रंग रमै। असन इक ठाम प्रधानं॥
सबरिष्य भई सचहारु दुअ। अति अभूत लच्छिन प्रबल॥
लालित सरूप पिय चंद सम। राजकुंअरि राजै अतुल॥ छं० ॥१७४॥

एक आनन्दचन्द खत्री था उसकी बहिन चन्द्रिका कोट में ब्याही थी, वह विधवा हो गई और भाई उसको अपने यहां ले आया।

तिन राजन कै मंच। नाम आनंद चंद भर॥
तिन भगिनी चंद्रिका। ब्याह ब्याही सु दूरि धरि॥
नैर कोट हिस्सार। तास षिचीय प्रमथ बर॥
अति सु प्रीति नर नारि। सुष्ष अनुभवै दीह पर॥
कोइक्क दिवस भर तार वहि। तुच्छ दीह परलोक गत॥
आनई बहनि फिर अप्प ग्रह। अति सु दुष्ष निसि दिन करत॥छं०॥१७५॥

वह गान आदि विद्या में बड़ी प्रवीणा थी।

दूहा॥ अति प्रवीन विद्या लहन। गान तान सुभ साज॥
केइक दिन अंतर वहिग। गइ अंते बर राज॥ छं० ॥ १७६ ॥

उसके पास शशिव्रता विद्या पढ़ती थी।

तिन संगह ससिव्रत्त सुअ। पठन विद्य सुभ काज॥
देवि कुंवरि अद्भुत अवय। रंजित है अति लाज॥ छं० ॥ १७७ ॥

उसी के मुख से आपको प्रशंसा सुन कर वह आप पर मोहित हो गई है।

कवित्त॥ जब षिचिन चंद्रिका। कहै गुन नित चहवानं॥
जेस पराक्रम राज। तेइ बरने दिन मानं॥
राजकुंअरि जब सुनै। तबै उभ्भरै रोम तन॥
फिरि पुच्छै ससिव्रत्त। सहि एकंत मत्त गुन॥

जे जे सु पराक्रम राज किय। सोइ कहै षिचिन समथ ॥
श्रोतान राग लग्यौ उअर। तो वृत्त लिनौ सुनौ सुकथ ॥ छं० ॥ १७८॥

यों ही दो वर्ष बीत गए, बाल्यावस्था बीतने पर काम की चटपटी लगी।

दूहा ॥ यों वरष्ष दुअ वित्ति गय। भइय वैस बर उंच ॥
तब कामन सु कलेव सुर। करे सेव सुचि संच ॥ छं० ॥ १७९ ॥

तभी से नित्य शिव की पूजा कर के वह तुम्हें मिलने की प्रार्थना करती रही।

हर सेवा निस प्रति करै[1]। मन वचा क्रम वंध ॥
बर चहुआन सुकामना। सेवा ईस सुगंध ॥ १८० ॥
कवित्त ॥ कहै हंस सुनि राज। करों अंनन सु कह्यो गुर ॥
दिवस च्यार प्रजंत। ओर मो सरन लहो पर ॥
सेवत नित प्रति ईस। मास पंचह वित्तिय वर ॥
एक सुदिन सिव सिवा। वचन संपुट लग्गी कर ॥
देवाधि देव सुनि ईस बर। करि सुचित्त कूंअरि सु व्रत ॥
पारथ्थ हुंड माली सरस। पर संगा गवरी करत ॥ छं० ॥ १८१ ॥
दूहा ॥ इह सुनि दस दिन गए बहि। सुनि रहि वचन सुईश ॥
एक सुदिन ससिवृत्त ने। किय द्रढ नेम जगीश ॥ छं० ॥ १८२॥
बर बरिहों संभरि सु पहु। वियौ पुरुष सुभ भ्रात ॥
मिलन कियो हर मास प्रति। भषिवै संनर घात ॥ छं० ॥ १८३ ॥

शिव पार्वती का प्रसन्न हो कर सपने में बर देना।

बचन सिवा सिव वाच दिया। पति पावै चहुआन ॥
बर प्रमुदिय प्रथमाधि पति। हुअ सुपनंतर मान ॥ छं० ॥ १८४ ॥
कै जानै मन अप्पनौ। कै षिचिन कै ईस ॥
और शिवा सुनि ईस प्रति। किय अस्तुति बर दीस ॥ छं० ॥ १८५ ॥

(१) मो.—करन।

प्रसन्न हो कर शिव पार्वती ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है कि जयचन्द ब्याहने आवेगा सो तुम रुक्मिणी हरण की भांति इसे हरण करो।

कवित्त ॥ हुअ प्रसंन सिव सिवा। बोलि हूं पठय तुम्भ्भ प्रति ॥
इह बरनी तुम जोग। चंद जोसना वान वृत ॥
ज्यों रुकमिनि हरि देव। प्रीति अति बढ़ै प्रेम भर ॥
इह गुन हंस सरूप। नाम दुजराज भनिय चर[1] ॥
बुल्लिय सु पिता कमधज्ज नर। ब्याहन पठयौ सु गुर दुज ॥
आवै सु भ्रात जैचंद सुत। कमध पुंज ब्याहन सुकज ॥ छं० ॥ १८६ ॥

राजा ने फिर पूछा कि उसके पिता ने क्यों ब्याह रचा और क्यों प्रोहित भेजा।

दूहा ॥ फिरि राजन यों उच्चरिय। सुनि दुजराज सुजान ॥
पिता ब्याह क्यों कर रचिय। क्यों प्रोहित पठवान ॥ छं० ॥ १८७ ॥

हंस का कहना कि राजा ने बहुत ढूंढ़ा पर दैव की इच्छा उसे जयचन्द ही जंचा। वहां श्रीफल ले प्रोहित को भेजा।

कवित्त ॥ कहै दुज सकल बांनि। अहो ढिल्ली नरेस सुनि ॥
देवगिरी जद्दव नरेस। रचि बहु भांति व्याह गुनि ॥
अति रचना विधि करिय। तासु गुन कहि न सकों बर ॥
संषपक दुज कही। सुनि रु राजंन कहै नर ॥
प्रोहित सुहत्थ जदुनाथ लै। पठइय श्रीफल सुदिन धरि ॥
कनवज्ज दिसा इक मास प्रति। चलि[2] राजन गुर मिलि सुजुरि ॥ छं० ॥ १८८ ॥

प्रोहित ने जयचन्द को जाकर श्रीफल और वस्त्राभूषण आदि अर्पण किया।

मिले राज जयचंद। सु गुर प्रोहित्त समत्थं ॥

(१) मो.—वर। (२) मो.—चल्लि राजगुर।

पठए जद्व सुनाथ। वस्त श्रीफल सुभ सत्थं ॥
हय साकति सजि पंच। सहस इक वस्त्र पटंबर ॥
मुत्ति माल जुरि पंच। अवर जो वस्त ब्याह पर॥
हेमंग पंच सत लेइ दुज। सुर राजन अग्गै धरिय ॥
ते बस्त अनेकं बिधि सुबर। रंजि राज अप्पन सु जिय॥ छं० ॥ १८९॥

टीका देकर प्रोहित ने कहा कि साहे को दिन थोड़ा है सो शीघ्र चलिए।

मिलि प्रोहित जैचंद। दियौ श्रीफल सुविंद कर ॥
जे पठई बर वस्त। अग्ग लै धरिय राज बर ॥
सोइ श्रीफल कमधज्ज। दियौ सुइ अवध पुंज नर ॥
अति उछाह माननिय। मिले रस हास परसपर ॥
बोलयौ तब प्रोहित सुबर। अहो राज पंगुरन सुनि ॥
लै चलै बींद ननकरि [1]बिलंब। दिन तुच्छै साहौ सु पुनि॥ छं०॥१९०॥

प्रसन्न होकर जयचन्द का चलने की तयारी और उत्सव करने की आज्ञा देना।

दूहा ॥ ह्वै प्रसन्न बहु पंगुरै। दियौ हुकुम सुअ बंध ॥
प्रेरि सथ्थ जब अप्प पर। अति पर घर सुअ नंध ॥ छं० ॥ १९१ ॥
सज्जि सेन चतुरंग नर। देवग्गिरि कज ब्याह ॥
अति अगनित सथ द्रव्य लिय। नर उच्छव करनाह ॥ छं० ॥१९२॥

हंस कहता है कि वह पचास सहस्र सेना और सात सहस्र हाथी लेकर आता है अब तुम भी चलो। पृथ्वीराज ने दस सहस्र सेना लेकर चलना विचारा।

छंद पद्धरी ॥ चढि चलिय सब्ब रट्ठौर सेन। उडि रेंन रथ्थ रुक्किय सुगेन ॥
दस लष्ष सेन सज्जिय कमंध। वारुनिय गंध द्वै सजि मदंध ॥छं०॥१९३॥
सा अड्ड लष्ष पै पुलिय नैर। हज्जार सात मैगल सु भैर ॥

(१) मो.- विरम।

दर कूच परे बल बंस [1]बीर। व्याहनह काज उच्छव सु बीर ॥छं०॥१९४॥
कह हंस राज राजन सु बत्त। चढ़ि चलौ कलू रष्षन सुकत्थ ॥
तुम योग नारि बरनी [2]कुमारि। हूं पठय ईस तुअ वृत्त नारि॥छं०॥१९५॥
उन लियौ वृत्त तुअ दृढ्ढ नेम। नन करि विरम्म राजन सु एम ॥
इक मास अवधि दुजकहै वत्त। व्याहन सु काज मन करौ [3]रत्त॥छं०॥१९६॥
बर ईस भयौ अरु सिवा बानि। सुख लहौ बहुत हम दुज बषानि ॥
सुनि सुनि अवन अनुराग कौन। तन रोम अंग उभ्भारि चीन्ह॥छं०॥१९७॥
दस सहस सेन सजि पास राज। चढ़नैं सुचित्त करि बाज साज ॥छं०॥१९८॥

पृथ्वीराज का शशिवृता से मिलने के लिये संकेतस्थान पूछना।

दूहा ॥ कह संभारि बर हंस सुनि। कह जहौं संकेत ॥
कौन थान हम मिलन है। कहन बीच संमेत ॥ छं० ॥१९९॥

ब्राह्मण का संकेतस्थान बतलाना।

गाथा ॥ कह यह दुज संकेतं। हो राज्यंद धीर ढिल्लेसं।
तेरसि उज्जल माघे। व्याहन बरनीय थान हर सिद्धिं ॥छं०॥२००॥

राजा का कहना कि मैं अवश्य आऊंगा।

दूहा ॥ तब राजन फिरि उच्चरै। हो देवस दुजराज ॥
जो संकेत सु हम कहिय। सो अष्षौ चिय काज॥ छं० ॥ २०१ ॥

हंस का कहना कि माघ सुदी १३ को आप वहां अवश्य पहुंचिए।

अरिल्ल॥ सो अष्षिय हम नेम सु दृढ्ढं। तुम अवस्य आवो प्रभु गढ्ढं ॥
सेत माघ चयोदसि सा वहि। हर सुकलेव थांन सुति भावहि॥छं०॥२०२॥

इतनी वार्ता करके हंस का उड़ जाना।

दूहा ॥ इह कहि हंस सु उड़ि गयौ। लग्यौ राज श्रोतान ॥
छिन न हंस धीरज धरत। सुख जीवन दुख प्रान ॥ छं० ॥ २०३ ॥

(१) मो.—धरि। (२) मो.—कुंआरि। (३) मो.—सत्त।

दस हजार सेना सहित पथ्वीराज का तैयारी करना।

दस सहस्र हेंवर चढ़िय। न्रप दिल्ली चहुआन॥
हुकम सद्दि साहन कियौ। दै सूरन विलहान॥ छं० ॥ २०४॥

राजा का सब सामंतों को हाथी घोड़े इत्यादि बाहन देना।

छंद भुजंगी॥ दियौ कन्ह चहुआंन मानिक्क बाजी। जिनैं देषतें चित्त की गत्ति लाजी
मुषं मभ्भ पायं कढ़ै वाज राजं। मनो वग्ग भीषं कृतं कढ्ढि पाजं॥छं०॥२०५॥
दियौ बाजि इंदं बरं जाम देवं। दिपै तेज ऐसैं चिरं पंष एवं॥
धरै पाइ ऐसे इलं मभ्भ जेसे। सुनै जैन भ्रंमं धरै पाइ तेसे॥ छं० ॥ २०६॥
चढ्यौ राव कैमास चिन्तं तुरंगी। रहै तेज पासं उछ्छंत अंगी॥
[1]चमक्कंत [2]नालं विसालं खुरंगी। मनो बीज छ्छी कि आभा अनंगी छं०॥२०७
उड़ै झार झारं पयं नाल झारी। समं बूंद धावै मनौं चार तारी॥
चढ़े राजहंसं सु चामंड [3]जोटं। मनो तेज बंधी मुनी बाइ मोटं॥छं० ॥२०८॥
डुलै [4]कंन नांहीं सिलौका सुग्रीवं। मनों जोति बंधी [5]सुनूवात दीवं॥
चढ्यौ राज षीची प्रसंगं पहूपा। उड़ै वास ज्यों वाय [6]वग्गै अनूपा॥छं० २०९॥
बंध चैंर चित्तं चमक्कंत चाहं। हरद्वार छुट्टै कि गंगा प्रवाहं॥
चढ्यौ राज पट्टं अजानंत बाहं। कही कव्विराजं उपम्माति चाहं॥ छं० ॥२१०॥
दियै [7]बीच तारी कोई नाहि पुज्जै। बलं ताहि दिष्षै सरित्ता अमुझै॥
दियौ मृग्गराजं चढ्यौ देवराजी। उड़ै पंखि पाजी रही पच्छ लाजी॥छं०॥२११॥
चढ्यौ निड्डुरं राइ अंगं अभंगं। छुटै जानि तारान के व्योम मग्गं॥
चढ्यौ हाहुली राइ जंबू नरिंदं। बढ्यौ बांन ज्यों तेज कम्मान चंदं॥छं०॥२१२॥
चढ्यौ लंगरी राव लंगा सुबीरं। किधों वाय बढ्यौ बुअं जानि धीरं॥
चढ्यौ राज गोइंद आहुट्ठ राजं। किधों वाय बुंदं स छुट्टीय साजं॥ छं० ॥२१३॥
चढ्यौ राव लष्षं सु लष्षं पवारं। भ्रमें अंग ऐसे उपम्मा विचारं॥
किधों अग्गि दंडं ब्रजं बाल फेरैं। किधों भोर हथ्थं किधों चक्क हरैं॥छं०॥२१४॥

(१) मो.--चमक्काति। (२) मो.--तालं। (३) ए.--जोतं। (४) ए.--कैन। (५) ए.--सुनि बात। (६) मो.--वेगै। (७) मो.--वाच।

किधों राति बोहिथ्थ भ्रमि भोर नारं। कही चंद कब्बी उपंमाति चारं।
चढ्यौ चंद पुंडीर राजीव नामं। तिनं [1]ओपमा चंद देषी बिरामं॥छं०॥२१५॥
जिनें गत्ति जौती सयन्नं पगारं। चली अंषि के पंष चित्तं बधारं॥
चढ्यौ अत्त ताई उतंगं तुरंगा। मनों बीज की गत्ति आभा अनंगा॥छं०॥२१६॥
चढ्यौ राव रामं [2]रघूवंस बीरं। गतिं स्रूर जित्ती मृगं चंद भीरं॥
चढ्यौ दाहिमं देव नर सिंघ कैसे। मनों चित्त की अर्थ की गत्ति जैसे॥छं०॥२१७
चढ्यौ भोज राजं पहारं चिनैतं। फुटै सद्द तंजं अवाजं [3]चितेतं॥
चढ्यौ बीर जोद्धं कनक्कं कुमारं। चली कृत्य पूरन्न आचार पारं॥छं०॥२१८॥
चढ्यौ राव पज्जून कूरंभ बीरं। बढ़े लोह अग्गं धनं जैतपूरं॥
चढ्यौ सामलौ स्रूर सारंग ताजी। गही होड़ बंधी वयं वाम पाजी॥छं०॥२१९॥
चढ्यौ अल्हनं बीर बंधव्व पानं। चढ्यौ दान ज्यों ग्रहंनं जुद्ध वानं॥
चढ्यौ लष्ष लष्षी सलष्षं बघेला। बढ्यौ नेत ज्यों देह देषै सु हेला॥छं०॥२२०॥
चढ़े सब्ब सामंत छल बलत बीरं। मनों भान छुट्टी [4]किरन्नी कि तीरं॥
चढ्यौ बाज राजं प्रथीराज राजं। तबै पष्षर्‌यो बाज साकत्ति साजं॥छं०॥२२१
उड़ैं स्रूर ज्यों हंस तुट्टै कमंधं। बरं ओपमा चंद जंपी कविंदं॥
द्रुमं ज्यों मरोरै [5]शिरं स्वामि हेतं। मयूरं कला बाज रची बंधि नेतं॥छं०॥२२२॥
चढ़े सब्ब सामंत सामंत बीरं। तबै जग्गियं जानि जोगाधिधीरं॥
जगी जोग माया सु जग्गीय थानं। प्रलीनं प्रलै ज्यों प्रलीनं प्रमानं॥छं०॥२२३॥
जगें बीर बीराधि डोरूं बजावैं। नचै नद्द नंदी चिघाई चिघावैं॥छं०॥२२४॥

माघ बदी पञ्चमी शुक्रवार को पृथ्वीराज का यात्रा करना।

दूहा॥ [6]आगम निगम जांनि कै। चलि न्रप [7]सुक्रंवार॥
माह वद्दि पंचमि दिवस। चढ़ि चलिये तुर तार॥छं०॥२२५॥

चन्द का सेना की शोभा वर्णन करना।

छंद चोटक॥ कवि चंद सु व्रंनन राज करं। सोइ चोटक छंद प्रमान धरं॥

(१) मो.-उप्पमा। (२) मो.--रघोबंस।
(३) मो.--त्रिनेतं। (४) मो.--किरन्नं।
(५) ए.--सिरं। (६) ए.--अगम निरागम।

जिहि च्यार परे सगना सगनं। सुभ अच्छिर लाइ तजै अगनं॥छं०॥२२६॥
विवहार धरै बरनं सु बरं। पढ़ि पिंगल बाहन केन हरं॥
वर चोजन चारु सुरंग इलं। तहां भौर न मोर सुरंग हुलं॥छं०॥२२७॥
गज उप्पर ढाल ढलक्कि तरं। सुकहों तहां केलि [1]अचिज्ज बरं॥
तहां पल्लव [2]लक्षित रत्त बचं। तहां जे धन दंतिय पंति रचं॥छं०॥२२८॥
झमकैं बर नंग मयूष कसी। निकसी तहां केतक सी बिकसी॥
सु चलें बर मंद सुगंध प्रकार। बढ़ी दिसि दस्स सु उज्जल मार॥छं०॥२२९॥
बजै महु रंग सु गंधन भंग। बजे सहनाइ न फेरि [3]उपंग॥
हलै बर लत्त पवन्न झकोर। घरघ्घर होहिं पिलप्पित जोर॥छं०॥२३०॥
बुलै कल कंठ सु कंठह सद्द। तहां चढ़ कब्बि वसीठ उवद्द॥
सकस कुसंम रु अंकुस पानि। हने हर काम असो [4]गज जानि॥छं०॥२३१॥
अतसी बर पुप्फ सु वाढ़हि भृंग। बजै गज पांनि सु इंदुब रंग॥
लता ललिताह हलावन ढाल। उतह जम लग्गय रुपतिताल॥छं०॥२३२॥
विकासित केसर [5]कुंकुम कांम। सरोज [6]सुरंभ अनूपम नांम॥
उहां मिटि ताल तरंगिनि कांम। उहां चलिते नियना तिहि ठांम॥छं०॥२३३॥
उहां बरहा जनु उप्परि केल। किने तब ढीठ हिया छबि मेल॥
हलै जनु नेजे षजूर बसंत। ढली बन राह सुढालह मंत॥छं०॥२३४॥
तजी बर बाल सुरंग सुभेस। चल्यौ प्रथिराज सु दष्पिन देस॥
विरदै चहु विप्र कहै कविचंद। सही चहुआन प्रथी पर इंद॥छं०॥२३५॥

दूहा॥ चढ़ि चलिय प्रथिराज बर। देवग्गिरिधर राज।
तब सुकन्न बरदाय बर। पुच्छिय बिगत सुकाज॥छं०॥२३६॥
कहत कन्न बरदाय बर। अहो राज सुभ मांनि॥
कहो पथांन सज्यौं कहां। सोहम कहौं प्रमांन॥छं०॥२३७॥

चलने के सयम राजा को भय दिलानेवाले सकुनों का होना।

(१) मो.--अचज्जि। (२) मो--लालित।
(३) ए.--उतंग। (४) मो.--गिन।
(५) ए.--कुसुम। (६) मो.--सरूप।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज । सगुन भै भीत उपन्नौ ॥
स्यांम अंग तन छिद्र । कलस संमुहं सपन्नौ ॥
रत्त वस्त्र आरुह्य । रत्त तिलकावलि छुट्टिय ॥
मुकत माल छुट्टियं । केस छुट्टिय कस तुट्टिय ॥
लुट्टिय अनंग भय भीत गति । मन अलुभ्भ निद्रा [1]असति ॥
विभ्भाइ भाइ उनमोद पति । मंद मंद सक्रति हसति ॥छं०॥२३८॥

राजा का इन शकुनों का फल चन्द से पूछना ।

अरिल्ल ॥ सो भय भीत देषि कवि पुच्छिय । जंपि कहौ मति मोहि सु अच्छिय ॥
तुम सब जांन न्निमान प्रमानं । जंपि कहौ कविराज सुजानं॥छं०॥२३९॥

चन्द का कहना कि इस शकुन का फल यह होगा कि या तो कोई भारी झगड़ा होगा या ग्रहविच्छेद ।

दूहा ॥ पाछे बीर सगुन्न भय । ते कहंत कविचंद ॥
कै दंदग्गेनय ऊपजै । कै नवीन ग्रह दंद ॥ छं० ॥ २४० ॥

चन्द ने राजा को जैचन्द के पूर्व वैर का स्मरण दिलाकर कहा कि इस काम में हाथ देना मानों बैठे बैठाए भारी शत्रु को जगाना है ।

कवित्त ॥ सीस डोलि कविचंद । चित्त अंदेह उपन्नौ ॥
पुब्ब बैर चहुआन । बैर कमधज्ज दिपन्नौ ॥
सवर जोर संग्राम । निबर अँगम्यौ न जाइय ॥
को जम हथ्थ पसारि । लेह [2]ग्रह अप्प बुलाइय ।
[3]मंडाय पेट डंकिन सरसि । कोन बांह सायर तिरै ॥
[4]अपसगुन जानि चहुआन चलि । दै विधान न्निम्मित करै ॥छं०॥२४१॥

वय, पराक्रम, राज और काम मद से मत्त राजा ने कुछ ध्यान न दिया और दक्षिण की ओर शीघ्रता से वह चला ।

(१) मो.-असित (२) मो.-सह । (३) ए. कृ. को.-मेडाप्र । (४) ए. कृ. को.-असुम्भ ।

कवित्त ॥ बेस मद्द बल मद्द। और बंध्यौ सुरतानी ॥
राज मद्द उनमद्द। काम मद्दह परिमानी ॥
अरु अवनौ औतांन। तौन बंध्यौ चहुआनं ॥
दल बद्दल पावस्स। चल्यौ दछिन धर वानं ॥
[1]छतीस कुली बर वंस विय। चढ़ि प्रथिराज नरिंद चलि ॥
उपवन्न बंब बज्जी बिषम। खान थान दिगपाल हलि ॥छं०॥२४२॥

पृथ्वीराज से पहिले जैचन्द का देवगिरि पहुंचना।

दूहा ॥ इन अग्गैं कमधज्ज लै। आइ सँपतौ थान ॥
माघ नवमि चंबक बजै। चहुआना परिमान ॥ छं० ॥ २४३ ॥

जैचन्द के साथ की एक लाख दस हजार सेना का वर्णन। जैचन्द का आना सुन शशिवृता का दुखी होना।

कवित्त ॥ [2]एक लष्ष दस अग्ग। सेन सज्जे कमधज्जं ॥
बीय सहस बारुन्न। सत्त हज्जार फवज्जं ॥
अद्ध लष्ष पैदल्ल। अद्ध साइक वहंतं ॥
सजि समूह चतुरंग। दिसा दछिन [3]परजंतं ॥
सुनि अवन कुंअरि शशिवृत्त लिय। सुनि अवाज बर बीर घन।
चहुआन वृत्त लीनी अभ्रम। प्रान हीन कढ्ढन सुमन ॥छं०॥२४४॥

शशिवृता मन ही मन देवताओं को मनाती है कि मेरा धर्म न जाय और उसका प्राण देने को प्रस्तुत होना।

दूहा ॥ मिलि पूजै बर बीर कौ। करी भगति घन भाइ ॥
बाला प्रान [4]सुकढ्ढनह। अंतर अम्म न जाइ ॥ छं० ॥ २४५ ॥

सखी का समझाना कि व्यर्थ प्राण न दे, देख ईश्वर क्या करता है। ईश्वरी लीला कोई नहीं जानता। सखियों

(१) मो.-छत्रीस। (२) ए.कृ. को.-एह।
(३) ए. कृ. को.-फरजंतं। (४) मो.-फढ्ढतँह।

का श्रीरामचन्द्र, पाण्डव आदि के प्राचीन इतिहास सुनाकर धीरज धराना।

[1]कहै सषौ समझाइ कर। पुब्ब कथा कहुं मंडि ॥
घरी अद्ध जो सुनिहि तुअ। प्रान बाल नन छंडि ॥ छं० ॥ २४६ ॥
छंद पद्धरी॥ मिलि बाल ताहि रचि कहै बत्त। संग्रहन भवन क्यों मिटै पत्त॥
दैवान बत्त जानै न कोइ। लिष्षे जु अंक मिट्टय न सोइ ॥छं०२४७॥
बल बीर जुद्ध पंडव नरेश। बन ग्रह्यौ राज मुक्क्यौ सुदेश॥
[2]जिप्पनह सब्ब दृगपाल जोग। संध्यो सुजोग तजि राज भोग ॥छं०॥२४८॥
बलि राइ जग्य आरंभ सत्य। जित्तनह इंद्र आरंभ पत्त ॥
मुक्किय सुथान तिन मान षंडि। सेवह सुदेव पाताल मंडि ॥छं०॥२४९॥
कट्टन कलंक शशि जग्य कीन। का कुष्ट अंग छिन मान हीन॥
नघु राइ कीन राज सु अनूप। का कुष्ट काल संहर्‌यौ कूप॥छं०॥२५०॥
श्रीराम हथ्थ पकर्‌यौ प्रवीन। आरन्य बहुत दुष सीय कीन ॥
गुरुदेव चिया तारा प्रमान। झकझोरि परी देवन समान ॥छं०॥२५१॥
सिय लई निशाचर रूप चीन्ह। मिलि देव जुद्ध आरंभ कीन॥
आतम्म घात [3]मंडो विशाल। पावै न सुष्प वंभ्रमें काल ॥छं०॥२५२॥
तिय मात तात बंधह सु देहि। बाला विचित्र ते [4]वृत्त लेहि ॥
कुलजाहि ध्रंम ग्रह राजनीति। जे मँडहि बाल गुर जनन जीति॥छं०॥२५३॥
शशिवृत्त जु वत्तिय मत्ति मानि। हित काज मत्ति हम दै प्रमान ॥
पंषी न पच्छि को लगै धाइ। आवै न वृत्त पै जंम जाइ ॥छं०॥२५४॥
आवै न मेह ग्रह लगै अग्गि। पावै न जीव को दान मग्गि ॥
मानै न विनति तिन मंत सुझ्झ। जनु कान हीन गुर कही गुझ्झ॥२५५॥
मंनै न बाल उर मत्त मान। चिंत्यौ सुतात कढ्ढन परान ॥छं०॥२५६॥
चौपाई ॥ मिलि मिलि बाल रचावैं बाले। तन मन मनै न चित व्रत साले ॥
बहुत करे सिंगारे सारे। मनो मृतक नव रंग न धारे ॥छं०॥ २५७॥
छंद पद्धरी ॥ राजन अनक पुत्री त्ति व्याह। शशिवृत्त देव कन्या सिवाह ॥

(१) मो.-कही। (२) मो.-जिप्पतह।
(३) मो.-मंडै। (४) ए. कृ. को.-कृद्द।

चहुआन चिंत जुग्गिन [1]पुरेस। आवृत्त बीर जिन करहु भेस॥ छं०॥२५८॥
निब्बरै बाद जौ करौ मंच। साध्रम्म वीर कढ्ढै [2]जु कंत॥छं०॥२५९॥

राजा का पृथ्वीराज के आने और शशिवृता के प्रेम का समाचार जानकर हंमीर संमीर (?) से मत पूछने लगा।

दूहा॥ कंति कंति प्रति बढ्ढई। चढ़ै चाइ चहुआन॥
मो पुच्छै प्रति तान जो। बीर चंद दै दान॥ छं०॥ २६०॥

हंमीर संमीर का मत देना कि वीरचन्द को कन्यादान दीजिए।

गाथा॥ बीरं चंद सुदानं। पानं विधाय नित्तयौ गुरयं॥
बुल्लै न्रप हंम्मीरं। साइ संमीरं साइ मंगायं॥ छं॥ २६१॥
दूहा॥ ज हंमीर संमीर गति। समुह सु दुज्जन भेव॥
जिन बड़वानल कुप्पयौ। सार मत्ति प्रति सेव॥ छं०॥ २६२॥
सार भार संसार कौ। नव निधि नव प्रति पान॥
व्याह वीर शशिवृत्त कौं। अप दीजैं प्रति दान॥ छं०॥ २६३॥

कन्या के प्राण देने के विचार और शकुन विचार से राजा भानु ने चुपचाप पृथ्वीराज के पास दूत भेजा।

बाल प्रान कढ्ढत सुपुनि। सगुन एक मन मान॥
बढि अवाज चहुआन की। अली सुन्यौ अप कान॥ छं०॥ २६४॥
यों सु सुनिय न्रप भांन नैं। पुचि प्रलय व्रत कौन॥
चर [3] पिष्पिय चहुआन पै। जद्दव [4]मोकल दौन॥ छं०॥ २६५॥

राजा ने पत्र में लिखा कि शिव पूजा के बहाने शिवाले में तुम को शशिवृता मिलेगी।

मुक्काए मति वंतिनी। न्रप कग्गद दै हथ्थ॥
पूजा मिसि बाला सुभर। संभु थान मिलि तथ्थ॥ छं०॥ २६६॥

(१) ए. कृ. को.- परेस। (२) मो.-सु।
(३) ए. कृ. को.-छिप्पय। (४) मो.-कलि।

इधर पृथ्वीराज के सरदारों का उत्साहित होना।

कवित्त ॥ हय गय दल चतुरंग। कंक मंड्यौति कन्ह सिर ॥
राजहव वग्गरी। रांम रघुवंस जुद्ध जुर ॥
निडुर रा रट्ठौर। सेन सज्जै भ्रत रज्जै ॥
एक एक संपज्ज। एक एकन गुन लज्जै ॥
जुग्गिनि डहकि बंबरि लसथ। जिम जिम शंकर सिर [1]धुनिय ॥
अत ताइ उत उत्तंग बर। बावारो सारह [2]सुनिय ॥ छं० ॥ २९७ ॥

कवि कहता है गन्धर्व व्याह शूरवीर ही करते हैं।

गाथा ॥ सार प्रहारति भेवो। देवो देवत्त जुद्धयौ बलयं
गंध्रव्वी प्रति व्याहं। सा व्याहं सूर कलयामं[3] ॥ छं० ॥ २९८ ॥

पृथ्वीराज का आना सुनकर मन ही मन राजा भान का प्रसन्न होना, परन्तु वीरचन्द का सशंकित होना।

कवित्त ॥ सन [4]सद्धि संमुहिय। भान आवाज राज सुनि ॥
प्रान लद्धि जो मद्धि। लाज लभ्भौ जु सूर धुनि ॥
प्रिय विरहिनि रिधि रंक। कै ध्यांन लभ्भै जोगिंदं ॥
बलह काम कलहंत। कि कह विश्वासत इंदं ॥
संभरिय कान संभरि नृपति। बीर चंद आगम विषम ॥
निह काल काल भंजन गढ़ै। बढ़ै सार सारह विभ्रम ॥छं०॥२९९॥
दूहा ॥ सार धार पूजै नहै। षिति सामंत न नाथ ॥
आवृत बीर क्यों पूजई। दैव दैवतह साथ ॥ छं० ॥ २७० ॥
गाथा ॥ दुअ वंस अंस सरिसं। बज्जं बाहु बलयो बलयं ॥
बज्जं दृष्टिति रिष्टं। सानिष्टं अष्टयो किलयं ॥ छं० ॥ २७१ ॥
अरिल्ल ॥ बर बरिष्ट बर लोभ प्रकार। लष्प लष्प सा मंतह सार ॥
तिन बर बर अंगम प्रति जानिय। सो देवत देवत्तह मानिय ॥छं०॥२७२॥
कवित्त ॥ अति प्रचंड बलवंड। बैर [5]बाहरू तत्ताइय।

(१) मो.-धुनय। (२) मो.-सुनय। (३) कलयामि। (४) मो.-मध्य।
(८) मो.-बाहरू तनाइय।

माया हीन मसंद। दंद दारुन डर नाइय॥
दल दुंदन सिंधु रहि। बाहु दंतन उष्षारहि॥
एक एक संग्रहै। एक शस्त्र करि डारहि॥
दैवत्त वाह दैवत्त भर। दवग्गिरि संमहौ चलिय॥
बर बीर धीर साधन सकल। अकल महूरति मति कलिय॥छं०॥२७३॥

दूहा॥ अकल वीर रस अफल भुज। कलि न जाहि सामंत॥
भीम भयानक बल सु दृत। जे भंजै गज दंत॥ छं०॥२७४॥
[1]लभ्भै जस लिष्षीय बर। दैव जोग नह[2] हथ्थ॥
पुब्ब दई प्रथिराज कौं। सोइ प्रन मन समरथ्थ॥ छं०॥ २७५॥
चाहुआन कै कृत सयन। मरन सरन प्रथिराज॥
उभै सिंघ दुअ बीच पल। उभै सिंघ सिर ताज॥ छं०॥२७६॥

गाथा॥ घटिका उभय सु देवो। रहियं निकट राजनं ग्रामं॥
जानिज्जै न्रप नैरं। दिष्ष न काजैव सोभियं नैनं॥ छं०॥ २७७॥

दूहा॥ रंध्र गवष्षनि नैर मधि। जारि न चिंत प्रमान॥
मानहु न्रप प्रथिराज कौ। रंध्र नैन [3]प्रत प्रान॥ छं० २७८॥

पृथ्वीराज का नगर में होकर निकलना, स्त्रियों का झरोखों से देखना। शशिव्रता का प्रसन्न होना।

कवित्त॥ दुहूं पास न्रप नयर। राज दिष्षै प्रति राजं॥
मनों हथ्थ बर नयर। राज संमुह प्रति साजं॥
कोट कठिन मेखल सु। कटि दिग पलक उघारिय॥
राज कित्ति संभरन। गोष अवनन संभारिय॥
किंकिनि सुपाइ घुंघर सु गज। राज निसान सबद्द प्रति॥
चहुआन राव आगम सुव्रत। कमल हीय बढ्ढिय मुरति॥छं०॥२७९॥

राजा भान के हृदय में पृथ्वीराज का आना सुनकर हर्ष शोक साथ ही उदय हुआ।

(१) मो.-लभै सुजस लिक्खंत बर (२) मो.-नन।
(३) मो.--तजि।

दूहा ॥ काम कलह रत बढ्ढि प्रति। सुनिय भान न्रप कान ॥
आनंदह दुष उप्पज्जौ। मरन सु निश्चय मान ॥ छं २८० ॥
श्लोक ॥ मंगलस्य सदा व्याहं। अव्याहं सु मंगलं ॥
ब्रह्मा चकितं समो दृष्टे। [1]जेक कंज सु कंजभिः ॥ छं० २८१ ॥

पृथ्वीराज की सेना का उमङ्ग के साथ नगर में घूमना।

कवित्त ॥ फिरिग पंति चिहु पास। सूर उम्भौ चाव हिसि ॥
अतित जुद्ध आवद्ध। मत्त[2] बरषंत बीर असि ॥
और व्याह मंगलह। व्याह मंगल अधिकारिय ॥
परि पिशाच दानव। सु बुधि मग्गह विच्चारिय ॥
नन करहु तात दुष पुत्त कौ। घर लीनौ जम सद्दकैं ॥
प्रथिराज राज राजन बलिय। को पुज्जै रन बद्दिकैं॥ छं० ॥ २८२ ॥
दूहा ॥ को पुज्जै बद्दत [3]सुरन। बयन सयन प्रथिराज ॥
अद्दत जित्ति जित्तिय सयल। [4]को मंडै कृत काज ॥ छं० ॥ २८३ ॥
गाथा ॥ को मंडै क्रत काजं। साजं जुद्धय सूर योवनं ॥
तारिज्जैं सजि राजं। बंकिम भूमायं विषमयं होई ॥ छं० ॥ २८४ ॥

देवालय में शिव पूजा के लिये शशिवृता का जाना। पृथ्वीराज का वहां पहुंचना।

देवालय भगवती। पूजैवं पूजयो बालं ॥
सुबर पुछ्यौ प्रथिराजं। कुज संसा बीरयो हृष्थं ॥ छं० ॥ २८५ ॥

पृथ्वीराज की प्रशंसा।

दूहा ॥ विषम ठौर बंकम बिषम। कल [5]सोभित वृत कंद ॥
जो प्रथिराजह अंग में। मनों प्रथी पुर इंद ॥ छं० ॥ २८६ ॥
मनों राज पृथ्वी पुरह। धनि सुध्रम्म लवलेश ॥
मानहु बीर नरिंद कौ। रति आयौ अविशेश ॥ २८७ ॥

(१) मो.-कंजे कंज सुकं कजसि। (२) ए. कृ. को.--बरषन्न।
(३) ए. कृ. को.-नर। (४) मो.-मंडै को। (५) मो.-सोभत।

सखी का शशिवृता से कहना कि तू जिसका ध्यान करती थी वह आ गया, देख।

यों करंत [1]दुत्तिय बियौ। कथा श्रवन सुनि मंत॥
जाकौ तें पतिवृत्त [2]लिय। सो आयौ अलि कंत॥ छं०॥ २८८॥

शशिवृता का आँख उठाकर देखना। दोनों की आँखे मिलना।

श्रवन नयन का मेल कै। भय चंचल चल चित्त॥
श्रोताने दिष्टांन अरु। मिलि पुच्छै [3]दोइ मित्त॥ छं०॥ २८९॥

मारे लाज के कुछ बोल न सकी पर नैन की सैन से ही बात हो गई।

चंद्रायना॥ कर्न प्रयंत कटाछ सुरंग विराजही।
कछु पुच्छन कों जाहिपै पुच्छत लाजही॥
नेंन सेंन में बात सबनन सों कहै॥
काम किधों प्रथिराज भेद करिना लहै॥ छं०॥ २९०॥

नैन श्रवण का संवाद।

दूहा॥ नेंन श्रवन्नन पूछई। तुम जानैं बहु भंत॥
मेरे जीय अंदेस है। कही न मैं पिय जंत॥ छं०॥ २९१॥
श्रवनन सन नेंना कही। [4]तुम जानौ चहुआन॥
काम न्रपति कौ रूप धरि। आवत है इन थान॥ छं०॥ २९२॥

हंस ने पहुँचकर शशिवृता से कहा कि ले पृथ्वीराज शिवालय में तुझ से मिलने आ गया।

ताम हंस आयौ समषि। कह्यो अहो शशिवृत्त॥
चाहुआन आयौ प्रछन। मिलन थांन हर सित्त॥ छं०॥ २९३॥
कवित्त॥ [5]घेरि गांम जद्दव नरिंद। उभ्भे चिहु पासं॥

(१) मो.-दुद्दिय। (२) मो.-लियौ।
(३) मो.-दोय। (४) ए. कृ.-जिन। (५) ए.-घोरि

पल नंषिय रंभा सु। करन आरंभ प्रवासं॥
एक एक गुन करहि। सब्ब फूले सत पत्रं॥
तिन मध्यह शशिवृत्त। भई कम्मोदनि मंचं॥
[1]पित पुच्छि पुच्छि परिवार सब। पुच्छि बंध रज्जन सकल॥
आवृत्त तात अग्या सुग्रहि। भईय बाल बुध्या विकल॥ छं०॥ २९४॥

दूहा॥ बिकल बाल जहं सकल हुअ। बुद्धि विकल प्रति साज॥
[2]भान वचन सच्चै सुकरि। जिन अप्पी प्रथिराज॥ छं०॥ २९५॥

गाथा॥ बीरं चंद सुब्याहं। सो व्याहं जोगिनीपुरयं॥
संभरि क्रन शशिवृतं। अगम बीराइमं जनंत तयौ॥ छं०॥ २९६॥

माता पिता की आज्ञा ले शशिवृता का देवालय में जाना।

कवित्त॥ पुच्छि मात पित पुच्छि। पुच्छि परिवार ग्रेह सब॥
में वृत लियौ निवड्ड। गवरि पुज्जनं बाल जब॥
तिन थानक सब देव। नौति आरंभ व्रत लीनौ॥
तव प्रसाद उप्पनौ। मोहि इच्छा व्रत दीनौ॥
तिन काल व्रत्त लीनौ सुमैं। गवरि प्रसाद सु पुज्ज फल॥
बारंज बात तुअ मोह हुअ। कहै और अब लहि [3]अफल॥ छं०॥ २९७॥

दूहा॥ दुष देवल कौ छंडनह। उर सिंचन अंकूर॥
दीह काल बल बीचि बदि। लिय समान संपूर॥ छं०॥ २९८॥

शशिवृता के रूप का वर्णन।

बाला बेनी छोरि करि। छुट्टे चिहर सुभाइ॥
कनक थंभ तें जतरी। उरग सुता दरसाइ॥ छं०॥ २९९॥

कवित्त॥ तजि भूखन बर बाल। एक आचिज्ज उपन्नौ॥
लता हेम पर चंद। उभै षंजन ढिग चिन्नौ॥
श्रीफल उरज विसाल। बाववर भ्रंग सुपत्तौ॥
सुकि सुत रंग अरन्नि। करी भग्गावल वत्तौ॥
सोभंत उरगपति भुअ शरन। हंस मुत्ति चर [4]बर करौ॥
सुध काज चढ़ै पप्पील सुत। काम पत्तिनौ दुख डरौ॥ छं०॥ ३००॥

(१) मो.-पति। (२) मो.-तान। (३) मो.-नवल। (४) मो.-चर।

दस दासियों के साथ शशिवृता का शिवालय में आना।

दूहा ॥ ते दासी दस बाल ढिग । तिर बरने कवि चंद ॥
तिन में बाल सु सोभियै । मनों प्रथीपुर इंद ॥ छं० ॥ ३०१ ॥

शशिवृता का रूप वर्णन।

छंद चोटक ॥ मय मंजन मंडित बाल तनं । घनसार सुगंध सुघोरि घनं ॥
नव लोइन अंजित मंजि चली । कि मनो कस कुंदन षंभ हली ॥छं०॥३०२॥
सुभ वस्त्र सुअंग सुरंगनसी । सुहली मनु साष मदन्न कसी ॥
जरि जेहरि पाइ जराइ जरी । सजि भूषन नभ्भ मनौ उतरी ॥छं०॥३०३॥
सिगरी लट यों विथरी विगसें । शशि के मुख तें अहि सें निकसैं ॥
रँग रत्त उवट्टन उज्जल के । तिन में कछु सेत सुधा चलि के ॥ छं०॥ ३०४ ॥
नव राजियरोम बिराज इसी । जमना पर गंग सरस्वति सी ॥
परि पान सु कुंकम मज्जन कै । नव नीरज अंजन नैननि कै ॥ छं० ॥ ३०५॥

दूहा ॥ छुटि म्रग मद कै कांम छुटि । छुटि सुगंध की बास ॥
तुंग मनों दो तन दियौ । कंचन षंभ प्रकास ॥ छं० ॥३०६ ॥

कुंडलिया ॥ धर उप्पर कुच कनि परी । राजस तामस रंग ॥
तीजौ तिहि सत काम मिलि । सो ओपम कवि अंग ॥
सो ओपम कवि अंग । मदिन मिलि काम पतंगी ॥
चढ़त घरं संमूह । करी भइ फेरि पतंगी ॥
*बरं सिर दार बिमार । सेंभु चहुआन नाह नर ॥
गंग यमुन भारत्थ । हत्थ जोरंत सु अद्धर ॥ छं० ॥ ३०७ ॥

दूहा ॥ तिमिर बीर गवनं कुवट । चिगुन तेज रवि चास ॥
चवनित विक्रम परिस की । [1]काम ज्वाल बल हास ॥ छं० ॥ ३०८॥

कुंडलिया ॥ करि मज्जन सज्जन सुक्रम । आभूषन न समान ॥
केहं काके कोहि दिसि । सजि सषि नैन कमान ॥
सजि सषि नैन कमान । केश वागुरि विस्तारिय ॥

---

* छंद ३०७ के दोनों अंतिम पद अशुद्ध हैं। पाठ चारों प्रतियों में समान है।
(१) मो.-द्वल।

हावभाव कटाच्छ। ठुंकि षुट्टी दिय भारिय॥
बेठि नैन न्रप मूल। पेम [1]देषन गह सज्जन॥
मन मृग पिय कृत काज। ताकि बंधन किय मज्जन॥ छं०॥ ३०९॥

छंद नाराच॥ सुगंध केस पासयं। सुलग्गि मुत्ति छंडियं॥
अनेक पुप्प बीचि गुंथि। भासिता चिषंडियं॥
मनों सनाग पुप्फ जाति। तौन पंथि मंडियं॥
दुती कि नाग चंदनं। चढ़ंत दुद्ध पंडियं॥ छं०॥ ३१०॥

सिंदूर मध्य गुच्छता। म्रगंमदं विराजयं॥
मनो कि सूर उग्गतें। [2]गहे सु पुच्च लाजयं॥
सु तुच्छ सुच्छ पाट आट। पेम वाट सोभियं॥
मनो कि चदं राह वान। बे प्रमान लोभयं॥ छं०॥ ३११॥

कनक्क काम कुंडिलं। हलंत तेज उभ्भरे॥
ससी सहाइ मान भाइ। सज्जि सूर दो करे॥
दुती उपम्म बिंद की। किरन्न चंद दिट्ठयं॥
मनों कि सुर इंद गोदि। अप्प आनि विट्ठयं॥ छं०॥ ३१२॥

भुवन्न बंक संक जूअ। नैन म्रग्ग जूवयं॥
जरद्दता चपल्ल गत्ति। [3]अच्छ आनि ऊवयं॥
कटाक्ष नैन बंक संक। चित्त मान बंकयं॥
सुछंडि वै सु कुंचितं। अवन्न बान नंषयं॥ छं०॥ ३१३॥

सुगंधता अनेक भांति। चीर चारु मंडियं॥
सु केहरी कटिं प्रमान। बीच बंधि छंडियं॥
सुरंग [4]अंग कंचुकी। सुभंत गात ता जरी॥
बनाइ काम पंच बान। ओट जोट लै धरी॥ छं०॥ ३१४॥

सुरंग [5]माल लाल बाल। ता विसाल छंडयं॥
सु पुब्ब बैर जानि काम। अग्गि संभ मंडयं॥
[6]दुती उपम्म मुत्ति माल। यों विसाल ता कही॥

(१) मो.-षेदन। (२) मो.-गहंत रहे लाजयं। (३) ए. कृ. को.-अप्प।
(४) ए. कृ को.-रंग। (५) मो.-लाल माल (६) ए.-उदी

जु भारथी सु [1]गंग लै। सुमेर शृंग तें बही ॥ छं० ॥ ३१५ ॥
जराइ चौकि स्याम पाट। रत्ति पत्ति तें घुली ॥
सुरंग तिथ्थ थान मंडि। ईस शीश तें चली ॥
सुवर्न छुद्रघंटिकादि। षोडसं बषानयं ॥
